# ब्लैक बॉक्स : विमान दुर्घटनाओं के राज खोलती है ये नारंगी मशीन

अमृत विचार नेटवर्क

अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद क्रैश हुए बोइंग विमान ड्रीमलाइनर का ब्लैक बॉक्स तलाश लिया गया है। विमान हादसा क्यों और कैसे हुआ, यह जानने के लिए शुरू हुई जांच में यह ब्लैक बॉक्स अहम भूमिका अदा करेगा। विशेषज्ञों के मुताबिक ब्लैक बॉक्स की जांच करने और उसमें संग्रहीत डेटा का विश्लेषण कर हादसे की सही वजह का पता लगाने में 15 दिन से महीना भर या इससे भी ज्यादा समय लग सकता है। इस विश्लेषण से विमान हादसे की सही वजह पता लगेगा। आइए जानते हैं कि ब्लैक बॉक्स क्या होता है और कैसे दुर्घटनाओं के राज बताता है।

- **विमान दुर्घटनाओं के कारणों का पता लगाने में अहम भूमिका अदा करता है ब्लैक बॉक्स**
- **डेटा का विश्लेषण कर हादसे के कारण का पता लगाने में लग सकता है महीना भर या ज्यादा समय**




### कभी नष्ट नहीं होता टाइटेनियम का बना ब्लैक बॉक्स

ब्लैक बॉक्स के साथ सीवीआर और डीवीआर को कुछ इस तरह बनाया जाता है कि ये किसी भी परिस्थिति में सुरक्षित रहते हैं। आग और पानी का भी इन पर कोई असर नहीं पड़ता। दरअसल, इनका निर्माण बेहद मजबूत धातु टाइटेनियम से किया जाता है। ये यंत्र इस तरह डिजाइन किए जाते हैं कि आग-पानी और भारी दबाव भी सहन कर सकें और उनका डेटा भी सुरक्षित रहे। ब्लैक बॉक्स को विमान के पिछले हिस्से में रखा जाता है, जहां आमतौर पर दुर्घटना का प्रभाव कम होता है। इसमें अंडरवाटर लोकेटिंग बीकन होता है जो पानी के अंदर होने पर भी लगातार सिग्नल भेजता रहता है।

### सॉलिड स्टेट मेमोरी

ब्लैक बॉक्स में सॉलिड स्टेट मेमोरी का इस्तेमाल किया जाता है। इसे सॉलिड स्टेट ड्राइव भी कहते हैं। ये स्टोरेज डिवाइस डेटा को इलेक्ट्रॉनिक रूप से स्टोर करती है। इसमें कोई हिलने वाला हिस्सा नहीं होता है। फोरेंसिक लैब में इसके डेटा की जांच और विश्लेषण के बाद हादसे का कारण और सुझाव तैयार किए जाते हैं। इससे पायलट की गलती, तकनीकी खराबी, खराब मौसम या फिर किसी हमले के बारे में पता चलता है।

### ब्लैक बॉक्स, सीवीआर और डीवीआर

- ब्लैक बॉक्स अपने नाम से अलग नारंगी रंग की एक मशीन होती है जो उड़ान के दौरान सारी गतिविधियों को रिकॉर्ड करती है। इसमें दो महत्वपूर्ण डिवाइस होती हैं। फ्लाइट डेटा रिसर्च में विमान की गति, ऊंचाई, इंजनों की हालत, उड़ान का मार्ग और पायलट की गतिविधियां रिकॉर्ड होती हैं।
- सीवीआर यानी कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर जो पायलट और सह पायलट के बीच बातचीत के साथ सभी आवाजें रिकॉर्ड करता है। ये ब्लैक बॉक्स में ही इनबिल्ट होती है। इसका डेटा दुर्घटना का कारण स्पष्ट कर देता है। इसीलिए दुर्घटना के बाद सबसे पहले ब्लैक बॉक्स की तलाश की जाती है।
- तीसरी, डीवीआर यानी डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर। इसमें विमान में मौजूद सीसीटीवी कैमरे की फुटेज रिकॉर्ड होती है। यह किसी भी हालात में लंबे समय तक रिकॉर्डिंग करती है। इसमें कॉकपिट, पैसेंजर केबिन, आपात और बाकी सभी द्वारों पर लगे कैमरों की फुटेज शामिल होती है।

### आस्ट्रेलियाई वैज्ञानिक ने किया आविष्कार 1960 से विमानों में लगना हुआ शुरू

ब्लैक बॉक्स को विमानों में सन् 1960 के आसपास से लगाया जाना शुरू किया गया। इस महत्वपूर्ण यंत्र का औसत 5 से 6 किलो तक होता है। ब्लैक बॉक्स का आविष्कार आस्ट्रेलियाई वैज्ञानिक डेविड वॉरेन ने किया था। वैसे, वॉरेन की दिलचस्पी संगीत रिकॉर्ड करने में थी। वह मेलबर्न में एयरोनॉटिकल रिसर्च लेबोरेटरी में शोध वैज्ञानिक थे।

- कुछ विमानों में दोनों रिकॉर्डर एकीकृत होते हैं। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने अप्रैल 2025 में, विमान दुर्घटनाओं की अधिक प्रभावी जांच करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में अपने परिसर में एक फ्लाइट रिकॉर्डर प्रयोगशाला स्थापित की।
- पानी में इसका पता लगाने के लिए स्वचालित रूप से सक्रिय सिग्नलाइजेशन के साथ इसे जोड़ा जाता है। एएआईबी हादसों की विस्तृत जांच करता है और सुरक्षा सुधार के उपाय सुझाता है।
- फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर की शुरुआत डेटा रिकॉर्ड करने के लिए धातु के फ्वॉइल के इस्तेमाल से हुई और बाद में चुंबकीय टेप से बदल दिया गया। अब सॉलिड-स्टेट चिप इस्तेमाल होती है।

**आंखों से छलका अपनों को खोने का गम**









## मलबे में तब्दील विमान ... मिट्टी में मिल गए अरमान

# इन कहानियों में बस दर्द और आंसू

अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना अपने पीछे दर्द और आंसुओं से भरी तमाम कहानियां छोड़ गई है। उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद धराशायी होकर मलबे में तब्दील हुए बोइंग के ड्रीम लाइनर विमान से उठी लपटों में कितने अरमान स्वाह हो गए, दर्द भरी ऐसी तमाम दास्तानें हादसे के बाद अपने परिजनों की खबर लेने पहुंच रहे लोगों के चेहरों पर साफ लिखी नजर आ रही है। जान गंवाने वालों में कोई अपनों से मिलने लंदन जा रहा था तो कोई नौकरी और व्यवसाय के सिलसिले में। कई लोगों की यात्रा उनके परिवारों की बड़ी आस से जुड़ी हुई थी जो विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के साथ हमेशा के लिए खत्म हो गई।

## पिता से किया वादा कभी पूरा नहीं कर पाएंगी मैथिली

**मुंबई।** लंदन के लिए अपनी उड़ान में सवार होने से पहले एअर इंडिया के चालक दल की सदस्य मैथिली ने पिता मोरेश्वर पाटिल से वादा किया था कि लंदन पहुंचने पर वह उन्हें कॉल करेगी, लेकिन यही उनकी आखिरी कॉल साबित हुई। करीब 23 वर्षीय मैथिली एअर इंडिया के उस विमान के चालक दल के 12 सदस्यों में थीं जो अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।



न्हावा के पूर्व सरपंच जितेंद्र म्हात्रे ने बताया कि उनके गांव की रहने वाली मैथिली पाटिल दो साल पहले एअर इंडिया में शामिल हुई थीं। वह ओएनजीसी के एक श्रमिक ठेकेदार की बेटी थीं। मैथिली ने इस हादसे से कुछ मिनट पहले अपने पिता से फोन पर बात की थी और उन्हें आश्वासन दिया था कि लंदन पहुंचने पर वह कॉल करेगी। बताया जाता है कि विमान के दोनों पायलट सहित चालक दल के नौ सदस्य महाराष्ट्र से थे।

- **विमान के चालक दल में शामिल थीं मैथिली, पिता से लंदन पहुंचते ही फोन करने का किया था वादा**

## अंकिता के सपनों में ही रह गए वसंत पूरा न हो सका साथ रहने का अरमान

**अहमदाबाद।** विमान हादसे ने जिन लोगों के सपनों को चकनाचूर कर दिया, उनमें अंकिता पटेल और उनके पति वसंत भी हैं। हादसे ने अंकिता को वसंत से हमेशा के लिए छीन लिया।

अंकिता की पिछले साल दिसंबर में शादी हुई थी और वह 12 दिन ही पति के साथ रही। परिवार के मुताबिक अंकिता छह महीनों से वीजा प्रक्रिया पूरी करने में व्यस्त थीं। वसंत ब्रिटेन में किराना स्टोर चलाते हैं। गुजरात के मेहसाणा में रहने वाले परिवार ने बताया कि दोनों पति-पत्नी बहुत उत्साहित थे। अंकिता के माता-पिता, उसके भाई और वसंत की बहनें उसे विदा करने हवाई अड्डे आए थे। पति के साथ नई जिंदगी शुरू करने के लिए ब्रिटेन रवाना हुईं अंकिता की भी जान हादसे में चली गई।

अंकिता का शव लेने बीजे मेडिकल कॉलेज में इंतजार कर रहीं ननद आशाबेन पटेल ने कहा, उसके विमान में सवार होने के बाद हम मेहसाणा रवाना हो गए थे। हमने आधी दूरी भी तय नहीं की थी कि हमें विमान हादसे के बारे में पता चला और हम वापस आए।

- **शादी 12 दिन बाद ही लंदन चले गए पति के पास जा रही अंकिता की हादसे में चली गई जान**



लॉस एंजिलिस में एक प्रदर्शनकारी को गिरफ्तार करते कानून प्रवर्तन अधिकारी।

## अब कभी नहीं दे पाएंगे बेटे की शादी की पार्टी

**वडोदरा।** करीब 26 साल के भाविक माहेश्वरी ने दो दिन पहले गुजरात के वडोदरा में कोर्ट मैरिज की थी, क्योंकि उन्हें अपनी नौकरी पर लंदन लौटना था। भाविक के माता-पिता ने अगली बार उनके भारत आने पर उसकी शादी की खुशी में भव्य पार्टी देने की योजना बनाई थी लेकिन विमान हादसे उनकी यह ख्वाहिश हमेशा के लिए छीन ली।

भाविक बृहस्पतिवार को अहमदाबाद से लंदन जा रहे एअर इंडिया के उस विमान में सवार थे, जो हादसे का शिकार हो गया था। भाविक के पिता अर्जुन माहेश्वरी ने बताया कि उनका बेटा दो हफ्ते पहले छुट्टी पर घर आया तो परिवार ने उसकी शादी कराने का फैसला किया। वह पढ़ाई पूरी करके लंदन में नौकरी कर रहा था। भाविक ने 10 जून को परिजनों की मौजूदगी में कोर्ट मैरिज की। तय हुआ था कि कुछ समय में सारी तैयारी करने के बाद वह पत्नी को भी लंदन ले जाएगा। उन्होंने बताया कि भाविक की नवविवाहिता पत्नी उन्हें लंदन विदा करने के लिए परिवार के अन्य सदस्यों के साथ अहमदाबाद गईं। वहां से वह घर भी नहीं लौट पाई कि विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ऐसा लगा जैसे हम पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।



- **दो दिन पहले शादी कर अपनी नौकरी पर लंदन लौट रहे थे वडोदरा के भाविक**

### नहीं पूरी हुई पति का जन्मदिन मनाने की ख्वाहिश



**इंदौर।** आईटी पेशेवर 28 वर्षीय हरप्रीत कौर होरा को 19 जून को लंदन जाना था लेकिन पति का जन्मदिन साथ मनाने के लिए उन्होंने तारीख बदल दी जो विमान हादसे में उनकी मौत की वजह बन गई। हरप्रीत के चाचा ससुर राजेंद्र सिंह ने बताया कि हरप्रीत अपने पति रॉबी होरा से मिलने लंदन जा रही थी। रॉबी लंदन में एक आईटी कंपनी में काम करता है। हरप्रीत खुद भी आईटी पेशेवर थीं और बेंगलुरु में काम करती थीं। होरा ने बताया कि पहले हरप्रीत 19 जून को लंदन जाने वाली थी लेकिन 16 जून को पति रॉबी के जन्मदिन के मद्देनजर उन्होंने भारत से रवाना होने की तारीख में बदलाव करते हुए 12 जून का टिकट बुक कराया ताकि वह पति के साथ जन्मदिन मना सकें।

**भाग्यशाली भूमि**

## दस मिनट देर से पहुंचने से छूटी फ्लाइट और बच गई जान



**अहमदाबाद।** रास्ते में ट्रैफिक जाम की वजह से अहमदाबाद हवाई अड्डे पर सिर्फ दस मिनट देर से पहुंचना भूमि चौहान के लिए वरदान बन गया। इस देरी की वजह से लंदन जा रही उनकी फ्लाइट छूट गई और उनकी जान बच गई।

भूमि के अनुसार वह लंदन में नौकरी करती है और करीब डेढ़ महीने पहले ही गुजरात के अंकलेश्वर में अपने घर आई थीं। गुरुवार को वह लंदन की उड़ान पकड़ने अहमदाबाद आ रही थीं, वह अहमदाबाद समय से पहुंच गईं लेकिन शहर में जगह-जगह जाम होने के कारण उन्हें हवाई अड्डा पहुंचने में दस मिनट की देरी हो गई। हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद उन्हें अंदर नहीं जाने दिया गया।

भूमि ने काफी आग्रह किया, यह तक कहा कि अगर उड़ान छूट गई तो उनकी नौकरी चली जाएगी, लेकिन उनकी मिन्नतें नहीं सुनी गईं। वह हवाई अड्डे से निराश होकर लौट गईं। सोचा कि टिकट के पैसे भी गए और नौकरी भी जा सकती है। विमान दुर्घटनाग्रस्त होने की उन्हें जानकारी नहीं थी, लेकिन परिजनों को पता लगा तो उन्होंने घबराहट में उन्हें फोन मिलाया। इसके बाद उन्होंने ईश्वर का लाख-लाख शुक्रिया अदा किया।

## अधूरी ही रह गई लंदन जाकर बेटे-बेटी से मिलने की आस

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद निवासी पिनाकिन शाह और उनकी पत्नी रूपाबेन ब्रिटेन जाने के लिए बहुत उत्साहित थे, क्योंकि उनके 30 वर्षीय बेटे रुशाब ने हाल ही में स्कॉटलैंड के ग्लासगो शहर में एक घर खरीदा था और गृह प्रवेश समारोह का आयोजन किया था। उनकी ब्रिटेन यात्रा उनके लिए इसलिए भी विशेष थी क्योंकि लंबे समय बाद अपनी बेटी और दो नातिनों से मिलने का मौका आया था। शाह दंपती की ये सारी खुशियां विमान हादसे के साथ स्वाह हो गए। 62 वर्षीय पिनाकिन शाह अहमदाबाद में एक कंपनी में प्रबंधक थे, 58 वर्षीय रूपाबेन गृहिणी थीं। पिनाकिन शाह के भतीजे उत्सव शाह ने कहा, परिवार के सदस्य बृहस्पतिवार सुबह उनसे मिलने गए थे। उन्होंने उन्हें उनकी विमान यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। चूंकि उनमें से ज्यादातर बुजुर्ग हैं, इसलिए वे उनसे मिले, लेकिन उन्हें हवाईअड्डे पर नहीं छोड़ा। उत्सव ने कहा, उनके बेटे रुशाब ने नया घर खरीदा था। परिवार बहुत उत्साहित था क्योंकि कुवैत में रहने वाली उसकी बहन जानकी और दो बच्चे भी ब्रिटेन में रहने वाले थे। रुशाब और जानकी अलग-अलग देशों में रहते हैं, इसलिए पूरे परिवार का मिलना मुश्किल से ही हो पाता था। बताया, जानकी बृहस्पतिवार रात भारत आई और शवों की पहचान के लिए डीएनए नमूने दिए। शुक्रवार तड़के पहुंचा रुशाब सदमे के कारण बेसुध है।

## क्रिकेट के शौकीन कुंदर दोस्तों के लिए छोड़ गए रुलाने वाली यादें



**मुंबई।** दुर्घटनाग्रस्त विमान के को पायलट क्लाइव कुंदर के मित्र सदमे में हैं। उन्होंने उन्हें एक अच्छे स्वभाव वाला और क्रिकेट का शौकीन व्यक्ति बताया। कहा कि वे विश्वास नहीं कर पा रहे हैं कि उनकी मृत्यु हो गई है। टेलीविजन चैनलों पर दिखाए जा रहे दृश्य उन्हें परेशान कर रहे हैं। क्लाइव और उनका परिवार बोरीवली और फिर गोरेगांव जाने से पहले सांताक्रूज के कलिना में जेरोम अपार्टमेंट में रहते थे। पड़ोसी फ्लॉयड डिसूजा ने बताया कि पायलट बनने के अपने सपने को सफलतापूर्वक पूरा करने से पहले क्लाइव ने एक साल तक एयरोनॉटिकल इंजीनियर के तौर पर काम किया था।

## फ्लाइट अटेंडेंट रोशनी की मौत से गम में बदली शादी की खुशी



**ठाणे।** फ्लाइट अटेंडेंट रोशनी सोंघारे के जीवन में जल्द एक नया अध्याय जुड़ने वाला था। वह अगले साल मर्चेंट नेवी के एक अधिकारी के साथ शादी के बंधन में बंधने वाली थीं। परिवार ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी थीं लेकिन विमान हादसे के साथ सारी खुशी मातम में बदल गई। छब्बीस वर्षीय रोशनी इस विमान के चालक दल के सदस्यों में एक थीं। इस घटना ने ठाणे जिले के डोंबिवली कस्बे के राजाजी पथ पर रहने वाले सोंघारे परिवार को तोड़कर रख दिया है। रोशनी अपनी ड्यूटी के लिए तीन दिन पहले घर से निकली थीं। एक करीबी रिश्तेदार ने कंपकंपाती आवाज में बताया, वह इस घर की धड़कन थी। हम नवंबर में उसकी सगाई और मार्च में शादी करने वाले थे। उसके साथ बहुत बुरा हुआ।

## सदमा न ले ले जान, माता-पिता को नहीं दे सके अंजू की मौत की खबर

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले के रामसरन माजरा गांव निवासी बुजुर्ग दंपति की बेटी 55 वर्षीय अंजू शर्मा भी दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान में सवार थी। अंजू अपनी बड़ी बेटी से मिलने लंदन जा रही थीं। अब अंजू की बेटी ही अहमदाबाद पहुंच रही है।

अंजू के चाचा बालकिशन शर्मा ने बताया कि अंजू के माता-पिता को अब तक इस दुर्घटना के बारे में नहीं बताया गया है, क्योंकि परिजनों को डर है कि वे इस सदमे को बर्दाश्त नहीं कर पाएंगे। बालकिशन ने बताया कि नब्बे के दशक में अंजू की पटियाला में शादी हुई और बाद में वह वहां से वडोदरा में बस गईं। अंजू के दिवंगत पति एक इंजीनियर थे, जो तेल उद्योग में काम करते थे। अंजू के भाई मिलन शर्मा और उनकी छोटी बेटी वडोदरा में रहते हैं। अंजू पिछले महीने अपने माता-पिता के गांव आई थीं, क्योंकि कुछ समय से उनके पिता बीमार हैं। अंजू करीब दो सप्ताह तक वहां रहीं। अंजू को स्नेही और दयालु बताते हुए उनकी बहन नीलू ने कहा कि वह पूरे परिवार का आधार थीं। इस घटना ने हमें अंदर से तोड़ कर रख दिया है। गांव में रहने वाले अंजू के परिवार के कुछ अन्य सदस्यों ने बताया कि विमान दुर्घटना की खबर सुनकर वे सदमे में हैं।

- **बड़ी बेटी से मिलने लंदन जा रही थीं कुरुक्षेत्र की अंजू**

# पूरी जांच के बाद ही पता चलेगी विमान हादसे की सही वजह

## विशेषज्ञों ने कहा- अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना के कारणों के बारे में अनुमान लगाना ठीक नहीं

मुंबई, एजेंसी

विमानन उद्योग के विशेषज्ञों ने शुक्रवार को कहा कि एअर इंडिया विमान दुर्घटना की पूरी जांच से ही हादसे के कारणों का पता चल सकेगा और लोगों को उपयुक्त जांच पूरी होने तक इंतजार करना चाहिए।

एअर इंडिया के पूर्व कार्यकारी निदेशक जितेंद्र भार्गव ने कहा, यदि आप ड्रीमलाइनर के इतिहास पर नजर डालें, तो अतीत में विवादों के बावजूद इसने विमानन उद्योग में अच्छा योगदान दिया है। ड्रीमलाइनर के दुर्घटनाग्रस्त होने का यह पहला मामला है। हर बार या जब भी कोई दुर्घटना होती है तो एसओपी लागू होती हैं और यह दुर्घटना कोई अपवाद नहीं है। दुर्घटना क्यों हुई, इसकी पूरी जांच करनी होगी। मैं यह अनुमान लगाने या अटकलें लगाने का जोखिम नहीं उठाऊंगा। जांच के निष्कर्ष तक इंतजार करना चाहिए।



सरोश दमानिया एंड कंपनी के सरोश दमानिया ने कहा कि उड़ान भरने के समय ही विमान नीचे आने लगा। जहां तक फ्लैप या इंजन का सवाल है, जब तक हमें सही जांच रिपोर्ट नहीं मिल जाती, हम इस पर अटकलें नहीं लगा सकते। दमानिया ने कहा कि ब्लैक बॉक्स डेटा से पता चल जाएगा कि विमान में क्या खराबी थी, क्योंकि बोइंग 787 विमान आधुनिक युग का विमान है, जो पायलट के इनपुट के अलावा बहुत सारे सेंसर, मशीनरी और ऑटोमेशन से लैस है। इसलिए, तकनीकी रूप से या फ्लैप या इंजन के मामले में बहुत-सी गड़बड़ियां हुई हो सकती हैं। इसलिए, हमें ब्लैक बॉक्स पर जांच रिपोर्ट का इंतजार करना होगा। ब्लैक बॉक्स का डेटा हमें बताएगा कि क्या हुआ था और हादसे का वास्तविक कारण क्या था।

### विमान दुर्घटना हमारे इतिहास का सबसे काला दिन: टाटा

**नई दिल्ली/मुंबई।** टाटा समूह के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन ने विमान दुर्घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि यह कंपनी के इतिहास का सबसे काला दिन है। भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों इसके लिए सुरक्षा पर सबसे ज्यादा फोकस की जरूरत है। अपने सहकर्मियों को लिखे पत्र में उन्होंने कहा, कल जो हुआ, उससे पूरा समूह सदमे और शोक में हैं। हम जानते हैं कि एक व्यक्ति को खो देना भी एक बड़ी त्रासदी है लेकिन यहां तो एक साथ इतने लोगों की जान चली गई है। जिन लोगों ने इस दुर्घटना में अपने परिजनों को खोया है उन्हें इस हालात में शब्दों से सांत्वना नहीं मिल सकती लेकिन हमारी संवेदनाएं दुर्घटना में मारे गए और घायल लोगों के परिवारों और उनके प्रियजनों के साथ हैं।




## आज का मौसम

बादल छाए रहने और हल्की बारिश के आसार।

41.0° अधिकतम तापमान | 30.0° न्यूनतम तापमान

## शहर में आज

- उद्यान राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह रुहेलखंड विश्वविद्यालय के अटल सभागार में आयोजित गोष्ठी में शिरकत करेंगे सुबह 10 बजे।
- राज्य मंत्री संजीव कुमार गौड़ सर्किट हाउस में अफसरों के साथ बैठक करेंगे दोपहर 1 बजे।
- विश्व रक्तदाता दिवस पर आईएमए सीएच-3 में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे।
- मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में श्री राम कथा शाम 8 बजे से।
- दया दृष्टि चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से विंडरमेयर में दो दिवसीय नाटक समारोह शाम 7 बजे।

## एक नजर

### युवती के अश्लील फोटो भेजकर भाई से मांगी 10 लाख की रंगदारी

**बरेली, अमृत विचार :** एक युवक को व्हाट्सएप पर उसकी बहन का अश्लील फोटो भेजकर वायरल करने की धमकी देकर एक व्यक्ति ने 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। युवक ने थाना बिथरी चैनपुर में मोबाइल नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। युवक ने बताया कि उसके मोबाइल पर एक व्यक्ति ने कॉल करके 10 लाख रुपये की मांग की। इसके बाद उनकी बहन के फोटो एडिट करके अश्लील बना दिए और उसके व्हाट्सएप पर भेज दिए। जब आरोपी से नाम पता पूछा तो बताया कि वह सेटेलाइट बस अड्डे के पास रहता है। इसके बाद आरोपी ने कहा कि वह फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव भगवंतापुर का रहने वाला है। आरोपी ने धमकी दी है कि यदि रुपये नहीं दिए तो वह उसकी बहन के अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा।

### झूठे केस में फंसवाने की धमकी देकर मांगी रंगदारी

**बरेली, अमृत विचार :** दबंगों ने बुजुर्ग महिला के बेटे को झूठे मुकदमे में फंसवाने की धमकी देकर 50 हजार रुपये की रंगदारी मांगी। महिला की शिकायत पर थाना बारादरी पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एजाजनगर गौटिया निवासिनी शकीला ने बताया कि पीली मिट्टी सहसवानी टोला निवासी शाहिद अंसारी उनके बेटे से 50 हजार रुपये की मांग कर रहा है। रुपये न देने पर झूठे मुकदमे में फंसवाने की धमकी दी है। 9 जून को सुबह 11 बजे आरोपी शाहिद अंसारी, दानिश, आलम, समीर और निशा उनके घर में लाठी-डंडे, हॉकी और लोहे की रॉड लेकर घुस आए। आरोपियों ने उनके बेटे अशरफ को बेरहमी से पीटा, जिससे उसके पैरों में गंभीर चोटें आई हैं।

### क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की कल होगी मरम्मत

**बरेली, अमृत विचार :** जगतपुर पानी की टंकी का क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की मरम्मत रविवार को जलकल विभाग कराएगा। इसके कारण जगतपुर, एजाजनगर गौटिया, आकाशपुरम सहित नौ वार्डों के क्षेत्रों की जलापूर्ति बाधित रहेगी। जलकल विभाग के अवर अभियंता ने लोगों से अपील की है कि परेशानी से बचने के लिए पानी स्टोर कर लें।

# पाकिस्तानी महिला ने फर्जी तरीके से बनवाया राशन कार्ड और आधार कार्ड

## दरोगा सौरभ तोमर ने बारादरी थाने में महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई, थाने से मिली जमानत, दीर्घकालिक वीजा पर भारत में रह रही है फरहत सुल्ताना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** दीर्घकालिक वीजा पर रह रही पाकिस्तानी महिला फरहत सुल्ताना ने धोखाधड़ी करके आधार कार्ड और राशन कार्ड बनवा लिया। बांग्लादेशी और रोहिंग्या के तलाशी अभियान में इसका पता चला। अब महिला के खिलाफ एसआई सौरभ तोमर ने थाना बारादरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने महिला को हिरासत में लिया लेकिन पूछताछ के बाद नोटिस तामील कराकर छोड़ दिया।



पाकिस्तानी महिला फरहत।

एसआई सौरभ तोमर ने बताया कि एसएसपी के निर्देश पर शुरू किए गए रोहिंग्या और बांग्लादेशी तलाशी अभियान में पता चला कि बारादरी थाना क्षेत्र में सूफी टोला में मकान नंबर 233 में पाकिस्तानी महिला फरहत सुल्ताना दीर्घकालिक वीजा पर रह रही है। उसने धोखाधड़ी करके यहां के पता पर अपना आधार कार्ड और राशन कार्ड बनवा लिया है। फरहत ने राशन कार्ड में खुद को परिवार का मुखिया दर्शाया है। नियमानुसार कोई भी विदेशी व्यक्ति बिना नागरिकता के आधार कार्ड या राशन कार्ड नहीं बनवा सकता है। फरहत की धोखाधड़ी के कारण उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने महिला को गिरफ्तार करके पूछताछ की, तब उसने सारा सच्चाई बताई। इसके बाद पुलिस ने पूछताछ के बाद नोटिस तामील कराने के बाद छोड़ दिया।

### मां के साथ आई थी फरहत

पुलिस के अनुसार फरहत सुल्ताना अपनी मां अंजुम के साथ वर्ष 1961 में अटारी बार्डर से ट्रेन के माध्यम से भारत पहुंची थी। उस वक्त उसकी उम्र मात्र आठ वर्ष थी। तब से अब तक वह यहां ही रह रही है। मां के साथ उसकी बहन निकहत आई थीं। बारादरी के मोहल्ला सूफी टोला में उसका ननिहाल है। कुछ दिन रहने के बाद उसकी मां सुल्ताना अंजुम और बहन निकहत पाकिस्तान चलीं गईं। जबकि वह अपने नाना के पास रुक गई।

### 40 वर्ष पूर्व खालिद से किया था निकाह

फरहत सुल्ताना ने मोहल्ले के ही शाहिद खलील के साथ 1985 में निकाह किया था। उसी वक्त से वह शाहिद के साथ रह रही है। उसके चार बेटी और दो बेटे हैं। जबकि एक बेटी की मौत हो चुकी है। पांच साल पहले फरहत का पति से अलगाव हो गया। इसके बाद से शाहिद अपनी बहन के पास शाहजहांपुर में रहता है और वह अपने बच्चों के साथ रहती है।

### वर्ष 2005 से ले रही सरकारी योजनाओं का लाभ

पूछताछ में फरहत ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2005 में उसने आधार कार्ड बनवाया था। इसी आधार कार्ड का लाभ उठाकर उसने खुद को घर का मुखिया दर्शाते हुए वर्ष 2016 में राशन कार्ड बनवा लिया। तब से अब तक राशन भी ले रही है। पुलिस ने फरहत सुल्ताना की रिपोर्ट पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को भेज दी है। अब उसका राशन कार्ड निरस्त करने की तैयारी चल रही है। बताया जाता है कि उसने राशन कार्ड और आधार कार्ड कर्मचारियों से मिलकर बनवा लिया था।

> पाकिस्तानी महिला का दीर्घकालिक वीजा 13 जुलाई 2025 को खत्म हो रहा है। वीजा की अवधि समाप्त होने पर अधिकारियों के निर्देश पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।
>
> **- धनंजय पांडेय,** थाना प्रभारी बारादरी

# सीबीगंज में रातभर रहा बिजली संकट लोगों ने सबस्टेशन पर किया हंगामा

## ओवरलोड होने की वजह से ट्रिपिंग और फाल्ट की समस्या, लोहिया विहार से की आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सीबीगंज क्षेत्र में गुरुवार रातभर बिजली संकट बना रहा। बिजली कटौती की वजह सबस्टेशन पर ओवरलोडिंग बताई जा रही है। लगातार बिजली गुल होने से आक्रोशित लोगों ने सबस्टेशन पर हंगामा किया तो सुबह 4 बजे आपूर्ति बहाल हो सकी। इसके अलावा रामपुर गार्डन में 33 केवी की लाइन ब्रेकडाउन में होने से बिजली का संकट रहा। शहर के अन्य इलाकों में भी लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग से उपभोक्ता परेशान होते रहे।

गर्मी में अंधाधुंध बिजली कटौती से उपभोक्ताओं की नींद उड़ा दी है। दिन के साथ रात में भी कटौती की जा रही है। सीबीगंज सबस्टेशन गुरुवार को ओवरलोड होने से सीबीगंज, खलीलपुर रोड, स्लीपर रोड, लोहिया विहार, शिवनगर, पिंक सिटी आदि मोहल्लों में दोपहर से शाम 6 बजे तक कटौती की गई थी। उसके बाद लोहिया विहार सबस्टेशन से किसी तरह लाइन को जोड़कर आपूर्ति को बहाल कराया गया था, लेकिन रात में 8 बजे के बाद फिर से बिजली गुल हो गई। उसके बाद पूरी रात संकट बना रहा। ट्रिपिंग होने से लोग सुबह 4 बजे तक परेशान होते रहे। रात में बिजली कटौती से नाराज लोगों ने सीबीगंज सबस्टेशन पर पहुंचकर हंगामा किया। सुबह 4 बजे आपूर्ति बहाल हुई तब जाकर लोग चैन से सो सके।



सीबीगंज सब स्टेशन पर हंगामा करते लोग। ● अमृत विचार

### सिविल लाइंस क्षेत्र में आज 7 घंटे रहेगा शटडाउन

सिविल लाइंस-2 सबस्टेशन पर शनिवार को काम कराने की वजह से 7 घंटे का शटडाउन लिया जाएगा। एसडीओ जसीम अख्तर ने बताया कि 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र सिविल लाइन-2 में आने वाले सिटी स्टेशन पर काम किया जाएगा। इसकी वजह से विनायक अस्पताल के पीछे का एरिया, कुंवरपुर तलैया, कृष्णापुरी ढाल वाली मठिया ,जसोली, किला सबस्टेशन का कुछ क्षेत्र में सुबह 9 से दोपहर 4 बजे तक का आपूर्ति बाधित रहेगी।

### पानी डालकर ट्रांसफार्मर कर रहे ठंडे



बिजली की खपत बढ़ने के बाद सबस्टेशनों पर लगे ट्रांसफार्मर गर्म होने के बाद बंद हो जा रहे हैं। ट्रांसफार्मर को ठंडा करने के लिए कूलर लगाने के साथ ही पानी डाला जा रहा है। परसाखेड़ा सबस्टेशन पर लगे ट्रांसफार्मर को शुक्रवार को कर्मचारियों ने पानी डालकर ठंडा किया। एसडीओ अभिषेक कपासिया ने बताया कि ट्रांसफार्मरों पर अत्यधिक लोड होने से ट्रिपिंग और फाल्ट हो रहे हैं। बेहतर विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के लिए समय-समय पर शटडाउन लेकर ट्रांसफार्मर पर पानी डालकर ठंडा किया जा रहा है।

### पीक टाइम में अधिकारी सब स्टेशनों का कर रहे हैं दौरा

लगातार बिजली कटौती होने पर मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने अधिशासी अभियंता, एसडीओ और जेई को शाम 7 से रात 11 बजे तक सबस्टेशन पर निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। जिसके बाद अब पीक समय में अधिकारी अलग-अलग सबस्टेशन पर निरीक्षण करके बिजली आपूर्ति पर नजर रख रहे हैं। पहले दिन डयूटी से गायब रहने वाले अधिकारियों को नोटिस मिलने के बाद अब मुख्य अभियंता खुद रात में अलग-अलग सबस्टेशन पर जाकर अधिकारियों की डयूटी चेक कर रहे हैं।

इसके अलावा गुरुवार रात सुभाषनगर सबस्टेशन के अनुपमनगर, तिलक कॉलोनी, बदायूं रोड, बीडीए कॉलोनी आदि जगह पर भी लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग की समस्या रही। किला सबस्टेशन के मलूकपुर में गुरुवार पूरी रात फेस नहीं आने की समस्या रही। सनसिटी, शाहदाना, हरुनगला, जगतपुर, डेलापीर, शाहदाना सबस्टेशन से जुड़े इलाकों में भी रात में फेस नहीं आया। इज्जतनगर सबस्टेशन के टावर वाली गली में फाल्ट के चलते गुरुवार को 15 घंटे से अधिक की कटौती की गई। कुतुबखाना सबस्टेशन के सौदागरान में वोल्टेज कम और अधिक होने की शिकायत हेल्पडेस्क पर पहुंचती रही।

महानगर सबस्टेशन के वीर सावरकर नगर में भी गुरुवार रात 1 से 2 बजे तक बिजली गुल रही। किला सबस्टेशन के चौधरी मोहल्ले में रात 11 से 3 बजे तक बिजली गुल रही। रात में शाहदाना सबस्टेशन पर कोई स्टाफ नहीं होने से फाल्ट ठीक करने में समय लगा। महानगर और हरुनगला सबस्टेशन के कई इलाकों में सुबह 4 बजे फाल्ट हो गया। शुक्रवार दोपहर सिविल लाइंस और मिशन सबस्टेशन से जुड़े इलाकों में फाल्ट होने से बिजली गुल रही। दोपहर 2 बजे रामपुर गार्डन में 33 केवी की लाइन ब्रेकडाउन में होने से दो घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही।

# सुबह बूंदाबांदी से लुढ़का पारा, गर्मी से मिली कुछ राहत

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में शुक्रवार को सुबह बूंदाबांदी, बादल छाए रहने और हवाएं चलने से लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली। अधिकतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया। मौसम विभाग ने सप्ताह भर बारिश और बादल छाए रहने का पूर्वानुमान जताया है।

- **अधिकतम तापमान चार डिग्री लुढ़ककर 36.3 डिग्री सेल्सियस हुआ रिकॉर्ड**

शुक्रवार को सुबह बादल छाए रहे और फिर बूंदाबांदी हुई। इसके बाद हवा चली तो गर्मी से कुछ राहत मिली, हालांकि बाद में तेज धूप खिलने से गर्मी बढ़ गई। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 36.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.6 डिग्री सेल्सियस अधिक 29.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस दौरान हवा में नमी सुबह 56 प्रतिशत और शाम को 77 प्रतिशत दर्ज की गई।

आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि सप्ताह भर बारिश का पूर्वानुमान है। उन्होंने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से बारिश की संभावना बन रही है। इस दौरान औसतन अधिकतम तापमान 39 डिग्री और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रहने का पूर्वानुमान है। रविवार को भी बारिश की वजह से तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी।

# जिला अस्पताल में डॉक्टर पर अभद्रता का आरोप, हंगामा



डॉक्टर की अभद्रता के बाद एनआरसी के बाहर खड़े बच्चों के परिजन। ● अमृत विचार

- **परिजनों ने सीएम हेल्पलाइन पर की शिकायत, डॉक्टर पर कार्रवाई के लिए एनआरसी में ही डाला डेरा**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में शुक्रवार दोपहर 2 बजे भर्ती दो कुपोषित बच्चों को डिस्चार्ज करने के दौरान डॉक्टर और परिजनों में तीखी नोकझोंक हो गई। परिजनों ने डॉक्टर पर गालीगलौज करने का आरोप लगाया और सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत की।

सिरौली के ब्योधन खुर्द निवासी जितेंद्र की डेढ़ साल की बच्ची दर्पण को आरबीएसके की टीम ने 17 दिन पहले एनआरसी में भर्ती कराया था, तब बच्ची का वजन करीब 6 किलोग्राम था। एनआरसी में मिले इलाज से बच्ची का वजन अब 700 ग्राम बढ़ गया है। शुक्रवार को दोपहर में डॉक्टर ने जितेंद्र को बच्चे की फाइल कमरे में लाने को कहा। जितेंद्र का आरोप है कि वह जब फाइल लेकर पहुंचे तो डॉक्टर ने बिना किसी बात के उन्हें गालियां देना शुरू कर दिया। उनके साथ ही नवाबगंज के गांव पंडरा निवासी दिलशाद भी वार्ड में भर्ती अपने बेटे जोएब का डिस्चार्ज कराने के लिए गए थे लेकिन उनसे भी अभद्रता की। यहां तक कह दिया कि चुपचाप भाग जाओ यहां से वरना गांव तक नहीं छोड़ूंगा। परिजनों ने इसका विरोध किया तो उनसे भाग जाने को कहकर डॉक्टर अपने कक्ष से चले गए।

परिजनों ने बताया कि जब तक डॉक्टर पर कार्रवाई नहीं होगी तब तक वार्ड से नहीं जाएंगे। भले ही चाहें धरने पर क्यों न बैठना पड़े। स्टाफ के समझाने पर भी परिजन शुक्रवार की देर शाम तक वार्ड के बाहर इंतजार करते नजर आए। परिजनों का कहना है कि न तो डॉक्टर समय पर देखने आते हैं न ही ठीक व्यवहार करते हैं। डीपीओ मनोज कुमार ने बताया कि मामला अभी संज्ञान में नहीं है, जानकारी मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

> मामले की जानकारी होते ही तुरंत एनआरसी में पहुंच कर बच्चों के परिजनों से बात की। उन्होंने डॉक्टर के अभद्र व्यवहार के बारे में अवगत कराया। डॉक्टर से लिखित स्पष्टीकरण मांगा जाएगा और जवाब संतोषजनक न होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।
>
> **- डॉ. अलका शर्मा,** एडीएसआईसी, जिला अस्पताल

# किशोरी से छेड़छाड़ के दोषी को दो वर्ष नेकचलनी की सजा

**विधि संवाददाता, बरेली :** दस साल पहले 14 वर्षीय किशोरी से छेड़छाड़ के आरोपी थाना शाही ग्राम कलछा की गौटिया निवासी खलील अहमद को परीक्षण में दोषी पाते हुए स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट देवाशीष ने दो वर्ष नेकचलनी की सजा सुनाई। इस दौरान सदाचरण का पालन न करने पर अदालत दंडादेश सुनाएगा।

सरकारी वकील राजीव तिवारी और आलोक प्रधान ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना शाही में तहरीर देकर बताया था कि 23 मई 2014 को दोपहर 3:30 बजे उसकी पुत्री खाना लेकर गांव से उसके खोखे पर लेकर आई थी। वहां पर पहले से मौजूद खलील अहमद खड़ा था जिसने बेटी से छेड़छाड़ की। पुत्री खाना देकर वापस गांव जाने लगी और बाजार की तरफ जैसे ही पहुंची तो खलील अहमद ने बेटी को खेत में खींचकर ले जाने की कोशिश की। बेटी के साथ उसका छोटा भाई था जिसके चीखने चिल्लाने पर काफी लोग इकट्ठा हो गये। वह भी मौके पर पहुंच गए और लोगों की मदद से खलील अहमद को पकड़ लिया। खलील अहमद ने जान से मारने की धमकी दी थी। अदालत ने आरोपी को धमकी देने के आरोप से बरी कर दिया। शासकीय अधिवक्ता ने 6 गवाह पेश किये।

# मौलाना तौकीर रविवार को कलेक्ट्रेट में 10 लोगों के साथ देंगे गिरफ्तारी

**बरेली, अमृत विचार :** आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने गिरफ्तारी देने का समय और स्थान तय कर दिया है।

सौदागरान स्थित अपने आवास पर शुक्रवार को संगठन के पदाधिकारियों के साथ बैठक में उन्होंने रविवार को गिरफ्तारी देने की जगह और समय तय किया। उन्होंने एक वीडियो जारी किया जिसमें कहा है कि रविवार दोपहर 1 बजे वह अपने 10 साथियों के साथ सेठ दामोदर पार्क में जमा होंगे। इसके बाद पैदल कलेक्ट्रेट पहुंचकर गिरफ्तारी देंगे। मौलाना ने कहा कि बरेली से गिरफ्तारी की मुहिम शुरू होगी जो पूरे देश भर में चलेगी।

# पूर्वोत्तर रेलवे ने बढ़ाई ट्रेनों की रफ्तार अब 110 किमी प्रतिघंटे तक दौड़ेंगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **पीलीभीत-मझोला, भोजीपुरा-पीलीभीत समेत तीन अन्य नियमित ट्रेनों की बढ़ाई गई रफ्तार**

**अमृत विचार :** यात्रियों की सुविधा और रेल संचालन को अधिक प्रभावी बनाने के लिए पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल ने छह प्रमुख मार्गों पर ट्रेनों की गति में वृद्धि की है। अब इन रूटों पर चलने वाली ट्रेनों की रफ्तार 110 किलोमीटर प्रति घंटा तक कर दी गई है, जो पहले 60 से 80 किलोमीटर प्रति घंटा थी। इससे ट्रेनों की समय पालन दर में सुधार आएगा।

रेलवे प्रशासन के अनुसार जिन छह रूटों पर यह बदलाव किया गया है, उनमें पीलीभीत-मझोला, भोजीपुरा-पीलीभीत, मझोला-टनकपुर, बरेली सिटी-लालकुंआ, बरेली सिटी-कासगंज और पीलीभीत-शाहजहांपुर मार्ग शामिल हैं। इन सभी रूटों पर ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाने के लिए रेलवे ट्रैक, सिग्नल प्रणाली और अन्य तकनीकी संरचनाओं को पहले से अपग्रेड किया गया था। तकनीकी परीक्षणों और सुरक्षा मानकों के पूरा होने के बाद अब इन्हें तेज रफ्तार ट्रेनों के संचालन के लिए उपयुक्त माना गया है।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि इससे न सिर्फ यात्रियों को तेज और सुविधाजनक यात्रा का लाभ मिलेगा, बल्कि मालगाड़ियों के संचालन में भी लचीलापन आएगा। बरेली, पीलीभीत और आसपास के जिलों के लाखों यात्रियों को इस बदलाव से लाभ होगा, खासकर वे यात्री जो रोजाना कार्य, शिक्षा या व्यापारिक जरूरतों के लिए इन मार्गों पर सफर करते हैं। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे स्टेशन और पटरियों पर अधिक सावधानी बरतें क्योंकि अब ट्रेनें पहले से कहीं अधिक रफ्तार से गुजरेंगी।

# 17 घंटे तक की देरी से पहुंची ट्रेनें

**बरेली, अमृत विचार :** ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्रियों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। बरेली जंक्शन पर शुक्रवार को कई ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंचीं। जंक्शन पर 05302 मऊ स्पेशल 9 घंटे, 04617 अमृतसर स्पेशल 17 घंटे, 04214 अयोध्या स्पेशल पांच घंटे, 04601 फिरोजपुर स्पेशल छह घंटे और 04022 गोरखपुर स्पेशल एक घंटे की देरी से आई। 13151 सियालदह एक्सप्रेस, 12392 राजगीर श्रमजीवी सुपरफास्ट एक-एक घंटे, 14116 जनसेवा एक्सप्रेस और 12584 डबल डेकर एक घंटे 45 मिनट, 20963 अहमदाबाद एक्सप्रेस 45 मिनट की देरी से पहुंची।

# सुभाषनगर में नाले की होगी सफाई तीन दिन रहेगा ट्रैफिक डायवर्जन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **सुभाषनगर पुलिया 15 से 17 जून तक रहेगी बंद, अधिशासी अभियंता ने एसपी ट्रैफिक दी सूचना**

**अमृत विचार :** सुभाषनगर में मुख्य नाले की सफाई की जाएगी। इसके लिए सुभाषनगर पुलिया पर तीन दिनों तक ट्रैफिक डायवर्जन लागू होगा। इसके लिए अधिशासी अभियंता ने एसपी ट्रैफिक को पत्र लिखकर सूचना दी है। इसके कारण लोगों को परेशानी न हो, इसकी व्यवस्था की जाए।

सुभाष नगर पुलिया जाम होने के कारण जलभराव से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के निदान के लिए 15 से 17 जून तक पुलिया और आसपास का क्षेत्र के रास्ते बंद रहेगा और नाले की सफाई की जाएगी। इन तीन दिनों में सुभाषनगर पुलिया से शहर में आने-जाने वालों लोगों को चौपुला पुल से होकर गुजरना पड़ेगा। 15 जून की सुबह 11 बजे से ट्रैफिक डायवर्जन होगा और 17 को सफाई का काम पूरा होने तक रहेगा।

नगर निगम के अधिकारियों के मुताबिक नाला चोक होने से जलभराव से करीब करीब सवा लाख आबादी प्रभावित होती है। अधिशासी अभियंता राजी राठी ने बताया कि रेलवे जंक्शन से पटेल कोनार्क होटल होते हुए सुभाषनगर मुख्य नाले की सफाई की जाएगी। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस और थाना सुभाषनगर को सूचित कर दिया गया है।

# शिकायतों का फर्जी निस्तारण, फरियादी असंतुष्ट

## सीडीओ के स्तर से लिए गए फीडबैक में बीडीओ की मनमानी कार्यशैली हुई उजागर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **सीडीओ के निर्देश पर डीडीओ ने चार बीडीओ को नोटिस जारी कर मांगा जवाब**

**अमृत विचार :** आईजीआरएस (एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली) को लेकर शासन से लेकर जिले के आला अफसर गंभीर हैं। डीएम व सीडीओ लगातार आईजीआरएस के मामलों की लगातार समीक्षा कर पारदर्शी तरीके से निस्तारण पर जोर दे रहे हैं, मगर इसके बाद भी ब्लॉक के अधिकारी लापरवाही बरत रहे हैं।

स्थिति यह है कि कई मामलों में तो बीडीओ जैसे जिम्मेदार पदों पर बैठे अधिकारी तक फर्जी निस्तारण कर गलत आख्या लगा दे रहे हैं, इससे आईजीआरएस की रैंकिंग प्रभावित होने के साथ ही सरकार की मंशा पर विपरीत असर पड़ रहा है। कई ब्लॉकों से आईजीआरएस पर की गई शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता को परखने के लिए सीडीओ के स्तर से फीडबैक लिया गया। चार बीडीओ के लिए गए फीडबैक में तीन मामलों में पीड़ित असंतुष्ट दिखे, जबकि एक मामले में फर्जी निस्तारण का मामला पाया गया। सीडीओ देवयानी ने बीडीओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। डीडीओ दिनेश कुमार ने चार बीडीओ को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

**केस 1** आलमपुर जाफराबाद ब्लॉक क्षेत्र के शिवकुमार ने बेसहारा गोवंश को पकड़वाने की शिकायत की थी। सीडीओ के स्तर से फीडबैक में शिकायत कर्ता असंतुष्ट मिला। बीडीओ हर्षेंद्र कुमार को नोटिस जारी किया गया है।

**केस 2** मीरगंज ब्लॉक के अभय गंगवार ने गोशाला में चारा-भूसा और टिनशेड की व्यवस्था को लेकर शिकायत की। फीडबैक में शिकायतकर्ता ने असंतुष्टि जताई। पता चला कि शिकायत का फर्जी निस्तारण कर दिया गया। बीडीओ भगवानदास से स्पष्टीकरण तलब किया गया है।

**केस 3** दमखोदा ब्लॉक क्षेत्र के पंकज चौहान बेसहारा घूम रहे गोवंश को पकड़वाने की मांग की थी। फीडबैक लेने पर बताया गया कि मौके पर कोई आया ही नहीं। बीडीओ राजीव वर्मा को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

**केस 4** रामनगर ब्लॉक क्षेत्र के महेश कुमार ने गोवंश पकड़वाने के लिए आईजीआरएस पर शिकायत की थी। फीडबैक में उन्होंने कहा कि गोवंश को पकड़ा नहीं गया। असंतुष्टि जताई। बीडीओ ओमप्रकाश को नोटिस जारी किया गया है।

# आंवला में पुलिस टीम पर हमला, 14 लोगों पर रिपोर्ट

- **लड़की को भगाकर ले जाने के मामले की जांच करने पहुंची थी**

**आंवला, अमृत विचार:** गांव अलीनगर में लड़की को भगाकर ले जाने के मामले की जांच करने पहुंची आंवला थाने की पुलिस टीम पर लड़की पक्ष के लोगों ने हमला कर दिया। पुलिस ने चार महिलाओं समेत 14 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

एसआई ओमपाल सिंह ने लिखाई रिपोर्ट में बताया कि वह एक शिकायत की जांच के लिए पुलिस टीम के साथ शुक्रवार को अलीनगर गांव गए थे। वापस लौटते समय गांव के ही सुदामा पत्नी प्रेमशंकर, शीला पत्नी कल्लू, कुसमा पत्नी दामोदर, तारावती पत्नी रामस्वरूप, लक्ष्मीकांत, सुशील, हरपाल और करीब 6 अज्ञात लोगों नें लाठी डंडे के साथ उन्हे रोक लिया। वह लोग मुकदमे के मामले की लड़की को विपक्षी को देने का आरोप लगाने लगे। उन्हे समझाने का प्रयास किया। परंतु वह लोग नहीं माने और जान से मारने की धमकी देते हुए उनपर हमलावर हो गए। उन्होंने दोबारा गांव में आने पर जान से मारने की धमकी दी है। दरअसल 8 जून की रात करीब 11:30 बजे अलीनगर गांव की एक 17 वर्षीय लड़की को गांव का ही साहब सिंह, अपने भाई टेनी और सुभाष की सहायता से भगाकर ले गया था। इस मामले में पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर लड़की की तलाश कर रही है। वहीं पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न गम्भीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।




# प्राकृतिक खेती के लिए जरूरी है हर खूंटे में एक गाय

## गोसेवा आयोग के अध्यक्ष ने मंडलीय अनुश्रवण मूल्यांकन समिति की बैठक में गोवंश की बताई उपयोगिता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने कहा कि गायों से हमारी सुरक्षा है। इनका संरक्षण हमारी प्राथमिकता है। 2017 में योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रदेश में गोवंश की तस्करी रुकी है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए हर किसान के यहां खूंटे में एक गाय का होना जरूरी है। उन्होंने ये बातें शुक्रवार को सर्किट हाउस में आयोजित मंडलीय अनुश्रवण मूल्यांकन समिति की बैठक में कहीं।


अफसरों के साथ बैठक करते गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में 18 मंडल और 826 ब्लाक हैं, जिसमें बरेली का मझगवां ब्लाक की खनगवां स्थित गोशाला ने आत्मनिर्भर होने की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। यहां गाय के दूध से लेकर गोबर और गोमूत्र से भी आय की जा रही है। उन्होंने आने वाले समय में गोशाला को नंबर वन बनाने के लिए अफसरों को निर्देश दिए। अधिकारियों से कहा कि गोशालाओं को जाने वाले रास्ते खराब होने की शिकायतें अधिक हैं। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सड़कें सही कराने के निर्देश दिए। उपाध्यक्ष महेश कुमार शुक्ला ने जिन गोशालाओं में सीसीटीवी नहीं लग पाए हैं, उन गोशालाओं में शीघ्र कैमरे लगवाने और इसकी निगरानी के मंडलायुक्त, जिलाधिकारी और सीडीओ को निर्देश दिए। सदस्य रमाकांत उपाध्याय ने गोशालाओं में गायों को गर्मी से बचाव के लिए ताजा पानी, टीन शेड, जूट के बोरे आदि की व्यवस्था दुरुस्त रखने को कहा। राजेश सिंह सेंगर ने सभी सीवीओ से गोशालाओं का सप्ताह में एक बार निरीक्षण करने और डीएफओ को गोशालाओं में पौधरोपण कराने के निर्देश दिए।

सदस्य दीपक गोयल, विधायक बरखेड़ा स्वामी प्रवक्ता नन्द, मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल, अपर निदेशक पशुपालन विभाग डा. एमपी सिंह, सीडीओ देवयानी, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, डीएफओ दीक्षा भण्डारी, एसपी सिटी मानुष पारीक आदि उपस्थित रहे। बैठक से पूर्व गोसेवा आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों ने नवाबगंज के ग्राम अधकटा नजराना, तहसील सदर के ग्राम महेशपुर और मझगवां के ग्राम खनगवां और शेरगढ़ के शरीफ नगर स्थित गोशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### पहले एक व्यक्ति पर दो गाय, आज उलट है स्थिति

अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने कहा कि बरेली मंडल की आबादी करीब डेढ़ करोड़ है। इनमें किसानों की संख्या 15 से 18 लाख है। जबकि गायों की संख्या महज 9 .36 लाख के करीब है। इस हिसाब से प्रति दो व्यक्ति पर एक गाय है। जब देश आजाद हुआ था उस समय प्रति व्यक्ति के पास दो गाय हुआ करती थीं। कहा कि हर किसान के पास गाय का होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि गाय पालन से किसानों की आय तो बढ़ेगी ही साथ ही पीढ़ियां भी सुधर जाएंगी।

- कहा- प्रदेश में बरेली पहला जिला, जहां से आत्मनिर्भर गोशाला की हो चुकी है शुरुआत

# पांच महीने में 96 बच्चे मलेरिया से ग्रसित मिले

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 33 बच्चों की उम्र पांच साल से भी कम
- अब तक 247 मलेरिया रोगी आ चुके हैं सामने

**अमृत विचार :** मलेरिया से ग्रसित बच्चों की संख्या बढ़ रही है। जिला अस्पताल के मलेरिया वार्ड में ऐसे बच्चे भर्ती हो रहे हैं। शुक्रवार को भी मलेरिया से ग्रसित बच्चा वार्ड में भर्ती हुआ। पांच महीने में 96 बच्चों में मलेरिया की पुष्टि हो चुकी है।

जिला मलेरिया विभाग के अनुसार इस वर्ष जनवरी से अब तक जिले में मलेरिया के कुल 247 नए मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें 6 से 14 साल तक कुल 63 बच्चों में जानलेवा मलेरिया की पुष्टि हुई है। 33 ऐसे बच्चे भी मलेरिया की चपेट में आए, जिनकी उम्र पांच साल से भी कम थी।

> बीते वर्षों की तुलना में मलेरिया के मामलों में गिरावट है। हालांकि इस वर्ष मलेरिया के मरीजों में बच्चों की संख्या अधिक है। लोगों से अपील है कि मलेरिया से बचाव की गाइडलाइन का सख्ती से पालन करें। - **सत्येंद्र सिंह,** जिला मलेरिया अधिकारी

**11 साल की बच्चा मलेरिया ग्रसित :** शाही गांव निवासी 11 वर्षीय आर्यन को कई दिनों को बुखार आ रहा था। परिजन पास के ही एक डॉक्टर से इलाज करा रहे थे।

लेकिन शुक्रवार को सुबह उसकी हालत गंभीर हुई तो परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां लक्षण होने पर जांच कराई गई, जिसमें वह मलेरिया से ग्रसित मिला है। उसे मलेरिया वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है।

## शिक्षकों का अवकाश न बढ़ाने का विरोध

**बरेली, अमृत विचार :** अत्यधिक गर्मी और हीट वेव के कारण अब प्रदेश भर के परिषदीय विद्यालय 16 जून के बजाय 1 जुलाई से खुलेंगे, लेकिन शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को नियमित रूप से स्कूल में उपस्थित होकर अन्य कार्य करने होंगे। प्राथमिक शिक्षक संघ के शिक्षक नेता हरीश बाबू शर्मा ने कहा शासन का यह फैसला अव्यवहारिक है, जब छात्र नहीं होंगे तो शिक्षक क्या करेंगे।










# उद्योगों की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव रहेंगे समर्पित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आम सभा एवं सम्मान समारोह में बोले आईआईए के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल
- चैप्टर चेयरमैन मयूर धीरवानी ने कहा- सदस्य से राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना गर्व की बात है



कार्यक्रम में मौजूद राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल, मेयर उमेश गौतम, विधायक संजीव अग्रवाल, डॉ. राघवेंद्र शर्मा, प्रो. श्याम बिहारी लाल व अन्य।

**अमृत विचार :** आईआईए के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने कहा कि एमएसएमई की समस्याओं का समाधान कराना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उद्यमियों को किसी तरह की समस्या नहीं होने दी जाएगी। औद्योगिक इकाइयों को बढ़ाने के लिए प्रयास करेंगे। ज्यादा से ज्यादा उद्योगों को लगाने की कोशिश रहेगी। उन्होंने यह बातें शुक्रवार रात शहर के एक होटल में आईआईए की ओर से आयोजित आम सभा एवं सम्मान समारोह में कहीं।

बोले कि, लघु उद्योगों की समस्याओं के समाधान के लिए भी वे सदैव समर्पित रहेंगे और इससे पहले उद्योगों के हितों को लेकर किए जा रहे कार्यों को आगे बढ़ाते रहेंगे। चैप्टर चेयरमैन मयूर धीरवानी ने कहा कि संस्था के लिए यह गर्व की बात है कि कोई सदस्य राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद तक पहुंचा है। यह राष्ट्रीय अध्यक्ष के किए गए सेवा भाव और संस्था के प्रति समर्पण का नतीजा है, जिसकी बदौलत उन्हें यह जिम्मेदारी मिली है। मेयर डॉ. उमेश गौतम ने कहा कि दिनेश गोयल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से पूरा भरोसा है कि बरेली में औद्योगिक इकाइयों को और गति मिलेगी। नए उद्योग लगने की उम्मीद है। फरीदपुर विधायक प्रो. श्याम बिहारी लाल ने कहा कि, पहली बार ऐसा हुआ है जब बरेली से किसी को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। यह गर्व की बात है। बिथरी चैनपुर विधायक राघवेंद्र शर्मा और कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने भी विचार रखे। सचिव रजत मेहरोत्रा ने संस्था की ओर से किए गए कार्यों का ब्यौरा पेश किया। तनुज भसीन, उन्मुक्त सम्भव शील, डॉ. मनीष शर्मा ने संस्था के सफर पर प्रकाश डाला। संचालन पीयूष अग्रवाल ने किया। इससे पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष और मंडलीय चेयरमैन विमल रिवाड़ी को सीईसी सदस्य बनने पर जोरदार स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल, संस्था के कोषाध्यक्ष सलिल बंसल, नीरज गोयल, रवि खंडेलवाल, रवि नेमानी, रवि अग्रवाल, विनोद ग्रोवर, मनीष गर्ग, सुरेश सुंदरानी, मनोहर लाल धीरवानी, एसके सिंह, सतीश अग्रवाल, पीयूष कुमार अग्रवाल, धनंजय विक्रम सिंह, ऋषभ दीक्षित, राकेश धीरवानी, मनोज पंजाबी, शेखर अग्रवाल, राजीव आनंद, मो. आरिफ समेत बरेली के अलावा शाहजहांपुर के भी चैप्टर के कई सदस्य मौजूद रहे।



आईआईए के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल का स्वागत करते बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल, डॉ. विनोद पागरानी व अन्य।

## सफाई कर्मचारियों ने नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**बरेली, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय संयुक्त सफाई कर्मचारी संघ ने शुक्रवार को नगर आयुक्त संजीव मौर्य को पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंप कर समस्या के निदान की मांग की है। नगर आयुक्त ने समाधान का आश्वासन दिया है। कर्मचारी संघ ने बताया है कि संविदा सफाई कर्मचारियों को ईएसआई, ईपीएफ का लाभ नहीं मिल रहा है। मांग की कि कर्मचारियों को वर्दी, महंगाई भत्ते का एरिया का भी लाभ दिलाया जाए। राजेन्द्र समदशी, राजीव सिंह, राजेश भाई, देवदास चौहान, प्रदीप कठेरिया, शिवा कठेरिया, भगवत शरण, गोलू, तरुण गौतम, सुरेंद्र कुमार, सोमपाल, इन्तजार, केके पटेल, पंकज रत्नाकर, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

## बरसों से जमे सचिवों का तबादला

**बरेली, अमृत विचार :** ब्लॉकों में लंबे समय से तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम विकास अधिकारियों (सचिवों) का शुक्रवार को तबादला कर दिया गया है। सचिवों में कोई एक ही जगह पर तीन साल तो कोई पांच से आठ साल से तैनात था।

डीडीओ दिनेश कुमार ने बिथरी चैनपुर में तैनात ग्राम विकास अधिकार अजय वंश को भुता, अजय कुमार को शेरगढ़ से रामनगर, राजीव सिंह को भदपुरा से नवाबगंज, अतुल सक्सेना को फतेहगंज पश्चिमी से भोजीपुरा, ब्रजेश कुमार को भुता से भदपुरा, ओमेंद्र कुमार को बहेड़ी से मीरगंज, पीयूष कांत गौतम को मीरगंज से फतेहगंज पश्चिमी, सुरेंद्र पाल को भुता से मझगवां, स्वेता को फतेहगंज पश्चिमी से मीरगंज, विजय सिंह को फरीदपुर से भुता, विश्वजीत सिंह को आलमपुर जाफराबाद से क्यारा ब्लॉक में नई तैनाती दी है। इसी तरह से डीपीआरओ कमल किशोर ने ग्राम पंचायत अधिकारी मो. अमजद को नवाबगंज से दमखोदा, इमरान अली को फरीदपुर से भुता, शिखर गुप्ता को बिथरी चैनपुर से भोजीपुरा, अजय कुमार को मझगवां से आलमपुर जाफराबाद, गजेंद्र पाल को मीरगंज से बिथरी चैनपुर, काजल को नवाबगंज से भोजीपुरा, राहुल राना को शेरगढ़ से फतेहगंज पश्चिमी, शेर सिंह को फतेहगंज पश्चिमी से क्यारा और पुष्पेंद्र सिंह को नवाबगंज से शेरगढ़ ब्लॉक नई तैनाती दी गई है।

**सहायक विकास अधिकारी डीपीआरओ कार्यालय से संबद्ध**

डीपीआरओ कमल किशोर ने आलमपुर जाफराबाद ब्लॉक में तैनात सहायक विकास अधिकारी रामकुमार उपाध्याय के 30 जून को सेवानिवृत्त होने की वजह से अपने कार्यालय में संबद्ध कर लिया है। इसके अलावा सहायक विकास अधिकारी शशांक सक्सेना की प्रशासनिक आधार पर भोजीपुरा से आलमपुर जाफराबाद ब्लॉक में तैनाती की गई है।

# संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करने वाले अफसरों के नाम तय किए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जून से दिसंबर तक होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस में तिथिवार अफसर नामित

**अमृत विचार :** संपूर्ण समाधान दिवस में अध्यक्षता करने वाले अफसरों के नाम तय कर दिए गए हैं। डीएम की ओर से जारी आदेश में डीएम, सीडीओ, एडीएम प्रशासन, एडीएम वित्त एवं राजस्व, एसडीएम कब-कब अध्यक्षता करेंगे, इसके लिए दिसंबर तक के लिए नामित कर दिया गया है। इन तिथियों पर लोग पहुंचकर अफसरों से अपनी समस्या बता सकते हैं।

आदेश के अनुसार डीएम अविनाश सिंह आंवला तहसील में 5 जुलाई, 4 अक्टूबर, फरीदपुर में 19 जुलाई, 18 अक्टूबर, नवाबगंज में 2 अगस्त, 1 नवंबर, मीरगंज में 16 अगस्त, 15 नवंबर, सदर तहसील में 6 सितंबर, 6 दिसंबर, बहेड़ी में 21 जून, 20 सितंबर, 20 दिसंबर को संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करेंगे। सीडीओ देवयानी मीरगंज में 5 जुलाई, 4 अक्टूबर, बहेड़ी में 19 जुलाई, 18 अक्टूबर, आंवला में 2 अगस्त, 1 नवंबर, फरीदपुर में 16 अगस्त, 15 नवंबर, मीरगंज में 6 सितंबर, 6 दिसंबर, नवाबगंज में 21 जून, 20 सितंबर, 20 दिसंबर को अध्यक्षता करेंगी।

एडीएम प्रशासन की अध्यक्षता में बहेड़ी में 5 जुलाई, 4 अक्टूबर, मीरगंज में 19 जुलाई, 18 अक्टूबर, फरीदपुर में 2 अगस्त, 1 नवंबर, नवाबगंज में 16 अगस्त, 15 नवंबर, बहेड़ी में 6 सितंबर, 6 दिसंबर, आंवला में 20 सितंबर, 20 दिसंबर को संपूर्ण समाधान दिवस होगा। इसी तरह से एडीएम फाइनेंस की अध्यक्षता में नवाबगंज में 5 जुलाई, 6 अक्टूबर, आंवला में 19 जुलाई, 18 अगस्त, मीरगंज में 2 अगस्त, 1 नवंबर, बहेड़ी में 16 अगस्त, 15 नवंबर, नवाबगंज में 6 सितंबर, 6 दिसंबर, फरीदपुर में 20 सितंबर, 20 दिसंबर को संपूर्ण समाधान दिवस होगा। एडीएम न्यायिक की अध्यक्षता में फरीदपुर में 5 जुलाई, 4 अक्टूबर, नवाबगंज में 19 जुलाई, 18 अक्टूबर, बहेड़ी में 2 अगस्त, 1 नवंबर, आंवला में 16 अगस्त, 15 नवंबर, फरीदपुर में 6 सितंबर, 6 दिसंबर, मीरगंज में 21 जून, 20 सितंबर, 20 दिसंबर को संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित होंगे।


## सार-संक्षेप

### निजीकरण के विरोध में 22 को लखनऊ में महापंचायत





**बरेली, अमृत विचार :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने निजीकरण के विरोध में 22 जून को लखनऊ में महापंचायत करने का फैसला लिया है। इसमें ऊर्जा मंत्री और पॉवर कारपोरेशन प्रबंधन का विरोध किया जाएगा। इसमें किसानों, आम उपभोक्ताओं और सामाजिक संगठनों के राष्ट्रीय नेता सम्मिलित होंगे। इससे पहले शुक्रवार को मुख्य अभियंता कार्यालय में समिति के पदाधिकारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। समिति के संयोजक विपुल शुक्ला ने ऊर्जा मंत्री की ओर से निजीकरण के पक्ष में दिए गए बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि संघर्ष समिति ने 22 जून को लखनऊ में बिजली महापंचायत में ऊर्जा मंत्री को आमंत्रित करते हुए कहा है कि वह आकर बिजली कर्मियों, किसानों और आम उपभोक्ताओं को बिजली के निजीकरण का लाभ समझाएं तो बेहतर होगा। ऊर्जा मंत्री ने बयान में ग्रेटर नोएडा और आगरा में बिजली के निजीकरण की प्रशंसा करते हुए कहा है कि आगरा और ग्रेटर नोएडा में निजीकरण के बाद बहुत सुधार हुआ है। निजीकरण के विरोध में शुक्रवार को भी प्रदर्शन में विपुल शुक्ला, हरीश कुमार, सत्येन्द्र चौहान आदि मौजूद रहे।

### महानगर अध्यक्ष बने मोहम्मद हसीब



**बरेली, अमृत विचार :** राष्ट्रवादी पसमांदा मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की महानगर की इकाई का शुक्रवार को गठन किया गया। प्रदेश महासचिव शारिक अब्बासी ने बताया कि महानगर अध्यक्ष मोहम्मद हसीब, तारीक कुरैशी और नासिर अंसारी को महानगर उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा अदनान मियां को महानगर महासचिव, आसिफ को महानगर संगठन मंत्री, शोएब अली को महानगर मीडिया प्रभारी, वासिफ मिर्जा, जहीर अहमद, नजीर मियां, फुरकान सलमानी, शाहरुख अब्बासी को महानगर सचिव बनाया गया है। शारिक अब्बासी ने बताया हमें पसमांदा समाज को जागरूक करके मजबूत करना है। जिन लोगों को जिम्मेदारियां सौपी हैं, उनसे उम्मीद करते हैं कि वे अपनी जिम्मेदारियां पर खरे उतरेंगे। इस मौके पर शोएब अली, अदनान मियां, भूरा अब्बासी, शफातुल्लाह, वासिफ मिर्जा, मोहम्मद आसिफ अल्वी, शाहरुख अब्बासी, फुरकान सलमानी आदि लोग मौजूद रहे।

### कीर्तन दरबार का हुआ आयोजन



**बरेली, अमृत विचार :** गुरु तेग बहादुर साहिब के शहीदी पर्व और गुरु हरिगोबिन्द साहिब के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में शुक्रवार को गुरु गोबिंद सिंह नगर मॉडल टाउन में कीर्तन दरबार का आयोजन हुआ। इस मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने बोर्ड परीक्षा में 90 फीसदी से अधिक प्राप्त करने वाले 12 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। पंथ प्रसिद्ध ढाढी जत्था सुखनिन्दर सिंह, दरबार साहिब अमृतसर साहिब से आए रागी शुभदीप सिंह आदि ने कीर्तन गायन से संगत को निहाल किया। मालिक सिंह कालड़ा, गुरदीप सिंह बग्गा, राजेंदर सिंह, राना प्रताप सिंह, अमन दीप सिंह, बलविंदर सिंह, गुरमीत सिंह, मनदीप सिंह, रंजीत सिंह बग्गा, चंदर मोहन खन्ना आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### जय जगन्नाथ पर जमकर झूमे भक्त



**बरेली, अमृत विचार :** सिकलापुर स्थित स्वामी जगन्नाथ मंदिर में वृंदावन से आए कथावाचक शशांक भारद्वाज ने भजनों की प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने जय जगन्नाथ, जय जगन्नाथ, जय जगन्नाथ प्रभु की जय हो, जय रघुनंदन जय सियाराम, जानकी वल्लभ सीताराम आदि भजन सुनाए। कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, संस्था के महामंत्री अनुज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राकेश गार्गिया, विकास अग्रवाल, विनोद अरोड़ा, शिव चावला, समित अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### डू नॉट फियर, भरतमुनि इज हियर का मंचन 14 व 15 को



**बरेली, अमृत विचार :** दया दृष्टि चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से विंडरमेयर ग्रांट की शुरुआत हुई है। इसके तहत राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) नई दिल्ली के कलाकारों ने नाटक डू नॉट फियर, भरतमुनि इज हीअर तैयार किया है, जिसका मंचन विंडरमेयर थिएटर में 14 और 15 जून को होगा। शुक्रवार को विंडर मेयर थियेटर में आयोजित प्रेसवार्ता में ट्रस्ट के सदस्यों ने बताया कि इस नाटक की कहानी रचनात्मक है। एरियल स्टंट्स, हास्यस्पद, चुटीले व्यंग्य से सजा यह नाटक थिएटर के विकास पर बात करता है। कहानी के लेखक शायोन सरकार व अदिति अरोड़ा हैं। मंच पर शायोन सरकार के साथ जीतू राभा, सरस, अदिति और सलीम एनएसडी से प्रस्तुति देंगे। रंग विनायक रंगमंडल की टीम में दानिश खान, अजय, अनुष्का, मोहसिन, भूपेंद्र मंधन भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। डॉ. ब्रजेश्वर सिंह, मुशाहिद, दानिश व अन्य मौजूद रहे।

### संगोष्ठी में योग के महत्व को बताया



**बरेली, अमृत विचार :** एसआरएम राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय में योग-ज्ञान और अनुभव का संगम विषय पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। डॉ. निधि गुप्ता ने व्याख्यान देते हुए कहा कि मनुष्य अपने जीवन में योग के अभ्यास से अनुभव और ज्ञान के माध्यम से जीवन में शांति, संतुलन और आनंद प्राप्त कर सकता है। अध्यक्षता प्रो. डीएन शर्मा व निर्देशन प्राचार्य प्रो. डीके मौर्य ने किया। डॉ. वंदना अन्य शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।

### मोती मियां निजामी के कुल शरीफ में मांगी अमन की दुआ



**बरेली, अमृत विचार :** आनंद विहार कालोनी गेट स्थित मोती मियां मुर्तजा हुसैन निजामी की दरगाह पर शुक्रवार शाम कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। सुबह फजर की नमाज के बाद दरगाह पर संदल पेश किया गया। उसके बाद रजा कॉलोनी, सीबीगंज, महेशपुर, किला छावनी आदि जगह से जायरीन जुलूस की शक्ल में दरगाह पर चादर लेकर पहुंचे। दिनभर दरगाह पर चादरपोशी का सिलसिला चलता रहा। दोपहर में फनकार आरिफ नियाजी ने महफिल-ए- समा की महफिल सजाई। खानकाह निजामिया के सज्जादनशीन पाशा मियां नियाजी ने कुल शरीफ की रस्म अदा कराई। देश में अमन चैन और भाईचारे की दुआ मांगी गई। मीडिया प्रभारी वसी अहमद वारसी ने बताया कि शनिवार को शाम 6 बजे गौस अली शाह जलाली उर्फ कोड़ा शाह बाबा के कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी। इस दौरान दरगाह शाहदाना वली के मुतावल्ली अब्दुल वाजिद खां नूरी, जावेद हुसैन, सुल्तान चौधरी, वसी अहमद, रिजवान नियाजी, सलमान शम्शी, शादाब कुरैशी, इब्राहिम निजामी, इसरार नियाजी, कामरान हुसैन, मिर्जा फुरकान नियाजी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### आईएमए में आज लगेगा वृहद रक्तदान शिविर



**बरेली, अमृत विचार :** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) शनिवार को विश्व रक्तदाता दिवस पर वृहद स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन करेगा। आईएमए अध्यक्ष डॉ. आरके सिंह ने शुक्रवार को आईएमए स्थित सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि शिविर में मुख्य अतिथि इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल रहेंगे। लोगों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में शिविर में आकर रक्तदान करें। सभागार में शिविर की शुरुआत सुबह 10 होगी, जो अपराह्न 3 बजे तक चलेगा। बताया कि आपके रक्तदान करने से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है। आईएमए ब्लड बैंक की निदेशक डॉ. अंजू उप्पल, डॉ. पारुल, डॉ. जेपी सेठी, आईएमए की पीआरओ डॉ. शालिनी माहेश्वरी मौजूद रहीं।


सातवीं पुण्यतिथि



स्व. हसमुख देवी
14.06.2018

आपके जाने से अधूरे रह गये अरमान,
ज़िंदगी में अकेलपन मंजिल भी नहीं आसान।
हम फिर भी चल रहे हैं मन में यही माने,
आप हमें संभाल रही हो पल-पल हाथ थामे।
आज ही के दिन हम सबको छोड़कर पंचतत्व में विलीन हो गयी थी। हम सब आपको आपकी सातवीं पुण्यतिथि पर सजल नयनों से श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं तथा आपके आदर्शों के प्रति सदा समर्पित रहने का संकल्प लेते हैं।

आपकी स्मृति की वेदना में
महेश पाल सिंह (पति), कुसुम लता यादव (भाभी)
सुरेश चन्द्र यादव-रीता रानी यादव (दामाद-पुत्री)
पुष्पेन्द्र यादव-विनीता यादव (दामाद-पुत्री)
हरेन्द्र सिंह यादव-प्रीति यादव (भतीजा-भतीजबहु)
यजुवेन्द्र यादव-दीक्षा यादव (भतीजा-भतीजबहु)
धीरेन्द्र सिंह यादव-लक्ष्मी यादव (भतीजा-भतीजबहु)
धर्मवीर यादव-रंजना यादव (भतीजा-भतीजबहु)
धर्मपाल सिंह यादव-कशिश यादव (भतीजा-भतीजबहु)
पायल (भांजी) अमित यादव, माधव यादव (पौत्र) काव्यांजलि यादव, नाव्यांजलि यादव उर्फ प्रतिष्ठा, अपूर्वा यादव (पौत्री) एवं समस्त परिवार।
सम्बन्धी एवं मित्रगण पता :- 631, नारायण सिंह यादव निवासी जितौर, नेकपुर, बरेली


# प्रैक्टिकल न कराने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई करेगा रुविवि

## विश्वविद्यालय ने शिकायतों के बाद शुरू की नई व्यवस्था, कमियां बताने को जारी किया व्हाट्सअप नंबर और ईमेल आईडी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने शिक्षकों की प्रैक्टिकल न कराने और अंतिम समय में शेड्यूल बदल देने की शिकायतों पर नई व्यवस्था लागू कर दी है। अब परीक्षकों का आवंटन स्वचलित प्रक्रिया के माध्यम से करना शुरू किया है। इसके अलावा प्रैक्टिकल में असहयोग करने वाले शिक्षकों की सूची तैयार की जा रही है। उनके विरुद्ध भविष्य में अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है।



विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी कॉलेजों में एनईपी 2020 से आच्छादित पाठ्यक्रमों की प्रयोगात्मक और मौखिकी परीक्षाओं के लिए परीक्षकों का आवंटन अब पूर्णतया स्वचलित प्रक्रिया के माध्यम से किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में मानवीय योगदान शून्य रहेगा। विश्वविद्यालय ने कॉलेजों और शिक्षकों को होने वाली असुविधा के लिए 8979806606 व्हाट्सएप नंबर और ईमेल आईडी जारी की है। इन पर अपनी असुविधाओं को भेजा जा सकता है।

परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि विश्वविद्यालय कॉलेजों की ऐसी सूची तैयार कर रहा है जो विश्वविद्यालय की ओर से प्रैक्टिकल के लिए आवंटित शिक्षकों से संपर्क नहीं करते हैं और ऐसे शिक्षकों की भी सूची तैयार की जा रही है जो विश्वविद्यालय के दिए गए प्रयोगात्मक परीक्षा संबंधी कार्य नहीं कर रहे हैं या समय पर नहीं कर रहे हैं या अंतिम समय में अस्वीकार कर दे रहे हैं।

इन्हें भविष्य में परीक्षा संबंधी कार्यों में न लगाए जाने पर विचार किया जा रहा है। परीक्षा संबंधी अति आवश्यक कार्यों में सहयोग न किए जाने पर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई भी प्रस्तावित की जा सकती है।

### 20 जून से होंगी बीसीए-बीबीए की परीक्षाएं

बीसीए ओल्ड कोर्स द्वितीय, चतुर्थ और षष्टम सेमेस्टर की मुख्य एवं बैक परीक्षाएं 20 जून से शुरू होकर 5 जुलाई तक चलेंगी। इसके अलावा बीबीए ओल्ड कोर्स की मुख्य एवं बैक परीक्षाएं 20 जून से 3 जुलाई तक होंगी। बीकॉम फाइनेंस द्वितीय, चतुर्थ और षष्टम सेमेस्टर की परीक्षा 20 जून से 1 जुलाई तक होगी। पीजीडीसीए और पीजीडीसीपी द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा 25 से 28 जून तक होंगी। एमएसडब्ल्यू द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा 20 से 28 जून तक होगी। वहीं एमलिब द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा 25 से 30 जून तक और बिलिब द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा 25 से 27 जून तक होगी।

### 25 जून तक बढ़ाई प्रैक्टिकल की तारीख

रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने वार्षिक प्रणाली परीक्षा वर्ष 2024-25 स्नातक, परास्नातक और व्यावसायिक पाठ्यक्रम के प्रैक्टिकल कराने की तिथि 25 जून तक बढ़ा दी है। 25 जून के बाद किसी भी दशा में अंक स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

# बैडमिंटन : अंडर-13 में स्वरित और कनिष्का बने चैंपियन

## अंडर 11 और 15 वर्ग के भी हुए फाइनल, आज अंडर 17, 19 के फाइनल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** स्पोर्ट्स स्टेडियम के बहुद्देशीय हाल में अंकित चतुर्वेदी मेमोरियल डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन चैंपियनशिप के दूसरे दिन शुक्रवार को सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेले गए। बालक एकल 11 वर्ष के फाइनल मैच में शुभ सिंघल ने मनप्रीत को 21-06, 21-09 से हराकर खिताब अपने नाम किया। बालक एकल 13 वर्ष के फाइनल में स्वरित सिंह मलिक ने देवाशीष को 21-13, 21-15 से हराकर खिताब जीता। वहीं बालिका एकल 13 वर्ष के फाइनल मैच में कनिष्का जोशी ने अनविशा साहना को 21-15, 21-09 से हराकर जीत हासिल की।

इसके अलावा बालक एकल 15 वर्ष में पहले सेमीफाइनल में कैरव चौधरी ने आराध्य कौशिक को और दूसरे सेमीफाइनल में यश चन्द्रा ने अग्रिम दीक्षित को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में कैरव चौधरी ने यश चन्द्रा को कड़े मुकाबले से हराकर खिताब अपने नाम किया।




स्पोर्ट्स स्टेडियम में बैडमिंटन मैच खेलते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

बालक एकल 17 वर्ष के सेमीफाइनल में युवराज जोशी ने अस्मित सिंह को और दूसरे सेमीफाइनल में अमन सिंह ने रजत कुमार को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। बालक एकल 19 वर्ष के सेमीफाइनल में अमन सिंह ने शौर्य कुमार दुबे को और दूसरे सेमीफाइनल में युवराज ने रक्षित सोलंकी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

पुरुष एकल के सेमीफाइनल में विशाल सिंह ने अमन सिंह को और दूसरे सेमीफाइनल में नमन गांधी ने सचिन पाल को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। महिला एकल के पहले सेमीफाइनल में ईशा सिंह ने काव्या को कड़े मुकाबले में हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में अदिति ने नेहा को हराकर फाइनल में जगह बनाई।

इस दौरान जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष डीएल खट्टर, उपाध्यक्ष राकेश टंडन, एडवाइजर जेडए खान, आरएसओ जितेन्द्र यादव, गौरव भसीन, विष्णु शंकर शर्मा, स्टेट अम्पायर राम औतार सिंह, हरीश छावड़ा, देवेन्द्र थापा, हिमांक सिंह आदि उपस्थित रहे। जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव अनिल मेहरोत्रा ने बताया शनिवार को बचे हुए इवेंट के फाइनल मैच खेले जाएंगे और सभी विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

## शिक्षक ने छात्रावास में जबरन घुसने की कोशिश की, मारपीट

**बरेली, अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर के मैत्रीय बालिका छात्रावास के बाहर एक असिस्टेंट प्रोफेसर ने मंगलवार देर रात हंगामा किया। आरोप है कि नशे में धुत शिक्षक ने पहले तेज आवाज में हॉर्न बजाया और फिर गेट न खुलने पर जबरन छात्रावास में घुसने की कोशिश की। छात्राओं की आपत्ति पर जब गार्ड ने हॉर्न बजाने से मना किया तो उसके साथ हाथापाई की। गार्ड की मौखिक शिकायत के बाद मामला खुल गया।

मैत्रेयी बालिका छात्रावास में मंगलवार रात 11:45 बजे एक असिस्टेंट प्रोफेसर अपनी साथी असिस्टेंट प्रोफेसर को लेने के लिए पहुंचे। असिस्टेंट प्रोफेसर ने बहुत देर तक महिला प्रोफेसर के छात्रावास से बाहर नहीं आने पर तेज आवाज में हॉर्न बजाना शुरू कर दिया और जबरन अंदर घुसने की कोशिश की तो गार्ड ने रोका तो उसके साथ हाथापाई की। बुधवार को गार्ड ने इस संबंध में विश्वविद्यालय के अधिकारियों को मौखिक शिकायत की है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने पूरे मामले में जांच के लिए कैमरे की रिकॉर्डिंग देखना शुरू कर दी है। आश्वासन दिया है कि जल्द इस संबंध में कार्रवाई की जाएगी।

# योग को जीवन में करें धारण : डॉ. अशोक



रुहेलखंड मेडिकल कॉलेज में बोलते प्रो चांसलर डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल।

**बरेली, अमृत विचार :** रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हास्पिटल में शुक्रवार को योगा 'एक ऐसा उपकरण, जो जीवन में सब कुछ दे सकता है' विषय पर जानकारी दी गई।

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के प्रो चांसलर डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल ने यूनिवर्सिटी से जुड़े सभी कॉलेजों के अध्यापकों और छात्रों को योग को अपने जीवन में धारण करने के प्रेरित किया। उनको बताया कि योग हमारे जीवन के लिए बेहत उपयोगी है। योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक शक्तिशाली उपकरण है, जो तनाव को कम करने, लचीलापन बढ़ाने और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद करता है।

प्रधानाचार्य डॉ. दिग्विजय सिंह और सभी विभागों के चिकित्सक उपस्थित रहे।


ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :- 7906732664 9897885429 8445507002

MAHARAJA AGRASEN MAHAVIDYALAYA, BAREILLY
Affiliated to MJP Rohilkhand University, Bareilly MJPRU Registration Free
ADMISSION OPEN For Session 2025-26
M.Sc. (Physics, Chemistry Mathematics, Botany, Zoology)
B.Ed. | P.G.D.C.A. | B.Ed. | M.Com. | M.A.
B.Sc. (Biotechnology) | B.Sc. (PCM/ZBC) | BCA | BBA | B.A.
B.Sc. (Home Science) | B.Com. | B.Com. (Hons.)
Campus : 11th Km. Bareilly-Lucknow Road, Near Transport Nagar, Bareilly
9012937191, 9690002586

JYOTI COLLEGE of Management Science & Technology
Estd. 2000
NAAC B+ Accredited College
B.Sc. Nursing
M.Sc. Nursing
P.B.B.Sc. Nursing
College Code: 2430244
M.Ed.
B.Ed
G.N.M.
A.N.M.
D.P.T.
D.R. Optometry
D.M.L.T.
D.Pharma
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420


# रक्तदान...ये रिश्ता जिंदगी बचाने का

अंकित चौहान, बरेली

**अमृत विचार :** अक्सर ऐसे मामले सामने आते हैं कि अस्पताल में मरीज भर्ती करने पर पता चलता है कि शरीर में खून की भारी कमी है, तुरंत मरीज को खून चढ़ाने की आवश्यकता पड़ेगी, ऐसे में सगे संबंधी ब्लड डोनेट करने के नाम पर कतराते हैं, कई तो फौरन अस्पताल से चले जाते हैं, मगर कुछ ऐसे भी महादानी हैं, जिनका मरीजों से कोई रिश्ता नाता नहीं है, लेकिन सालों से रक्तदान कर मरीजों को जीवनदान दे रहे हैं। कुछ परिवार ऐसे हैं, जिनमें मां बाप ही नहीं उनके बच्चे भी रक्तदान कर रहे हैं।



रक्तदान करती डॉक्टर।

- मां बाप के साथ बच्चे भी बने महादानी, हर तीन माह में कर रहे रक्तदान
- स्वास्थ्य कर्मी संजीव ड्यूटी के दौरान रक्त देकर कई मरीजों की बचा चुके जान

**आईएमए के फैमिली डोनर बने मिसाल :** आईएमए ब्लड बैंक की निदेशक डॉ. अंजू उप्पल के अनुसार तमाम ऐसे डोनर हैं, जो कि वर्षों से बैंक आकर रक्तदान कर रहे हैं। लेकिन सात ऐसे परिवार हैं, जिनमें माता पिता के बाद अब उनके बच्चे भी नियमित रूप से आकर रक्तदान कर रहे हैं, आईएमए प्रबंधन ने इन्हें फैमिली डोनर घोषित कर दिया है। इनमें बिहारीपुर निवासी धीरज वैश्य, पत्नी अर्चना वैश्य और बेटा नमन वैश्य, डोहरा रोड निवासी संजय गर्ग, पत्नी डॉ. वैतरणी गर्ग और बेटा विशाल विराज गर्ग, दुर्गेश पटेल, पत्नी शकुंतला पटेल और बेटी अनुदीप पटेल के साथ चार अन्य परिवार शामिल हैं।

### तीमारदार को रोते देखा तो रक्तदान करने पहुंच गए



बात करीब दो साल पहले की है, जिला अस्पताल में तैनात स्वास्थ्य कर्मी संजीव शर्मा इमरजेंसी वार्ड से बाहर निकल रहे थे। ब्लड बैंक के बाहर एक युवक रो रहा था, उन्होंने युवक से बात की तो उसने बताया कि बेटा भर्ती है, ब्लड ग्रुप ओ निगेटिव है और बैंक में इस ग्रुप का ब्लड नहीं है। संजीव ने युवक को चुप कराया और बताया कि उनका ग्रुप ओ निगेटिव है, परेशान न हो, फौरन ब्लड बैंक में जाकर ब्लड डोनेट किया और युवक को दे दिया। संजीव ने बताया कि वह हर तीन से चार माह में रक्तदान करते हैं। कहते हैं कि दूसरों की मदद करने से उन्हें सुकून मिलता है।

### खुद रक्तदान कर दूसरों को कर रहे प्रेरित



शहर के सुभाष नगर निवासी सत्यम द्विवेदी करीब चार सालों से रक्तदान कर रहे हैं। सत्यम ने बताया कि वह जब भी अपने दोस्तों या फिर रिश्तेदारों के साथ होते हैं तो उन्हें रक्तदान से होने वाले फायदे के प्रति जागरूक अवश्य करते हैं। बताया कि हमारी एक कोशिश से अगर एक से दो लोग भी रक्तदान के लिए आगे आएं तो समझ लें कि उनके द्वारा किए गए रक्तदान से कई जरूरतमंदों की जिंदगी बच सकती है।

# करिए रक्तदान... बचाइए लोगों की जान

विश्व रक्तदाता दिवस

- रक्तदान करने के लिए कम लोग आ रहे आगे, गंभीर मरीजों की जान बचाने का संकट
- जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में ए निगेटिव व एबी निगेटिव यूनिट का ब्लड शून्य

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है, मगर जितना डोनेशन होता है, उसकी तुलना में ब्लड की मांग ज्यादा है। ऐसे में लोगों को रक्तदान के लिए आगे आने की जरूरत है, क्योंकि आपके एक यूनिट ब्लड से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है।

जिला अस्पताल की ब्लड बैंक में 2025 में जनवरी से अप्रैल तक कुल 1225 यूनिट एकत्र हुआ। जबकि 1224 मरीजों को ब्लड यूनिट की सप्लाई दी गई। इनमें 400 ऐसी यूनिट शामिल हैं, जिसमें मरीज की हालत गंभीर होने पर बिना डोनर के ही ब्लड दिया गया। शुक्रवार को ब्लड बैंक में कुल 54 यूनिट ब्लड मौजूद था। ए निगेटिव और एबी निगेटिव यूनिट का ब्लड शून्य था। सूत्रों के अनुसार इन दोनों ग्रुपों का ब्लड मार्च से उपलब्ध नहीं है।

**कौन कर सकता है रक्तदान :** अगर आपकी उम्र 18 वर्ष से अधिक या 65 से कम है और हीमोग्लोबिन स्तर 12.5 ग्राम/ डीएल है तो आप भी ब्लड डोनेट कर सकते हैं। पहली बार ब्लड डोनेट करने वालों की उम्र 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए। गर्भावस्था और स्तनपान कराने जैसी कुछ स्थितियों को छोड़कर महिलाएं भी रक्तदान कर सकती हैं।

### आईएमए ब्लड बैंक संजीवनी से कम नहीं

आईएमए ब्लड बैंक प्रदेश की अग्रणी बैंक है, यहां कई जांचों के बाद ही मरीज को ब्लड दिया जाता है। नैक टेस्टेड ब्लड होता है। जिले में किसी भी सरकारी या गैर सरकारी अस्पताल में भर्ती मरीज को ब्लड की आवश्यकता होने पर अधिकांश को आईएमए ब्लड बैंक से ब्लड दिया जाता है। निदेशक डॉ. अंजू उप्पल के अनुसार बीते साल आईएमए ब्लड बैंक में 48 हजार महादानियों ने रक्तदान किया। इसके सापेक्ष 98 हजार मरीजों को बैंक से ब्लड यूनिट मुहैया कराई गईं। वहीं, बैंक में 136 थैलेसीमिया के मरीज पंजीकृत हैं, जिन्हें बिना डोनर के निशुल्क ब्लड सालों से दिया जा रहा है।

### नियमित रक्तदान के फायदे

शरीर में खून बनने की प्रक्रिया तेज होती है, रक्तदान से पहले जांच में शरीर की स्थिति पता चलती है, खून की जांच में एचआईवी, एचवीएसजी, एचसीवी, वीडीआरएल, मलेरिया का पता चलता है। इनकी रिपोर्ट निगेटिव होने पर ही रक्त का उपयोग किया जाता है। पॉजिटिव मिलने पर रिपोर्ट की गोपनीयता बरकरार रखते हुए रक्तदाता को इसकी जानकारी दी जाती है।

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें।


वर्ष 1988 से खुसरो मैमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित
खुसरो कॉलेज
स्लीपर रोड सी.बी.गंज, बरेली
फोन 7417587162, 8923928009
Courses Offered:
B.A., B.Sc, B.Com, B.B.A, BCA, M.Com, M.Sc (Chemistry, Physics, Zeology, Botony, Mathematics) M.A. (English, Hindi, Economixs Sociology, Political Science Urdu, Eucation, History)
नोटः- इस वर्ष आधी फीस पर प्रवेश
I.T.I. - Fitter, Electrician, Copa, Welder



खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
पंजी. सं. 19706
डॉ. एम. अहमद (BUMS)
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामिया मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693 9837338306


# पुलिस फरियाद नहीं सुन रही तो कोई आवास और राशन के लिए परेशान

- शिकायतों के समाधान के नोडल बने डीडीओ के पास पहले दिन आईं 70 शिकायतें

**बरेली, अमृत विचार :** ग्रामीण विकास से जुड़ी समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के लिए नोडल अधिकारी बनाए गए डीडीओ दिनेश कुमार के पास पहले दिन शुक्रवार को खूब शिकायतें आईं। कोई पुलिस सुनवाई न होने से परेशान है तो किसी ने राशन कार्ड, आवास न मिलने की दिक्कतें बताईं। डीडीओ ने पीड़ितों को समस्याओं के समाधान का भरोसा दिया।

ग्रामीण विकास से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए सीडीओ ने डीडीओ दिनेश कुमार को नोडल अधिकारी नामित करते हुए उनका सीयूजी नंबर जारी करा दिया है। पहले दिन शुक्रवार को डीडीओ के पास सुबह छह बजे ही शेरगढ़ क्षेत्र से फोन आ गया। इसके बाद किसी ने कहा कि जमीन के मामले में उसकी सुनवाई नहीं हो रही है।

> कार्यालय में हेल्प डेस्क बनाई जा रही है। लोग सुबह 10 से शाम पांच बजे तक फोन कर सकेंगे। शिकायत सुनने के लिए प्रशासनिक अधिकारी की नियुक्ति होगी। शिकायतों को संबंधित विभाग के अधिकारियों के वाट्सएप नंबर पर भेजकर सात दिन में निस्तारण का समय दिया जाएगा। **-दिनेश कुमार,** डीडीओ

पुलिस सुनती नहीं है तो किसी ने कहा कि उनके पास आवास नहीं है। राशन कार्ड नहीं बना है। इस तरह से करीब 70 शिकायतें पूरे दिन भर में आईं। डीडीओ ने इन शिकायतों का समाधान कराने के लिए रजिस्टर बनवा दिया है। समाधान के लिए संबंधित विभाग को शिकायतें भेजी जाएंगी।

# फेसबुक पर बहन बनकर युवती ने दो लाख ठगे

## युवक की शिकायत पर थाना बिथरी चैनपुर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर कराया निवेश

**अमृत विचार :** फेसबुक पर एक युवती ने युवक से बहन का रिश्ता बनाकर दो लाख रुपये की ठगी कर ली। युवक ने एसएसपी कार्यालय में शिकायती पत्र दिया। एसएसपी के निर्देश पर थाना बिथरी चैनपुर पुलिस ने युवती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सिविल लाइंस निवासी प्रमोद कुमार ने एसएसपी कार्यालय में शिकायत की कि फेसबुक पर उनकी जान पहचान फरीदाबाद हरियाणा निवासी मिताली गुप्ता से हुई थी। बातचीत के बाद मिताली ने कहा कि उसका कोई भाई नहीं है। तब दोनों एक दूसरे से भाई और बहन कहकर बातचीत करने लगे। एक दूसरे के व्हाट्सएप नंबर भी दोनों ने ले लिए।

इसके बाद मिताली ने उससे कहा कि भविष्य के लिए क्या सोचा है, तब उसने कहा कि अभी कुछ नहीं सोचा है। इस पर मिताली ने ट्रेडिंग करने का तरीका बताया।

मिताली ने प्रमोद को बताया कि वह इंटरनेशनल ट्रेडिंग करती है। जिसमें अच्छा लाभ है। भरोसा करके प्रमोद ने स्वीकृति दे दी। इसके बाद मिताली के भेजे गए लिंक पर आधार कार्ड अपलोड करके रजिस्ट्रेशन करा दिया।

रजिस्ट्रेशन के बाद उन्होंने 50 हजार रुपये जमा कर दिए। इसके बाद उनके खाते में उसी दिन 6 हजार रुपये का लाभ दिखाकर पैसे डाल दिए। इसके बाद उन्होंने 51 हजार रुपये निकाल लिए। भरोसा होने के बाद प्रमोद ने 1.50 लाख रुपये और जमा कर दिए। मिताली के कहने पर दोबारा 50 हजार रुपये ट्रेडिंग कर दिए।

इसके बाद आरोपी लगातार मुनाफा के आंकड़े उन्हें भेजती रही। जब उन्होंने एक लाख रुपये निकालने की कोशिश की तो रुपये नहीं निकले, तब उसने मिताली से संपर्क किया तो मिताली ने एक लाख रुपये और जमा करने को कहा। इस पर उन्हें ठगी का एहसास हुआ तो एसएसपी कार्यालय में शिकायत की। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने मिताली गुप्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# बरेली के व्यापारी से कोलकाता की फर्म ने 14 लाख ठगे

- व्यापारी ने ओमान चीनी भेजने के लिए फर्म को दिए थे एडवांस, किला थाने में रिपोर्ट दर्ज

**बरेली, अमृत विचार :** किला के एक व्यापारी से कोलकाता की एक फर्म ने 14 लाख रुपये की ठगी कर ली। व्यापारी ने फर्म से चीनी खरीदने के लिए 14 लाख रुपये एडवांस दिए थे। यह चीनी ओमान जानी थी। व्यापारी की शिकायत पर किला पुलिस ने कंपनी के मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। छिपी टोला निवासी आसिफ रिजवी ने बताया कि उनकी एजे ग्लोबल इम्पोर्ट एक्सपोर्ट की कंपनी है। वह विदेश में चावल, चीनी, तेल आदि सामान भेजते हैं। अगस्त 2023 में ओमान से उन्हें 130 मीट्रिक टन चीनी का आर्डर मिला था। इसके लिए उन्होंने कोलकाता की कंपनी के भानुमति क्रिएटिव के मालिक तारकनाथ दास से संपर्क किया। संपर्क होने के बाद उन्होंने तारकनाथ को 130 मीट्रिक टन चीनी का 14 लाख रुपये अग्रिम भुगतान ऑनलाइन कर दिया था। तारकनाथ ने रुपये मिलने के बाद 19 अगस्त को चीनी देने का वादा किया था, लेकिन 10 दिन तक चीनी नहीं मिली। इसके बाद तारकनाथ टालमटोल करता रहा। दिसंबर में वह कोलकाता गए और तारकनाथ से संपर्क किया तो तारकनाथ ने रुपये वापस करने का वादा किया था, लेकिन वापस नहीं किए। फोन करने पर भी किसी तरह का जवाब नहीं दिया। इसके बाद पीड़ित ने एसएसपी अनुराग आर्य को शिकायती पत्र दिया। एसएसपी के निर्देश पर किला पुलिस ने आरोपी तारकनाथ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Admission Open
Session 2025-26
Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)

Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)


# पति पर बेटे को गोद देने का दबाव बनाने का आरोप

- युवक ने धर्म परिवर्तन कर युवती से किया था निकाह
- किला थाने में पति समेत छह पर रिपोर्ट दर्ज

**बरेली, अमृत विचार :** हुसैन बाग की युवती से शाहजहांपुर के तिलहर थाना क्षेत्र के गांव बिहारीपुर मुड़िया निवासी युवक ने प्रेम विवाह कर लिया। नूर सबा के परिजनों के कहने पर युवक ने मुस्लिम धर्म अपनाकर अपना नाम बदल लिया लेकिन अब युवक अपने बेटे को अपनी भाभी को गोद देना चाहता है, जिसका युवती विरोध कर रही है। युवती ने पति तैमूर समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

हुसैन बाग निवासिनी नूर सबा ने बताया कि दो साल पहले तिलहर थाना क्षेत्र के गांव बिहारीपुर मुड़िया निवासी आकाश उसे बहला फुसलाकर ले गया था। परिजनों ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस पर आकाश ने मुस्लिम धर्म अपनाकर अपना नाम तैमूर रख लिया। इसके बाद दोनों का निकाह हो गया। निकाह के बाद उनका एक बेटा हुआ, जिसका नाम उस्मान रखा। अब तैमूर बेटे को अपनी भाभी को गोद देना चाह रहा है। इसके लिए वह पत्नी पर लगातार दबाव बना रहा है। विरोध करने पर तैमूर के परिजन उस पर दहेज का दबाव बनाने लगे और बच्चे को भी जान से मारने की धमकी देने लगे। एसएसपी से शिकायत के बाद दोनों का मामला परिवार परामर्श केंद्र पहुंचा, लेकिन तैमूर वहां भी नहीं पहुंचा। इसके बाद नूर सबा ने थाना किला में तहरीर देकर तैमूर, उसकी मां कल्पना, ननद नीलम, सोनी, जेठ अर्जुन और जीतू के खिलाफ थाना किला में रिपोर्ट दर्ज कराई है। नूर सबा ने बताया कि तैमूर उर्फ आकाश उससे उसकी ममता को छीनने का प्रयास कर रहा है।

## सूदखोर और बैंक मैनेजर के खिलाफ शिकायत

**बरेली, अमृत विचार :** कैन्टोनमेंट बोर्ड के सफाई कर्मचारी को कर्जा निपटाने के लिए लोन दिलवाने का झांसा देकर सूदखोर ने अपने जाल में फंसा लिया। इसके बाद बैंक मैनेजर से सांठगांठ कर खाली वाउचरों पर हस्ताक्षर करवाकर मनचाही रकम निकाली और विरोध करने पर जान से मारने की कोशिश की। पीड़ित ने एडीजी जोन से मामले की शिकायत की है। एडीजी ने जांच का आदेश दिया है। सदर बाजार नई कालोनी निवासी सुभाष ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बड़ी बेटी के बीमार होने पर 2014 में पैसा उधार लिया था। अधिक ब्याज के कारण कर्ज अधिक हो गया। इसी बीच कुदेशिया फाटक निवासी व्यक्ति से जान पहचान हो गयी। उसने कहा कि उसका भाई बैंक में मैनेजर है और तुम्हारा लोन करवा दूंगा, सारा कर्जा निपट जाएगा। उसका वेतन खाता खुलवा दिया और तीन लोन उसके नाम से जारी करवा दिये जिसमें से उसे केवल दो लोन की जानकारी थी, तीसरे लोन को आरोपियों ने आपस में बांट लिया। दोनों खाली वाउचरों पर साइन करवाकर मनचाही रकम भरकर निकाल लेते हैं और उसे अपनी मर्जी से कभी एक या दो हजार रुपये दे देते हैं। 10 जून को अपनी पत्नी माता, पुत्री के साथ ब्रांच गया और मैनेजर को अपनी परेशानी बतायी तो उसने भी गालीगलौज कर जातिसूचक शब्द कहे। रात 9 बजे आरोपी अपने तीन साथियों के साथ घर आया और गालीगलौज और मारपीट की। सीने पर तमंचा रखकर जान से मारने की नियत से फायर किया जो मिस हो गया।

# मृतक आश्रित में लेखपाल मनीष कश्यप की पत्नी को मिली नौकरी



लेखपाल की पत्नी को नियुक्ति पत्र देते डीएम अविनाश सिंह। ● अमृत विचार

- नवंबर 2024 में अपहरण करने के बाद लेखपाल की कर दी गई थी हत्या

**बरेली, अमृत विचार :** फरीदपुर तहसील में तैनात लेखपाल मनीष चंद्र कश्यप की पत्नी को मृतक आश्रित में नौकरी मिल गई है। शुक्रवार को डीएम अविनाश सिंह ने कार्यालय में मनीष की पत्नी जमुना देवी को लेखपाल की नौकरी का नियुक्ति पत्र दिया। नियुक्ति पत्र लेने के दौरान लेखपाल की पत्नी की आंखें भर आईं।

27 नवंबर 2024 को घर से ड्यूटी करने के निकले लेखपाल मनीष चंद्र कश्यप की फिरौती के लिए कुछ लोगों ने अपहरण करने के बाद गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। लापता होने के 19 दिन बाद बुखारा-फरीदपुर मार्ग पर मिर्जापुर गांव में नमामि गंगे प्लांट के पास तालाब के पास से खोपड़ी, कुछ हड्डियां और कपड़े बरामद किए थे। पुलिस के ढुलमुल रवैये को लेकर गुस्साए परिजनों ने कलेक्ट्रेट से लेकर तहसील तक जमकर हंगामा काटा था। मृतक की पत्नी को नौकरी, मुआवजे और आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग को लेकर कई दिनों तक लेखपालों ने हड़ताल की थी। शुक्रवार को डीएम अविनाश सिंह ने मृतक लेखपाल की पत्नी जमुना देवी लेखपाल के पद पर नियुक्ति का पत्र दिया। उत्तर प्रदेश सेवाकाल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियमावली के तहत सातवें वेतन आयोग की संस्तुति के तहत अस्थाई नियुक्ति दी गई। इस दौरान एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह मौजूद रहीं।

## तीन मोबाइल चोर किए गिरफ्तार

**बरेली, अमृत विचार :** चेकिंग के दौरान थाना सुभाषनगर पुलिस ने तीन मोबाइल चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी के 13 मोबाइल और तमंचा और कारतूस बरामद हुए है। पुलिस ने आरोपियों को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। दरोगा विनय बहादुर सिंह ने बताया कि गुरुवार रात बीडीए कॉलोनी गेट के पास चेकिंग के दौरान इज्जतनगर के मुंशीनगर निवासी गौरव, राज कश्यप और छोटी बिहार का शिवम साहू को गिरफ्तार किया है।


Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)
- M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
- M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)

ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)

Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)

Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

BIU College of Management
- M.H.A. (2 Years)
- M.P.H. (2 Years)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)


# सार-संक्षेप

## विमान हादसे में जान गंवाने वालों को दी श्रद्धांजलि



**बरेली, अमृत विचार :** शिया समुदाय ने मोहल्ला जखीरा के इमामबाड़ा मरहूम ज़ुर्रियत हुसैन काजमी में अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में जान गंवाने वालों को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी। दुआ की गई कि इस दुख की घड़ी में मृतकों के परिजनों को इस असहनीय पीड़ा को सहने की हिम्मत दे। ऑल इंडिया गुलदस्ता ए हैदरी के मीडिया प्रभारी शानू काजमी के नेतृत्व में मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान सफदर अली काजमी, अजादार काजमी, मेहंदी हसन, कुमैल हसन, काजिम काजमी, माहिरा काजमी आदि मौजूद रहे।

## कैंडल जलाकर मृत यात्रियों को दी श्रद्धांजलि



**बरेली, अमृत विचार :** अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में मारे गए गए यात्रियों की आत्मा की शांति के लिए सपा कार्यालय पर शुक्रवार देर शाम प्रार्थना की गई। कैंडल जलाकर मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान कैंट विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी अनुराग पटेल ने कहा कि विमान दुर्घटना दिल दहलाने वाली है। दुख की इस घड़ी में पार्टी की संवेदनाएं शोकाकुल परिवारों के साथ है। महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी, पूर्व जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव, राजेश अग्रवाल, दीपक शर्मा, राजेश मौर्या, राम प्रकाश यादव, रोहित राजपूत, मो. वसीम, नाजिम कुरैशी, अशोक यादव, राशिद पठान, रमन, भूपेंद्र सिंह, राशिद खान आदि मौजूद रहे।

## प्राथमिक शिक्षक संघ ने निकाला कैंडल मार्च



**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने शुक्रवार को डीडीपुरम में कैंडल मार्च निकालकर अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार ने कहा कि यह दुर्घटना बहुत ही हृदय विदारक है। पूरा देश इस घटना से स्तब्ध है। मंडलीय मंत्री केसी पटेल, जिला मंत्री बलवीर सिंह, कोषाध्यक्ष योगेश गंगवार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेमपाल, उपाध्यक्ष मनोज गंगवार, जिला संयुक्त मंत्री तपन सिंह मौर्य, जिला संगठन मंत्री मोर किशोर मौर्य, भानुप्रताप, हरीश गंगवार, सूरज गंगवार, ऋषि कुमार आदि मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों ने मृतकों को दी श्रद्धांजलि



**बरेली, अमृत विचार :** एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों ने अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि दी। शुक्रवार को कॉलेज प्रांगण में आयोजित शोक सभा में प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डॉ.एमएस बुटोला ने हादसे को बेहद दुखद बताया। उन्होंने कहा कि हादसे का शिकार विमान में सवार यात्री तो हुए ही, साथ ही बीजी मेडिकल कॉलेज के दो दर्जन से ज्यादा विद्यार्थी भी विमान की चपेट में आकर जान गंवा बैठे। एसआरएमएस गुड लाइफ की डायरेक्टर ऋचा मूर्ति, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. आरपी सिंह, डीन पीजी डॉ.रोहित शर्मा, डीन यूजी डॉ.बिंदु गर्ग, डीएसडब्ल्यू डॉ.क्रांति कुमार आदि मौजूद रहे।

## सक्षम संस्था ने शहीद स्मारक पर दी श्रद्धांजलि



**बरेली, अमृत विचार :** सक्षम संस्था के अध्यक्ष एएल गुप्ता व अन्य पदाधिकारियों ने विमान हादसे में मारे गए लोगों को शहीद स्मारक डीडीपुरम पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मोमबत्ती जलाकर शोक व्यक्त किया। ब्रज प्रांत आयाम प्रमुख वेद प्रकाश, किरन, प्रीति सक्सेना, विजय कपूर साहब, अविनाश सक्सेना, संजय सक्सेना, पंकज सक्सेना, रचना सक्सेना, एपी गुप्ता, वीके सक्सेना, निर्भय सक्सेना, अमित बिंदु आदि मौजूद रहे।

## नए मुख्य कारखाना प्रबंधक ने लिया चार्ज

**बरेली, अमृत विचार :** रेल कारखाना इज्जतनगर में नए मुख्य कारखाना प्रबंधक धर्मेश कुमार खरे ने शुक्रवार को चार्ज ग्रहण किया और कारखाना का गहन निरीक्षण किया। उन्हें एनई रेलवे मजदूर यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने कर्मचारियों की समस्याओं से संबंधित 16 सूत्री ज्ञापन दिया जिसमें कारखाना इज्जतनगर की समय और उपस्थिति को गोरखपुर के समान किया जाए, जूनियर इंजीनियर एवं टेक द्वितीय की पदोन्नती, वेल्डर को वर्दी का भत्ता, सेफ्टी शू का भुगतान, कैंटीन में खानपान की गुणवत्ता, अन्य विभागों में चयन के लिए एनओसी, सामग्री की कमी, पंखों एवं शुद्ध पेयजल के लिए आरओ, अप्रेंटिस को सही भत्ते का भुगतान, कार्य स्थल एवं शौचालय की सफाई इत्यादि प्रमुख मांगे रखीं। यूनियन के केंद्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष वीएन सिंह ने बताया कि मुख्य कारखाना प्रबंधक से सकारात्मक वार्ता हुई है। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष परवेज अहमद, ओम प्रकाश, अनुराग शुक्ला, गोविंद पोडवाल, सचिन सक्सेना, राजवीर मीणा, आबिद, बाबूलाल मीणा, सर्वेश, एके अग्निहोत्री, रामसनेही, राजधर शर्मा आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### झूठी शिकायत से परेशान डॉक्टर ने की शिकायत

**रिठौरा, अमृत विचार :** गांव मुंडिया अहमदनगर निवासी पशु चिकित्साधिकारी डॉ. धीरज पाल गंगवार राजकीय पशु चिकित्सालय सेंथल में तैनात हैं। आरोप है थाना हाफिजगंज के गांव फैज्जुललापुर के अजीत कुमार पाठक आए दिन पशु चिकित्सालय में आकर अपने गौवंशीय पशु के लिए वे दवाएं मांगते हैं, जिसे विभाग भेजता ही नहीं है। मना करने पर झूठी मुख्यमंत्री पोर्टल पर पशुओं का इलाज न करने की शिकायत कर लगातार परेशान कर रहा है। पीड़ित ने बताया एक बार उन्होंने 2400 की दवाएं शहर से लाकर दे दीं। लेकिन उसका भुगतान नहीं किया गया। परेशान डॉ ने मामले की थाना हाफिजगंज में लिखित शिकायत कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### कोचिंग पढ़ने गई छात्रा से शिक्षक ने की छेड़छाड़

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव की अनुसूचित जाति की छात्रा है रोज कोचिंग पढ़ने पड़ोस के गांव में जाती है। वहीं पर गुरुवार को जब वह कोचिंग पढ़ने गई तो शिक्षक वीरपाल ने उससे छेड़छाड़ की। छात्रा के शोर मचाने पर आरोपी जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। शुक्रवार को जब छात्रा कोचिंग पढ़ने नहीं गई तो घर वालों ने पूछा इस पर वह रोने लगी और घर वालों को पूरी जानकारी दी। इस पर उसके पिता ने पुलिस को नामजद तहरीर दी जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### तमंचे के बल पर छीनी किशोर की बाइक-मोबाइल

**नवाबगंज, अमृत विचार :** बदमाशों ने तमंचे के बल पर बाइक चलाना सीख रहे किशोर की बाइक और मोबाइल छीनकर भाग गए। किशोर के दादा ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम जासपुर निवासी जितिन (14) गुरुवार शाम 4 बजे ग्राम के पास ही कच्चे रास्ते पर बाइक चलाना सीख रहा था। इसी बीच एक बाइक से तीन लोगों ने उससे ग्राम जासपुर का रास्ता पूछा और रास्ता बताते ही जितिन पर तमंचा तानकर उसका मोबाइल और बाइक छीन कर भाग गए। रोते हुए घर पहुंचे किशोर ने घर पहुंचकर अपने परिजनो को घटना की जानकारी दी। सूचना पर पहुंची डायल 112 ने स्थल पर पहुंच बदमाशों की जानकारी की लेकिन कुछ पता नहीं लग सका।

### बीज की दुकानों का किया निरीक्षण, सात नमूने लिए

**बरेली, अमृत विचार :** जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी ने शुक्रवार को भमोरा में बीज की दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान बीज के सात नमूने लिए। कई दुकानदार शटर गिराकर भाग गए। कृषि अधिकारी ने दुकानदारों को निर्देश दिए कि वह किसानों को पक्का बिल जरूर दें, ऐसा न करने पर उनकी दुकान का लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा। कृषि अधिकारी ने बताया कि किसानों को प्रमाणित बीज विक्रय करने में कोई दुकानदार गड़बड़ी तो नहीं कर रहा और जो बीज और उर्वरक बेचा जा रहा है वह असली है या नकली, इसकी जांच के लिए पांच दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। दुकानों पर खरीद-विक्रय रजिस्टर देखने के साथ ही किसानों से बीज को लेकर जानकारी ली। उनके मुताबिक प्रमुख सचिव कृषि के निर्देश पर बीज और कीटनाशक विक्रेताओं पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

### दिवंगत शिक्षकों के परिजनों से की मुलाकात

**शेरगढ़, अमृत विचार :** टीएससीटी के प्रदेश अध्यक्ष विवेकानंद, सह संस्थापक सुधेश पांडेय और संजीव रजक के निर्देश पर बरेली जिलाध्यक्ष अनुज वीर गंगवार के नेतृत्व में टीम के पदाधिकारी, ब्लॉक बहेड़ी के दिवंगत शिक्षक दिनेश कुमार (प्रा.वि. बड़ौरी) एवं फरीदपुर की शिक्षामित्र पंकज कुमारी (प्रा. वि. निबड़िया) के घर पर शोक संवेदना व्यक्त करने एवं स्थलीय सत्यापन के लिए पहुंचे तथा परिवार को ढांढस बंधाते हुए हर सम्भव मदद को आश्वस्त किया। उत्तर प्रदेश बेसिक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा के शिक्षकों और कार्मिकों की संस्था टीचर्स सेल्फ केयर टीम (टीएससीटी) अब तक 336 दिवंगत शिक्षकों के परिवार को 138 करोड़ 37 लाख की आर्थिक सहायता दे चुकी है। बता दें कि टीएससीटी से प्रत्येक दिवंगत शिक्षक को करीबन 50 लाख रुपए की सहायता राशि उपलब्ध होती है।

### अहमदाबाद विमान हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**नवाबगंज, अमृत विचार :** अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के मृत लोगों को शुक्रवार को भाजपा नेताओं के साथ ही अधिवक्ताओं ने श्रद्धांजलि दीं। इस दौरान विधायक डॉ. एमपी आर्य, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. एके गंगवार, लेखराज गंगवार ने घटना पर दुख जताया। कस्बे के बाई पास चौराहे पर स्थित पटेल चौक पर आयोजित शोक सभा में सचिन रस्तोगी, आशीष गुप्ता, कपिल शर्मा, सचिन चौधरी आदि ने भाग लिया। एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हाजी माजिद हुसैन जैदी की अध्यक्षता में आयोजित शोक सभा में दुष्यंत गंगवार, आनन्द कुमार, सुधाकर लाल रस्तोगी, भुवनेश्वर गंगवार, इश्तियाक अली ने शोक व्यक्त किया। इसी क्रम में सपा नेता प्रो. राशिद अंसारी, डॉ. फिरासत हुसैन अंसारी, परवेज़ गुड्डू, तसव्वर हुसैन अंसारी, हाजी परवेज अंसारी, युवा नेता अरशद अंसारी, कांग्रेस के नगर अध्यक्ष अरशद अली, मो. असलम अंसारी ने भी दु:ख जताया।

### धर्मशाला निर्माण के लिया किया भूमिपूजन

**बहेड़ी, अमृत विचार :** रामलीला समिति ने नवीन धर्मशाला निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव और तहसीलदार भानू प्रताप सिंह ने भूमि पूजन किया। श्री रामलीला समिति के कोषाध्यक्ष विवेक गर्ग, चौधरी गजेंद्र सिंह, रमेश चंद सक्सेना, अवधेश रस्तोगी, अरुण अग्रवाल, हरीश शर्मा, मास्टर कहरी सिंह, आलोक गर्ग, संजय श्रीवास्तव और मेला बाबू रिशिपाल उपस्थित रहे। नवीन धर्मशाला निर्माण से श्री रामलीला समिति को अपनी गतिविधियों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने में मदद मिलेगी। इससे समिति के सदस्यों और शहर के लोगों को भी लाभ होगा।

### महिला ने फंदे से लटककर की खुदकुशी

**फरीदपुर, अमृत विचार :** एक महिला ने ससुराल में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। गांव हृदयपुर-मानपुर निवासी अमर सिंह की छह माह पहले मोहल्ला लाइन पार मठिया निवासी रीना से शादी हुई थी। शुक्रवार दोपहर रीना ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने सबको कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक मृतका के परिजनों की तरफ से पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई।

### अहमदाबाद विमान हादसे पर रखा दो मिनट का मौन

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** अहमदाबाद में एयर इंडिया का विमान गुरुवार को क्रैश हो गया, इस हादसे में कुल 241 यात्रियों समेत अन्य लोगों की मौत हो गई। इस खबर से पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई, लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर शोक जताया। इसी क्रम में शुक्रवार को भदपुरा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि शंकर गंगवार ने सभी मृतकों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया और परिजनों को कष्ट सहन करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान प्रधान संघ अध्यक्ष राम प्रताप गंगवार, त्रिवेंद्र गंगवार, जुल्फिकार खान, बलराम सिंह, अर्जुन सिंह, गुड्डू यादव, हरिनंदन, सर्वेश कुमार, यज्ञदेव, संजीव कुमार, गजेंद्र गंगवा,र सुमित कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

### रमियांपुर में हुई चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** पुलिस ने पिछले दिनों गांव रमियांपुर में हुई चोरी का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों के पास से चोरी के जेवर बरामद हुए। भोजीपुरा के गांव रमियांपुर निवासी रमेश चंद्र के घर 7 जून की रात मकान में नकब लगाकर चोर 25 हजार रुपये नकद और सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गए थे। पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रभारी निरीक्षक भोजीपुरा प्रवीन सोलंकी ने बताया गुरुवार रात मझौआ गंगापुर नहर के पास से दो लोगों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में एक ने अपना नाम शादाब निवासी खजुरिया घाट थाना इज्जतनगर और दूसरे ने अकबर निवासी मुड़िया थाना देवरनियां बताया है। दोनों की निशानदेही पर चोरी के दो सोने की चैन एक अंगूठी एक जोड़ी पायल बरामद हुईं। अकबर के कब्जे से एक 315 बोर का तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। अकबर के खिलाफ पांच और शादाब के खिलाफ चौदह मुकदमे चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के विभिन्न थानों में दर्ज हैं।

### सांसद से पीएम आवास में घोटाले की शिकायत की

**शीशगढ़, अमृत विचार :** भाजपा नेताओं ने शुक्रवार को सांसद छत्रपाल गंगवार सिंह से मुलाकात करके शीशगढ़ क्षेत्र में बिजली संकट और आवास योजना में हो रहे घोटाले की शिकायत की। सांसद को बताया जाफरपुर उपकेंद्र पर बिजली देवरनियां और रिछा से होते हुए करीब 50 किलोमीटर दूर से आती हैं। सांसद ने गंभीरता दिखाते हुए बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता बहेड़ी चमन प्रकाश से बात की तो अधिशासी अभियंता ने आश्वासन दिया कि एक महीने के भीतर ज़ुन्हाई से जाफरपुर की लाइन चालू हों जाएगी।

### आंवला में गंदगी देख डीएम ने जताई नाराजगी

**आंवला, अमृत विचार :** ब्लॉक रामनगर क्षेत्र के दौरे के लिए कस्बे से गुजरे डीएम ने कस्बे में भारी गंदगी देख नाराजगी व्यक्त की है। डीएम ने ईओ को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने जारी किए नोटिस में बताया 8 जून को ब्लॉक रामनगर क्षेत्र की लीलौर झील भ्रमण के लिए जाते समय आंवला नगर में जगह जगह गंदगी पाई गई। इससे प्रतीत होता है कि पालिका क्षेत्र में साफ सफाई की व्यवस्था पर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इससे लापरवाही प्रदर्शित होती है। जिलाधिकारी ने तीन दिन में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के आदेश जारी किए। अधिशासी अधिकारी आंवला जितेन्द्र कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर साफ सफाई कराकर समस्या का निस्तारण कर दिया गया है और रिपोर्ट बनाकर जिलाधिकारी को प्रेषित कर दी गई है।

### नकब लगाकर चोरों ने तीन घरों को खंगाला

**देवरनियां, अमृत विचार :** गांव गरगैया में गुरुवार रात चोरों ने तीन घरों में सेंध लगाकर नकदी और जेवर समेट ले गए। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। गांव गरगैया निवासी हरिशंकर किसी काम से गुरुवार को बरेली गए थे। उनकी पत्नी और बेटा आंगन में सो रहे थे, रात में चोर उनके मकान की पीछे की दीवार को काटकर घुसे और घर में रखे नकदी और जेवर पर हाथ साफ कर दिया। जब हरिशंकर सुबह 3:30 बजे घर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि उनके मकान की पीछे की दीवार कटी हुई है और उनके घर में चोरी हो चुकी है तो उन्होंने अलमारी चेक की तो उन्होंने पाया कि अलमारी से 75000 रुपये नकद और जेवर चोरी हो गए थे।

# पुलिस बल की मौजूदगी में हुई जुमे की नमाज

## भौआपुर में तनाव का माहौल, शिकायतकर्ताओं को पुलिस ने थाने में किया नजरबंद

संवाददाता, कैंट



जुमे की नमाज के दौरान गांव में तैनात पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गांव भौआपुर में खाली पड़ी जगह पर नमाज पढ़ने और मदरसा चलाने के विरोध को लेकर गुरुवार को पुलिस प्रशासन और हिंदू पक्ष में हुई नोक झोंक के बाद शुक्रवार दोपहर को जुमे की सामूहिक नमाज पुलिस बल की मौजूदगी में हुई।

नमाज में सैकड़ों लोग शामिल हुए। वहीं हिंदू पक्ष के सैकड़ों लोगों ने एकत्र होकर विरोध जताया। नमाज के समय हिंदू पक्ष के शिकायतकर्ताओं को पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने बभिया चौकी पर वार्ता के लिए बुलाकर नजरबंद कर दिया। नमाज संपन्न होने के बाद शिकायतकर्ताओं को वापस जाने दिया। वहीं पुलिस प्रशासन की हिदायत के बाद भी शुक्रवार सुबह मदरसे का संचालन भी जारी रहा। बभिया चौकी पर एसपी सिटी मानुष पारीक, सीओ सिटी प्रथम आशुतोष शिवम, एसडीएम सदर प्रमोद कुमार, सीओ एलआईयू विजय राना की मौजूदगी में हिंदू पक्ष के शिकायतकर्ताओं को नजरबंद किया गया। नमाज स्थल पर नायब तहसीलदार विदित कुमार, प्रभारी निरीक्षक कैंट राजेश कुमार भारी पुलिस बल के साथ शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगरानी बनाए हुए थे। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया, कि मुस्लिम पक्ष के लोगों ने उन्हें कुछ दस्तावेज उपलब्ध कराए हैं। जिनमें वर्ष 2016 में जमीन का बख्फ बोर्ड में रजिस्ट्रेशन होना दर्शाया गया है। उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों की जांच कराई जा रही है। मौके पर शांति व्यवस्था बनी हुई है। शुक्रवार को 12 बजे से पहले ही सैकड़ों लोग नमाज पढ़ने के लिए एकत्र हुए। इसके बाद 1:30 बजे नमाजी नमाज पढ़ कर बाहर निकले। इस पर नमाजियों के मुतावल्ली को नमाज में लगाए गए अधिक वक्त को लेकर नायब तहसीलदार विदित कुमार तथा प्रभारी निरीक्षक कैंट राजेश कुमार ने फटकार लगाई।

# सरकारी तालाब से चोरी कर बेच दीं हजारों की मछलियां

**आंवला, अमृत विचार:** सरकारी तालाब में पल रहीं धार्मिक स्थल से लाई गईं मछलियों को पालिका कर्मियों ने चोरी से बेंच दिया। सूचना पर सभासदों और पालिका में हड़कंप मच गया।

एक व्यक्ति ने मछलियों के आस्था से जुड़ा होना बताकर कार्रवाई की मांग कर एसडीएम से शिकायत की। वहीं पालिका की ओर से तीन लोगों के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी गई है। मोहल्ला गौसिया चौक निवासी विशम्भर दयाल ने बताया मोहल्ला कच्चा कटरा स्थित तालाब का पूर्व चेयरमैन संजीव सक्सेना ने नगरपालिका परिषद की ओर से वर्ष 2019-20 में 32 लाख 52 हजार रुपये से सौंदर्यीकरण कराया था। उस तालाब में ढिलवारी के बालाजी धाम से देश विदेश की रंग-बिरंगी मछलियां लाकर तालाब में छुड़वाईं थीं। मंदिर महंत बिरजू दास महाराज ने उन मछलियों को मारने और बिक्री न करने को कहा था। मछलियों और उनकी अठखेलियां देखने के लिए तालाब पर आसपास के लोगों की भीड़ जुटती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि नगरपालिका की टीम ने दिन दहाड़े उस तालाब की मछलियों को चोरी करके बेंच दिया। उक्त मामले में एसडीएम आंवला एन राम ने अधिशासी अधिकारी को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं अधिशासी अधिकारी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि उस तालाब की मछलियां आस्था से जुड़ी हुईं है।

# 826 युवाओं को मिला रोजगार

संवाददाता, फरीदपुर



फ्यूचर यूनिवर्सिटी में मेले में रोजगार पाने वाले अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

- **फ्यूचर यूनिवर्सिटी में मेले में 86 कंपनियां आईं, 2419 अभ्यर्थियों ने कराया पंजीकरण**

**अमृत विचार :** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय बरेली एवं फ्यूचर यूनिवर्सिटी के संयुक्त प्रयास से शुक्रवार को एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला लगा। जिसमें निजी क्षेत्र की 86 कंपनियों ने प्रतिभाग किया।

इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि विधायक प्रो. श्याम बिहारी लाल ने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस अवसर पर त्रिभुवन सिंह सहायक निदेशक सेवायोजन बरेली मंडल बरेली, फ्यूचर यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति मुकेश गुप्ता एवं प्रो. वाइस चांसलर डॉ. पंकज मिश्रा उपस्थित रहे। वृहद रोजगार मेले में कुल 86 कंपनियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें 2419 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया। जिसके सापेक्ष बीएल एग्रो, वाडीलाल, एसआरएमएस, कैम्फर लि., एकेसी. वर्ड मोटर्स, पेटीएम, सिद्धी इंफोटेक, वीवो, जस्ट डायल, नौकरी डाट काम, टेक महिन्द्रा, एएमएस कामटेल, आदि में 826 अभ्यर्थियों का विभिन्न पदों पर चयन किया गया। रोजगार मेले को सफल बनाने में जिलाधिकारी अविनाश सिंह, एवं मुख्य विकास अधिकारी बरेली देवयानी का विशेष मार्ग दर्शन रहा। रोजगार मेले में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय एवं फ्यूचर यूनिवर्सिटी कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

# परीक्षा के दौरान छात्रा को हुआ तेज दर्द, देर से मिला इलाज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **बरेली कॉलेज में एमए अंग्रेजी की मिड टर्म परीक्षा देने आई थी**

**अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में एमए अंग्रेजी की मिड टर्म परीक्षा के दौरान एक छात्रा को अचानक पथरी का तेज दर्द उठा तो वह कराहने लगी। आरोप है कि कॉलेज प्रशासन की ओर से करीब आधा घंटे बाद डॉक्टर मौके पर भेजा गया, जिससे छात्रा काफी परेशान हुई। इस घटना ने कॉलेज परिसर में आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधाओं पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

न्यू परीक्षा भवन में शुक्रवार दोपहर में परीक्षा शुरू होने के कुछ ही देर बाद एक छात्रा को पेट में असहनीय दर्द महसूस होने लगा। पहले तो छात्रा ने दर्द सहन करने की कोशिश की, लेकिन देखते ही देखते उसकी हालत बिगड़ती चली गई और वह दर्द से कराहने लगी। परीक्षा कक्ष में मौजूद स्टाफ और अन्य परीक्षार्थियों ने तत्काल इसकी सूचना कॉलेज प्रशासन को दी और मेडिकल सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार के करीब आधा घंटे बाद डॉक्टर मौके पर पहुंचे, तब छात्रा को इलाज मिला। इस घटना के बाद छात्रों ने कॉलेज में इमरजेंसी सेवाएं बेहतर करने की मांग की है।

# अवैध रूप से करा रहे थे मजार का निर्माण, पुलिस ने रुकवाया

संवाददाता, भमोरा

**अमृत विचार :** अवैध रूप से मजार के निर्माण की शिकायत पर पहुंची पुलिस ने काम को रुकवा दिया। इसके साथ ही दो आरोपियों पर शांति भंग की कार्रवाई की।

बता दें मजार और मठिया के निर्माण को लेकर एक साल पहले भी विवाद हुआ था। उस समय पुलिस ने दोनों पक्षों के 20 20 लोगों को मुचलका पाबंद किया था। यूसुफपुर गांव में गुरुवार देर रात मुस्लिम समुदाय के लोग मजार का निर्माण करा रहे थे, जिसे हिंदू समुदाय के लोगों ने पुलिस को सूचना देकर रुकवा दिया। 2013 में रेलवे का अंडर पास बना रहे ठेकेदार के मजदूर यहां तंबू डालकर रहने लगो थे, वहीं पर उन्होंने पूजा करने के लिए एक देवस्थान बनाया था। जहां पर ग्रामीण भी पूजा पाठ करने के लिए जाते थे। पिछले साल हिंदू समुदाय के लोग उस देवस्थान का जीर्णोद्धार करा रहे थे, तब मुस्लिम पक्ष के लोगों ने इसका विरोध जताते हुए शिकायत कर कार्य रुकवा दिया था। पुलिस ने दोनों पक्षों के 20- 20 लोगों का मुचलका पाबंद किया था। एसएचओ भमोरा राज कुमार शर्मा ने बताया अवैध रूप से निर्माण कर रहे उस्मान और किसवर खां की शांति भंग में चालान की।

# सील बरातघरों को खुलवाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, बरेली



बैंक्वेट हॉल एसोसिएशन के पदाधिकारी ज्ञापन देने पहुंचे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बैंक्वेट हॉल एसोसिएशन ने शुक्रवार को कमिश्नर सौम्या अग्रवाल को ज्ञापन देकर बीडीए की ओर से सील किए गए बरातघरों को खुलवाने की मांग की। संचालकों ने बताया कि बरातघरों के पास जाम लगने का मुख्य कारण बैंडबाजा, बग्गी और आतिशबाजी है। कहा कि शहर में जहां भी जगह हो, वहां पर मल्टीलेवल और भूमिगत पार्किंग बन जाए तो काफी हद तक जाम की समस्या हल हो सकती है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष गोपेश अग्रवाल, सचिव सचिन गुप्ता, कोषाध्यक्ष लईक अहमद ने ज्ञापन में बताया कि शहर प्राधिकरण के गठन के पहले बसा हुआ है। उस समय पार्किंग के नियम नहीं थे। इस कारण पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। इस समय हर रोज वाहनों की संख्या बढ़ती जा रही है। कई सरकारी कार्यालय भी हैं, जहां पर पार्किंग नहीं है। बरात घरों का कार्य महज 35 से 40 दिनों का होता है। यहां पर आयोजन रात में होते हैं, उस समय सभी प्रतिष्ठान बंद रहते हैं। बरात घर गार्ड के जरिए वाहनों को सही तरीके से लगाता है, ताकि जाम की समस्या उत्पन्न न हो। 2 जून को बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. मनिकंडन ए को हमने अपनी समस्या के बारे में बताया था लेकिन 11 जून को बीडीए की टीम ने पीलीभीत बाईपास पर चार बारात घर और लान को सील कर दिया, क्योंकि एक साल की एडवांस बुकिंग है। इस पर कमिश्नर ने पार्किंग व्यवस्था करने को कहा है।

# प्रत्येक केस पर लेते थे 30 हजार रुपये

- **पहचान छिपाने के लिए प्रभाकर ने खुद को बनाया अनिल**

**बरेली, अमृत विचार:** जीवन ज्योति बीमा का फर्जी क्लेम लेने वाले आरोपियों ने बताया कि वे लोग प्रत्येक केस में 30 हजार रुपये लेते थे। क्षेत्रीय लोगों से पहचान छिपाने के लिए प्रभाकर खुद को अनिल बताता था।

वह फर्जी तरीके से बनवाए गए मृत्यु प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर की नकल और आधार कार्ड लगाकर फाइल जमा करता था। इन लोगों पर शक होने पर एलआईसी ने कुछ फाइलों को रोक भी दिया था, उनका भुगतान अब तक नहीं हुआ है। कुछ फाइलें ऐसी भी मिली हैं, जिनका धारक का बीमा मृत्यु से कुछ ही दिन पहले ही किया गया है। इनकी जांच चल रही है। जांच में पाया गया कि आरोपियों ने 80-85 वर्ष के लोगों की उम्र 48 वर्ष दिखाकर उनका बीमा करा दिया था।

आरोपियों ने बताया कि जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 18 से 50 वर्ष आयु तक के लोगों का बीमा किया जाता है। वे लोग अधिक उम्र वाले लोगों की उम्र कम दर्शा देते हैं। इसके लिए वे बीमाधारक की उम्र कम करके आधार कार्ड बनवा देते हैं। व्यक्ति की मृत्यु के बाद कंपनी से बीमा क्लेम ले लेते हैं। आरोपियों ने सभी के कार्य भी बांट दिए थे। आरोपियों ने बताया कि राहुल, जगदीश, नरेंद्र उर्फ नंदू, सुरेंद्र और बंटी क्षेत्रीय लोगों से बीमा योजना का फार्म भरवाते थे। वासिद उसके गांव का फहीम उर्फ गुड्डू फर्जी तरीके से आधार कार्ड बनवाता था। संदीप, योगेश और प्रभाकर त्रिपाठी सर्वेयर का कार्य करते थे।

# वीरांगना अवंतीबाई लोधी की मूर्ति स्थापना के लिए किया भूमिपूजन



वीरांगना अवंतीबाई लोधी की मूर्ति स्थापना के लिए भूमिपूजन करते पशुधन मंत्री।

**आंवला, अमृत विचार:** पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कस्बा स्थित कैम्प कार्यालय के पास स्टेशन रोड तिराहे पर वीरांगना अवंतीबाई लोधी की मूर्ति स्थापना के लिए भूमि पूजन किया।

नगर पालिका परिषद की ओर से इस तिराहे का सौंदर्यीकरण करने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया था। जिसकी लागत करीब 23 लाख रुपये बताई गई थी। पालिका की ओर से बताया गया था इस तिराहे पर सौंदर्यीकरण और मूर्ति रखने का फाउंडेशन तैयार किया जाएगा। वहीं पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने लोधी राजपूत कल्याण समिति के पदाधिकारियों के साथ शुक्रवार को भूमि पूजन किया। कैबिनेट मंत्री के बेटे डॉ दुष्यंत सिंह ने बताया कि नगरपालिका परिषद की ओर से मूर्ति रखने की फाउंडेशन और सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाएगा।

### आज सप्लाई रहेगी बाधित

**कैंट, अमृत विचार :** कांधरपुर विद्युत उपकेंद्र से सिविल लाइंस क्षेत्र में पेड़ों की टहनियों की छंटाई संबंधी कार्य किया जाएगा। जिससे शनिवार को उपकेंद्र के सभी फीडरों की विद्युत आपूर्ति सुबह 6 बजे से 12 बजे तक पूर्ण रूप से बाधित रहेगी।

### भीम आर्मी के विधान सभा प्रभारी से की मारपीट

**नवाबगंज, अमृत विचार :** गांव फाजिलपुर निवासी भीम आर्मी के विधान सभा प्रभारी प्रेमपाल गुरुवार शाम 6:00 बजे बाइक से बहनोई अजय के साथ घर जा रहा था। जैसे ही वह वहोर नगला की पुलिया के पास पहुंचा, वहां पहले से ही गाड़ी में बैठे दबंगों ने उसे रोक लिया और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए पीटने लगे। प्रेमपाल ने रिषभ, रितिक, अरविंद और 10 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसके अलावा भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को सीओ गौरव सिंह से मिलकर दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# कक्षाओं में पढ़ाई होती नहीं मिली तो शिक्षकों पर होगी कार्रवाई

**बरेली, अमृत विचार :** शहर में संस्कृत के दो एडेड और पांच वित्तविहीन विद्यालय हैं। इनका समय-समय पर डीआईओएस निरीक्षण करेंगे। जिस विद्यालय में कक्षाएं चलती नहीं मिलेंगी, वहां के शिक्षकों पर कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा निदेशक महेंद्र देव ने डीआईओएस को निर्देश दिए हैं।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने निर्देशों में कहा है कि अधिकांश संस्कृत विद्यालयों की शिकायतें मिलीं कि विद्यार्थी प्रवेश लेने के बाद स्कूल जाना मुनासिब नहीं समझते हैं। वे सिर्फ परीक्षा देने ही स्कूल जाते हैं। बाद में जब परीक्षा परिणाम आता है तो रिजल्ट अच्छा नहीं जाता। वहीं, तमाम स्कूलों में शिक्षक भी पढ़ाने में रुचि नहीं दिखाते। डीआईओएस डा. अजीत कुमार ने बताया कि संस्कृत विद्यालयों में संस्कृत शिक्षा परिषद के शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार कक्षाएं चल रही हैं या नहीं। इसका निरीक्षण किया जाएगा। कक्षाएं कैलेंडर के अनुसार चलती न मिलने पर संबंधित विद्यालय के शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### कांग्रेसियों ने घर-घर झंडा लगाओ अभियान चलाया



**बरेली, अमृत विचार :** महानगर कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को हजियापुर में घर-घर झंडा लगाओ अभियान चलाया। कार्यक्रम की शुरुआत से पहले अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों के प्रति गहरा दुख व्यक्त करते हुए 2 मिनट का मौन रख श्रद्धा सुमन अर्पित किए। जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी, महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा एडवोकेट, बदायूं कोऑर्डिनेटर डॉ. के बी त्रिपाठी ने कहा कि यह हृदय विदारक आपदा है। इसके बाद झंडा लगाने की शुरुआत वार्ड नंबर 6 नवादा शेखान से कांग्रेसी कार्यकर्ता तीरथ मधुकर के निवास से की गई। इसके बाद वार्ड नंबर 15 हजियापुर स्थित कांग्रेस नेत्री नजमी खान जोया के निवास पर झंडा लगाया और क्षेत्र में कांग्रेस के झंडे बांटे। इस मौके पर कृष्णकांत शर्मा, जिया उर रहमान, धीरज मधुकर, प्रवीण मिश्रा, विनोद कुमार, सतीश चंद्र, नाजिम खान, नगमा, अजीम खान, आजम खान समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### सम्मेलन में वरिष्ठ मंडल अभियंताओं ने भाग लिया

**बरेली, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे महाप्रबंधक सौम्या माथुर की अध्यक्षता में गोरखपुर स्थित मंथन सभागार में दो दिवसीय वरिष्ठ मंडल इंजीनियर सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें इज्जतनगर, लखनऊ और वाराणसी मंडलों के वरिष्ठ मंडल अभियंताओं ने भाग लिया। महाप्रबंधक ने रेल संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए ट्रैक, पुल, समपार फाटक और संरचनाओं के बेहतर रखरखाव पर जोर दिया। कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखते हुए समयबद्ध योजना के साथ कार्यों को निष्पादित करना अनिवार्य है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी पुत्री सोनम सिंह को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं उत्तरदायी होगी। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **विमलेश पत्नी दिनेश पाल सिंह निवासी ग्राम मनौना परगना व तहसील आंवला जिला बरेली।**

### सूचना

मैं कि सुनीता देवी पत्नी अनिल कुमार निवासी ठिरिया निजावत खां, जाटवपुरा, मो. वार्ड नं. 1, केसरपुर, बरेली- 243123 उपरोक्त पते की निवासी हूं। मेरे आधार कार्ड 951778524669 है जिसमें मेरी जन्मतिथि 20.09.1985 त्रुटिवश दर्ज हो गयी है। जबकि अन्य दस्तावेजों में मेरी जन्मतिथि 20.05.1970 दर्ज है। अपनी विधवा पेंशन हेतु अपने आधार कार्ड में संशोधन कर अपनी सही जन्मतिथि 20.05.1970 दर्ज कराना चाहती हूं।

### सूचना

मैंने अपने पुत्र सुहेल खान व उसकी पत्नी सदफ, फैजान खान व उसकी पत्नी आसिया और अम्मार खान को गलत चाल चलन व अभद्र व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति व अपने परिवार से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कृत्यों, लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। असलम बहादुर खां पुत्र श्री इल्यास बहादुर खां निवासी मोहल्ला शाहगढ़ वार्ड न. 12 कस्बा व तहसील बहेड़ी, जिला बरेली।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे हाईस्कूल अंक पत्र व प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 2983101 सन् 2005 इण्टर अंकपत्र व प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 0424025 सन् 2007 वास्तव में कहीं खो गये हैं जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिले हैं। **अजीत सिंह पुत्र ओम प्रकाश निवासी ग्राम बडरा कासमपुर पो. सुकुटिया मढ़ी तहसील फरीदपुर जिला बरेली।**

### सूचना

मैंने अपने पुत्र सुमित को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **रामस्वरूप पुत्र कुंदन लाल निवासी सरकड़ा सरकार, जनपद बरेली (उ.प्र.)**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम आधार कार्ड पर NISMA NAIM व अन्य अभिलेखों में नाम NISMA दर्ज है। उक्त दोनों नाम मेरे ही हैं व भविष्य में मुझे NISMA NAIM के नाम से जाना जाए। **नईम पुत्री श्री अरशद नईम नि. मो. बक्सरियां थाना कोतवाली जनपद शाहजहांपुर**

### जे.एम.बी. इंस्टीट्यूट आफ लाइफ साइंसेज एन्ड हायर एजूकेशन

(सम्बद्ध एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय)
कैम्पस : 4 किमी., देवीपुरा, माधोटांडा रोड, पीलीभीत

**आवश्यकता है**

निम्न विषयों में योग्य, ऊर्जावान स्टाफ की

**विज्ञान संकाय :** ● रसायन विज्ञान ● वनस्पति विज्ञान ● जन्तु विज्ञान ● फिजिक्स ● मैथ्स
**वाणिज्य संकाय :-** ● कामर्स
**कला संकाय :-** ● चित्रकला ● इतिहास ● अंग्रेजी
**गृहविज्ञान संकाय :-** ● गृहविज्ञान
**योग्यता व वेतनमान : यू.जी.सी./ विश्वविद्यालय के मानकानुसार (परास्नातक, पी.एच.डी./नेट)**

इच्छुक अभ्यर्थी रंगीन फोटो युक्त बायोडाटा व शैक्षिक प्रमाण-पत्रों की प्रति सहित महाविद्यालय में 15 दिवस की सीमा में दोपहर 12 बजे से 3 बजे के मध्य आवेदन करें अथवा डाक/ई-मेल द्वारा आवेदन करें।

सम्पर्क : 9758108900
ई-मेल : jmbinstitute@gmail.com

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

यथोश्चित्तेन वा चित्तं निभृतं निभृतेन वा।
समेति प्रज्ञया प्रज्ञा तयोर्मैत्री न जीर्यति ॥

दो व्यक्तियों की मित्रता तभी स्थायी रह सकती है जब उनके मन से मन, गूढ़ बातों से गूढ़ बातें तथा बुद्धि से बुद्धि मिल जाती है।


## संपादकीय

# हमले के बाद

ईरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर पैदा हुए तनाव के बीच इजराइल ने ईरान के परमाणु और मिसाइल स्थलों पर हमला किया। हमलों से पश्चिम एशिया के दो धुर विरोधी देशों के बीच व्यापक युद्ध की आशंका बढ़ गई है। क्षेत्र में खतरनाक ढंग से तनाव बढ़ने पर विश्व भर के नेताओं ने दोनों पक्षों से तत्काल तनाव कम करने का आह्वान किया। हमले में मारे गए लोगों में ईरान के तीन शीर्ष सैन्य नेता, सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ, अर्द्धसैनिक बल 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' के प्रमुख गार्ड के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के संचालक शामिल हैं। जो तेहरान के शासकीय तंत्र के लिए एक बड़ा झटका है। यह इराक के साथ 1980 के दशक के युद्ध के बाद ईरान पर सबसे बड़ा हमला था। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने चेतावनी दी है कि इजरायल को कड़ी सजा दी जाएगी।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी है कि अगर वह परमाणु समझौते पर सहमत नहीं होता तो उसका देश और विरासत नष्ट हो जाएगी। लगता है कि अमेरिका को पहले से ही हमले की आशंका थी। अमेरिका ने बुधवार को इराक की राजधानी से कुछ अमेरिकी राजनयिकों को वापस बुला लिया था तथा पश्चिम एशिया से अमेरिकी सैनिकों के परिवारों के लिए स्वैच्छिक निकासी की पेशकश की थी। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने ईरान पर परमाणु अप्रसार संधि का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है, जिसमें कहा गया कि ईरान के पास 60 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम मौजूद है, जो परमाणु हथियार बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम हो सकता है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर चल रही कूटनीतिक उथल-पुथल के बीच ट्रंप प्रशासन ईरान पर दबाव बढ़ाने की रणनीति पर काम कर रहा है। साथ ही रूस ने सभी पक्षों से संयम बरतने का आह्वान किया, ताकि तनाव और न बढ़े एवं यह क्षेत्र पूर्ण युद्ध क्षेत्र में न बदल जाए। ईरानी परमाणु कार्यक्रम के इर्द-गिर्द कोई भी समझौता सैन्य बल से नहीं हो सकता और इसे केवल शांतिपूर्ण, राजनीतिक और कूटनीतिक तरीकों से ही हासिल किया जा सकता है। ईरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर बढ़ते तनाव के बीच हुए क्षेत्र में शांति स्थापित करना एक जटिल और चुनौतीपूर्ण कार्य है। कई संगठन और लोग इस क्षेत्र में शांति के लिए काम कर रहे हैं, जो जरूरी है।

# सौर-प्रकाशवृत्त के प्रभाव से बदलता है पृथ्वी का मौसम



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

डिजिटल फोटोग्राफी तकनीक के संदर्भ में रिजोल्यूशन का अर्थ एलसीडी स्क्रीन पर दिखाई देने वाली छवि की क्लैरिटी अर्थात स्पष्टता का वर्णन करने के लिए किया जाता है, जो हॉरिजॉन्टल और वर्टीकल, दोनों तरह से व्यवस्थित पिक्सेल की संख्या पर आधारित होती है।

जानकर चकित होना पड़ता है कि मात्र छः वर्ष की अवधि में सौर अध्ययन के लिए एक एडवांस्ड टेलिस्कोप की स्थापना हेतु अमरीका के 17 प्रमुख संस्थान एकजुट हो गए जिनमें वायु सेना अनुसंधान प्रयोगशाला, बेलन प्लाज्मा समूह, अनुप्रयुक्त भौतिकी की प्रयोगशालाएं, कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी का नॉर्थ्रिज स्थित कैलिफोर्निया प्रौद्योगिकी संस्थान, भौतिकी और खगोल विज्ञान विभाग एवं बारह अन्य महत्वपूर्ण संस्थान हैं। सन 1898 से अमरीका के आधिपत्य में आए हवाई देश को अमरीका ने सन 1959 में अपने क्षेत्र का 50वां राज्य घोषित किया था। प्रशांत महासागर में स्थित हवाई समूह के माउई नामक टापू पर एक शांत ज्वालामुखी के मुहाने के निकट एक टेकड़ी पर स्थापित किए गए इस टेलीस्कोप ने 23 फरवरी, 2022 को अपना पहला वैज्ञानिक अवलोकन शुरू किया, जो इसके एक साल तक चलने वाले परिचालन कमीशनिंग चरण की शुरुआत का संकेत था। इन तीन सालों के भीतर किये गए अध्ययन से सूर्य के बारे में बहुत सी नई और जानकारी जुटाई गई है जो पहले से स्थापित और कार्यरत अन्य टेलिस्कोप्स की बनिस्पत अधिक सुसपष्ट और उन्नत है।

धरती पर होने वाली मानवीय गतिविधि बनी रहे इसके लिए अपने सूर्य की हलचल और इसके व्यवहार का निरंतर अवलोकन जरूरी है। अध्ययन के लिए एक आधुनिकतम, नया मुख्य टूल माउई टेलिस्कोप की इमारत और गुम्बद के भीतर स्थापित किया गया है जिसके मिरर का व्यास 4.24 मीटर और मोटाई 75 मिलीमीटर है। इसके संचालन की तकनीक और इंजीनियरिंग कमाल की है। इस नवीनतम सोलर ऑब्जर्वेटरी की स्थापना पर भारतीय रुपये में मूल्य के अनुसार 29 अरब, 51 करोड़ 19 लाख का खर्चा हुआ है। भू-स्थल आधारित एस्ट्रोनॉमी में अभी तक का यह सर्वाधिक उन्नत टेलिस्कोप है। इस सोलर दूरबीन का नाम डेनियल केन इनौये सोलर टेलिस्कोप रखा गया है। डेनियल एक अमेरिकी वकील, सैनिक और राजनेता थे, जिन्होंने सन 1963 से 2012 में अपनी मृत्यु तक हवाई से संयुक्त राज्य अमेरिका के सीनेटर के रूप में कार्य किया। इस टेलिस्कोप से किए गए अवलोकन से सूर्य के बारे में चित्र और ग्राफ़िक्स सहित नवीनतम जानकारी युक्त एक पर्चा -द स्ट्रियेटेड सोलर फोटोस्फीयर ऑब्ज़र्व्ड एट 0".03 रेजोल्यूशन, का प्रकाशन द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स के 20 मई सन 2025 के अंक में हुआ है। अवलोकन आधारित इस शोध पर्चे में सूर्य के प्रकाशवृत्त के नजदीक के चित्र बहुत स्पष्ट और साफ़ हैं जिनसे प्लाज्मा की चुम्बकीय गतिविधि के हाई-रेजोल्यूशन क्लोज़अप दृश्य पहली बार देखे गए। खगोल भौतिकविद इन चित्रों के मिलने से काफी खुश नज़र आ रहे हैं। इन चित्रों को अमरीका, स्पेन, जर्मनी और स्विट्ज़रलैंड के खगोलविदों की टीम ने प्राप्त किया है। चित्रों की स्पष्टता और क्लोज़-अप टेलिस्कोप के विशाल मिरर के कारण संभव हुई जिन्हें इसके प्रकाश परावर्ती सिरे पर रखे हुए स्पेक्टोग्राफ यंत्र से डिजिटल माध्यम से प्राप्त किया गया। सूर्य के प्रकाशवृत्त की दिखाई देने वाली रचना की वृत्ताकारी प्रकृत्ति को इस तरीके से स्पष्ट, चित्रमय भाषा में पहली बार देखा गया है। इससे मालूम हुआ है कि फोटोस्फीयर अनेक वृत्ताकार वलयों से बना है जिसमें एक वृत्त करीब 20 से 50 किलोमीटर की चौड़ाई का है। अवलोकन से जुटाए गए डाटा के अध्ययन से अतिरिक्त जानकारी मिलेगी जिससे यह मालूम हो सकेगा कि अनेक वृत्तों से निर्मित वाले फोटोस्फीयर में से हरेक वृत्त में सूर्य के चुम्बकीय तूफ़ान की रचना और शक्ति संपन्नता किस आधार से होती होगी अर्थात, प्रत्येक वृत्त में मैग्नेटिक फ्लक्स की ताकत को मापा जा सकेगा। इन चुम्बकीय तूफानों की लहर जब पृथ्वी की तरफ बढ़ती है तो इसकी काफी मात्रा हमारे वायुमंडल द्वारा सोख ली जाती है जिसे इसकी ताकत का ह्रास होता है। फिर भी जो थोड़ी से या बची हुयी मात्रा वायुमंडल को भेद कर धरती तक पहुंच पाती है उससे पृथ्वी के निकट अंतरिक्ष में कृत्रिम उपग्रहों और अंतरिक्ष स्टेशन, अंतरिक्ष उड़ानें, वायुयानों से होने वाला हवाई परिवहन, इलेक्ट्रॉनिक संचार, विद्युत सप्लाई लाइनें और प्राणी जीवन पर काफी मात्रा में एवं गहरा प्रतिकूल असर पड़ने की संभावना होती है। अनेक बार इससे भौतिक नुकसान भी होता है। यह फ्लक्स अत्यधिक शक्तिशाली और तीव्र गति का है तो प्राणियों में जीवन की रचना करने वाली कोशिकीय प्रोटीन्स और डीएनए तक टूट-फूट सकता है। फसलों की सेहत पर दुष्प्रभाव भी हो सकता है। माउई पर डेनियल केन इनौये सोलर टेलीस्कोप से किए गए इस अध्ययन से यह समझने में मदद मिलती है कि सूर्य पर छोटे पैमाने की चुंबकीय घटनाएं उसके समग्र व्यवहार को कैसे प्रभावित करती हैं, जिससे हमें अंततः सौर ज्वालाओं और अंतरिक्ष मौसम को पहले से बेहतर तरीके से समझ पाएंगे।

सूर्य के फोटोस्फीयर पर संवहन कोशिकाओं जैसे ही ये रचनाएं हैं। जैसे ही गर्म कणिकाओं की दीवारों से उत्सर्जित प्रकाश चुंबकीय पर्दे से होकर गुजरता है, यह इन धारीदार पैटर्न का निर्माण करता है, जो अंतर्निहित चुंबकीय बलों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है।

डिजिटल फोटोग्राफी तकनीक के संदर्भ में रिजोल्यूशन का अर्थ एलसीडी स्क्रीन पर दिखाई देने वाली छवि की क्लैरिटी अर्थात स्पष्टता का वर्णन करने के लिए किया जाता है, जो हॉरिजॉन्टल और वर्टीकल, दोनों तरह से व्यवस्थित पिक्सेल की संख्या पर आधारित होती है। जो डिजिटल चित्रों में रिज़ॉल्यूशन एक छवि में सूचना की मात्रा को व्यक्त करता है और पिक्सेल प्रति इंच या डॉट प्रति इंच में मापा जाता है, उच्च-गुणवत्ता वाले प्रिंट और दृश्य प्रस्तुतियों के उत्पादन के लिए हाई रेजोल्यूशन आवश्यक है। जाहिर है प्रत्येक टेलिस्कोप के साथ एक डिजिटल कैमरा भी जोड़ा जाता है जिससे मिरर से देखे गए एक ऑब्जेक्ट या सूर्य से मिली दृश्य सूचना को डिजिटल पद्धति में बदल कर फिर से एक छवि बनायी जाती है जिसे हम देख पाते हैं और रिकॉर्ड में रख सकते हैं। जी-बैंड में दूरबीन के विज़िबल ब्रॉडबैंड इमेजर का उपयोग करके विस्तृत चित्र डेनियल टेलिस्कोप से लिए गए जोकि सौर चुंबकीय गतिविधि का अध्ययन करने के लिए श्रृंखला विशेष में प्रभावी दृश्य-प्रकाश है। फोटोस्फीयर के छल्लों में धारियां भी नज़र आईं हैं जिन्हें छल्ले के भीतर के आवेशित गैस कणों की पृष्ठभूमि में देखा गया है। सूर्य के फोटोस्फीयर पर संवहन कोशिकाओं जैसे ही ये रचनाएं हैं। जैसे ही गर्म कणिकाओं की दीवारों से उत्सर्जित प्रकाश चुंबकीय पर्दे से होकर गुजरता है, यह इन धारीदार पैटर्न का निर्माण करता है, जो अंतर्निहित चुंबकीय बलों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है।

सूर्य के प्रकाशवृत्त में देखी गयी चमकीली और गहरी धारियों की वैकल्पिक बारंबारता चुंबकीय क्षेत्रों की उपज है जोकि सूर्य के प्रकाश मंडल में पतली, पर्दा जैसी चादरें बनाते हैं। ये चुंबकीय पर्दे हवा में उड़ते हुए कपड़े की तरह लहराते और बदलते हैं और इसीसे मजबूत चुंबकीय क्षेत्रों के माध्यम में ये प्रकाशित होते हैं, चमकते हैं या कमजोर चुंबकीय प्रभाव वाले क्षेत्रों में काली पट्टी के रूप में दिखाई देते हैं। काली और सफ़ेद ये पट्टियां सूर्य के चुंबकीय क्षेत्र और उसके प्लाज्मा के बीच की अंतरक्रियात्मक गतिविधि हैं जिससे सूर्य की दृश्यमान सतह में बदलाव होता है इसे विल्सन डिप्रेशन के रूप में जाना जाता है। इन पट्टियों की चमक में होने वाले सूक्ष्म बदलाव चुंबकीय क्षेत्र की ताकत में अंतर को दर्शाते हैं। पहली बार स्पष्ट रूप में इन बदलावों को केवल इनौये सोलर टेलीस्कोप की असाधारण शक्ति के कारण पकड़ा जा सका है। इससे पुष्टि हुई है कि देखी गई धारियां चुंबकीय उतार-चढ़ाव के संकेत मात्र ही नहीं हैं, बल्कि सूर्य की सतह के उतार-चढ़ाव को ये कैसे प्रभावित करते हैं इस बारे में भी हमारी समझ को गहरा करते हैं। छोटे पैमाने के ये चुंबकीय बदलाव सोलर-फ्लेयर्स, सूर्य की सतह पर होने वाले विस्फोट और कोरोनल मास इजेक्शन के दौरान इनसे उगले गए प्लाज्मा जैसी बड़ी सौर घटनाओं को कैसे प्रभावित कर सकते हैं इस बारे में अध्ययन और शोध के लिए रास्ता खुल गया है ताकि अंतरिक्ष और धरती के मौसम पर होने वाले प्रभावों को हम पहले से बेहतर होकर समझ सकें। कहने का अर्थ यह की सौर प्रकाशवृत्त की चुंबकीय गतिविधि पृथ्वी के मौसम को प्रभावित करती है।

## प्रसंगवश

# तकनीकी खराबी या नीतिगत विफलता



वीरेंद्र कुमार
स्वतंत्र लेखक

12 जून 2025 की दोपहर भारतीय विमानन इतिहास की एक और काली तारीख बन गई। एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 171, जो अहमदाबाद से लंदन गेटविक के लिए रवाना हुई थी, टेकऑफ़ के कुछ मिनट बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे की भयावहता का अंदाज़ा इसी से लगाया जा सकता है कि क्रैश साइट पर सेना, एनडीआरएफ, और स्थानीय प्रशासन को एक साथ तैनात करना पड़ा। इस त्रासदी ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा किया कि आधुनिक तकनीक और एयरलाइन सुरक्षा के तमाम दावों के बावजूद, क्या हम वास्तव में सुरक्षित हैं?

इस विमान में कुल 242 लोग सवार थे- जिनमें 230 यात्री (217 वयस्क, 11 बच्चे और 2 शिशु) और 12 क्रू सदस्य शामिल थे। रिपोर्ट के अनुसार, इनमें से कोई भी जीवित नहीं बचा, सिवाय एक व्यक्ति के जिसे सीट 11ए से चमत्कारिक रूप से बचाया गया। मृतकों में 169 भारतीय नागरिक थे, जबकि बाकी में 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और 1 कनाडाई नागरिक शामिल थे। जहां यह हादसा हुआ, वहां बीजे मेडिकल कॉलेज का डॉक्टर हॉस्टल स्थित है।

जिस इमारत से विमान टकराया, वहां उस समय दर्जनों छात्र दोपहर का भोजन कर रहे थे। कम से कम 5 छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई और कई घायल अवस्था में अस्पताल ले जाए गए। इन छात्रों की आयु 22 से 28 वर्ष के बीच थी - वे अपने जीवन की शुरुआत में थे, अपने सपनों के बिल्कुल करीब। पीड़ित परिवारों के लिए यह सिर्फ एक भौतिक नुकसान नहीं था, बल्कि जीवन का वह हिस्सा छिन गया था जिसमें सपने, उम्मीदें, और भावनाएं बसती हैं। इस हादसे ने उन छात्रों के माता-पिता, दोस्तों और साथियों को ऐसा खालीपन दिया है जिसे भरना शायद नामुमकिन है। यह त्रासदी केवल एक विमान हादसा नहीं, बल्कि एक पूरी पीढ़ी की आकांक्षाओं पर लगा ग्रहण बन गई।

जब कोई विमान इस प्रकार दुर्घटनाग्रस्त होता है, तो हर किसी का ध्यान सबसे पहले तकनीकी कारणों की ओर जाता है। अहमदाबाद हादसे में भी यही हुआ। मौसम संबंधी डेटा के अनुसार उस समय आसमान साफ था, और दृश्यता सामान्य से बेहतर थी। इससे यह स्पष्ट होता है कि दुर्घटना का मुख्य कारण तकनीकी या यांत्रिक त्रुटि हो सकता है। विशेष बात यह है कि यह दुनिया का पहला ड्रीमलाइनर विमान है जो इस प्रकार के क्रैश का शिकार हुआ। टेकऑफ़ के कुछ ही सेकंड के भीतर पायलट ने "मायडे" कॉल दी, जो यह दर्शाता है कि उन्हें किसी बड़ी तकनीकी खराबी का आभास हो गया था। एयर ट्रैफिक कंट्रोल से प्राप्त रडार ट्रैकिंग बताती है कि विमान ने अचानक ऊंचाई खोई और तेज़ी से नीचे गिरा। यह या तो इंजन फेल्योर, या फिर कंट्रोल सिस्टम में गंभीर गड़बड़ी का संकेत देता है। जैसे ही हादसे की खबर सामने आई, मीडिया चैनलों पर लाइव कवरेज शुरू हो गया।

इस हादसे ने एक बार फिर विमानन सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे पहली ज़रूरत है–डीजीसीए को पूर्ण स्वायत्तता देने की, ताकि वह राजनीतिक या कॉरपोरेट दबाव से मुक्त होकर सुरक्षा मानकों की निगरानी कर सके। एयरलाइन कंपनियों को हर तीन महीने में अपनी तकनीकी जांच की रिपोर्ट सार्वजनिक करनी चाहिए। पुराने विमानों को चरणबद्ध रूप से हटाना और पायलटों की ट्रेनिंग को नियमित करना भी अनिवार्य हो गया है। सिमुलेटर आधारित प्रशिक्षण, आपातकालीन परिस्थिति में निर्णय लेने की क्षमता और उड़ान के दौरान मानसिक स्वास्थ्य की निगरानी जैसी व्यवस्थाएं हर एयरलाइन में होनी चाहिए। ब्लैक बॉक्स और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर की जानकारी जनता से नहीं छुपाई जानी चाहिए। अमेरिका और यूरोप में इनकी जांच की समय सीमा तय होती है, भारत में भी इसे लागू किया जाना चाहिए। यात्रियों को फ्लाइट इंश्योरेंस और सुरक्षा मानकों की पूरी जानकारी देने के लिए एयरपोर्ट पर जागरूकता केन्द्र खोले जाने चाहिए। यह हादसा सिर्फ एक त्रासदी नहीं, बल्कि एक चेतावनी है। हम चाहें तो इसे बदलाव की शुरुआत बना सकते हैं - जिससे भविष्य में कोई और एआई 171 अपने गंतव्य तक पहुंचने से पहले राख न बन जाए।

# फिर दोस्ती की राह पर हैं भारत और मालदीव



राजेश जैन
स्वतंत्र पत्रकार

मालदीव की अर्थव्यवस्था पर्यटन पर टिकी है। खासकर भारतीय पर्यटक उन महीनों में आते हैं जब पश्चिमी देशों से पर्यटक नहीं आते।

एक वक्त था जब भारत और मालदीव के रिश्तों में तनाव था, संदेह था और दूरी बढ़ रही थी। लेकिन अब, वही रिश्ते फिर से गरमाहट और सहयोग की दिशा में लौटते दिख रहे हैं। साल 2023 के अंत में जब मोहम्मद मुइज़्ज़ू मालदीव के राष्ट्रपति बने, तो नई दिल्ली के गलियारों में खलबली मच गई। वजह थी उनका चुनाव प्रचार-जिसमें 'इंडिया आउट' कैंपेन चला। भारतीय सैनिक वहां समुद्री निगरानी, मानवीय सहायता और आपदा प्रबंधन जैसे कार्यों में लगे थे। लेकिन मुइज़्ज़ू की राष्ट्रवादी बयानबाज़ी ने उनकी मौजूदगी को मालदीव की संप्रभुता पर खतरे के तौर पर दिखाया और भारतीय सैनिकों को देश से बाहर निकालने की बात की गई। इसके बाद माले-दिल्ली के रिश्ते तनातनी की राह पर चल पड़े।

मुइज़्ज़ू ने राष्ट्रपति बनने के बाद पहली आधिकारिक यात्रा भारत की जगह तुर्की की। इसके साथ ही उन्होंने भारत के साथ हाइड्रोग्राफी समझौता नवीनीकृत करने से इनकार कर दिया। उन्होंने एक चीनी शोध पोत को मालदीव के जलक्षेत्र में प्रवेश की अनुमति दी, जिससे भारत की चिंता और बढ़ गई। इन घटनाओं के बीच मालदीव के कुछ नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी की पर्यटन को बढ़ावा देने वाली नीति पर टिप्पणी कर दी, जिससे दोनों देशों के रिश्तों में खटास और बढ़ गई।

सही है मालदीव ने पिछले कुछ वर्षों में चीन की ओर झुकाव दिखाया है। लेकिन सच्चाई यह भी है कि भूगोल नहीं बदला जा सकता। भारत और मालदीव के बीच हिंद महासागर की साझी सीमाएं हैं, साझा हित हैं और ऐतिहासिक संबंध भी। इसलिए भले ही चीन का असर बढ़े, मालदीव भारत को दरकिनार नहीं कर सकता। क्षेत्रीय स्थिरता के लिए भारत की नीति, सागर यानी सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फॉर आल इन द रीजन, के तहत छोटे द्वीपीय देशों को साथ लेकर चलने की है।

ऐसे में रिश्तों में सुधार के लिए भारत ने सार्वजनिक प्रतिक्रिया देने की बजाय बैकचैनल डिप्लोमेसी का रास्ता अपनाया। चुपचाप बातचीत हुई और दोनों देश एक ऐसे समझौते पर पहुंचे जिसमें भारतीय सैनिकों को तकनीकी विशेषज्ञ भारतीय नागरिकों से बदल दिया गया। इससे मुइज़्ज़ू की जनता को भी जवाब मिला और भारत को भी राहत। मुइज़्ज़ू जून 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। फिर अक्टूबर में उन्होंने भारत की आधिकारिक यात्रा की। भारत ने 2024-25 के बजट में मालदीव के लिए 400 करोड़ रुपये की विकास सहायता की घोषणा की-जो पिछले साल के बराबर थी।

मार्च 2024 में राष्ट्रपति मुइज़्ज़ू ने एक इंटरव्यू में कहा कि भारत मालदीव का सबसे करीबी सहयोगी है। उन्होंने कभी ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जो भारत-मालदीव रिश्तों को नुकसान पहुंचाए। मुइज़्ज़ू ने भारत से आर्थिक मदद की उम्मीद जताई। भारत ने भी सकारात्मक संकेत दिए। उसने मालदीव को दिए गए कर्ज की पुनर्भुगतान शर्तों को आसान किया। यह आर्थिक सहयोग ऐसे समय पर आया जब मालदीव आर्थिक संकट से जूझ रहा था।

मालदीव की अर्थव्यवस्था पर्यटन पर टिकी है। खासकर भारतीय पर्यटक उन महीनों में आते हैं जब पश्चिमी देशों से पर्यटक नहीं आते। इस कारण भारतीय पर्यटक ऑफ-सीजन में भी मालदीव के पर्यटन उद्योग को जिंदा रखते हैं। मालदीव मार्केटिंग एंड पब्लिक रिलेशंस कॉर्पोरेशन और भारत में मालदीव के उच्चायुक्त बालासुब्रमण्यम के बीच हालिया बैठक में इस बात पर चर्चा हुई कि कैसे भारतीय पर्यटकों की संख्या को और बढ़ाया जाए। इससे दोनों देशों को आर्थिक रूप से फायदा होगा।

खबर है कि प्रधानमंत्री मोदी 26 जुलाई को मालदीव के स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल हो सकते हैं। मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला खलील ने हाल ही में भारत दौरे के दौरान मुइज़्ज़ू की ओर से मोदी को यह निमंत्रण फिर से दोहराया। अगर मोदी जाते हैं, तो यह उनकी मुइज़्ज़ू शासनकाल में पहली मालदीव यात्रा होगी। यह कदम संबंधों को और मज़बूती देगा।

भारत और मालदीव के संबंध अब धीरे-धीरे संदेह की रात से निकलकर विश्वास की सुबह की ओर बढ़ रहे हैं। ये रिश्ता भूगोल, अर्थशास्त्र और आपसी सहयोग की ज़रूरतों पर आधारित है। यह दिखाता है कि कूटनीति में कोई दरवाजा कभी पूरी तरह बंद नहीं होता। मुइज़्ज़ू के कार्यकाल में रिश्तों ने कई रंग देखे-तनाव, दूरी, फिर मेल और अब सहयोग। अब जो दिख रहा है, वो है एक नई शुरुआत का संकेत। भारत और मालदीव, दोनों अपने हितों को समझते हैं और अब एक साथ आगे बढ़ने को तैयार हैं।

## सोशल फोरम

# अपना गुरु खुद बनो



कर्मेंदु शिशिर
वरिष्ठ लेखक

दुनिया तो इधर आकर ग्लोबल हुई न! साहित्य बहुत पहले से ग्लोबल था। उनको खेल की तरह पूरे विश्व कविता का ध्यान रखना होगा। कड़ी मेहनत का अर्थ क्या? पहली बात तो यह कि पूर्ण समर्पण-जीवन होम। खूब पढ़ना क्या होता है, यह मैं आजतक न समझ पाया। निरंतर पढ़ना जरूर समझा। अनेक पढ़ने वाले अहंकारियों को देखा है- ठस। कवि ज्ञानेन्द्रपति ने एक बार साथ टहलते हुए एक महत्वपूर्ण बात कही थी, बहुत लोग इस तरह पढ़ते हुए अपने अहम की सेल्फ पर एक किताब का बोझ और लाद लेते हैं। उतना ही घी खाओ कि पच जाय।

साहित्य या कला में बिना बावलापन के आप बहुत बेहतर नहीं कर सकते। इसलिए न खत्म होने वाली आसक्ति तो जरूरी है ही। रेणु, त्रिलोचन और नागार्जुन की साहित्य को लेकर ऐसी आसक्ति कि परिवार को भाग्य भरोसे छोड़ दिया। वह समय अब बीत गया। लेकिन अब हम उनकी सराहना करें कि आलोचना? मेरी बात मानिये, उनकी रचना पढ़िए।

असल बात यह है कि सृजन की कोई निश्चित डगर नहीं होती। लिखने के पहले कुछ भी तय नहीं होता। अनिश्चय की यात्रा है,चलना है तो चलो वरना कोई और काम ढूंढ लो।

जीवन, समाज, समय और प्रकृति को अधिकाधिक समझे बिना कोई बड़ा रचनाकार नहीं बन सका है। मैंने अनेक रचनाकारों की आत्मकथाएं और जीवनियां पढ़ी हैं। रेणु से रामविलास जी तक को बहुत बड़े-बड़े रचनाकार को करीब से देखा है। कोई भी बनी -बनाई राह पर न चला। सबने अपनी अलग राह बनाई। मोपांसा और मंटो एक-दूसरे के करीब दिखते हैं लेकिन दोनों ने अपनी-अपनी डगर पर चलकर ऊंचाई हासिल की।

हजारीप्रसाद द्विवेदी की इस बात से मैं एकदम सहमत हूं कि किसी को गुरु न बनाओ। अपना गुरु खुद बनो, यह रचनाकार बनने की पहली शर्त है। समुद्र में कूद ही गए हो तो बस तैरना है, जब तक तैर सको।

**-फेसबुक वॉल से**

# भारत में न्याय का धैर्यपर्व



जय प्रकाश पांडेय
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी
ओएनजीसी, देहरादून

बेल की प्रक्रिया के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट ने हुसैनारा खातून बनाम बिहार राज्य (1979) में कहा था कि लंबी अवधि तक विचाराधीन रखने पर स्वतः जमानत मिलनी चाहिए।

भारत में न्याय का सबसे बड़ा प्रतीक 'तारीख' है। इस देश के आम आदमी ने अदालत से अब तक जितना न्याय पाया है, उससे कहीं अधिक 'अगली तारीख' पाई है। आप अदालत जाइए, कोई भी फ़ाइल उठाइए फ़ाइल में न्याय कहीं न कहीं दबा मिलेगा, पर तारीख ऊपर-ऊपर ही पड़ी रहेगी, जैसे किसी रोगी की जांच रिपोर्ट में बीमारी नीचे छिपी हो और डॉक्टर सिर्फ फॉर्मेट देखकर मुस्करा दे। तारीखें मिलती रहती हैं और विचाराधीन बंदी उन तारीखों की गिनती करते-करते अपनी उम्र के कई वसंत, कई सावन जेल की कोठरी में बिता देते हैं - जैसे वह कोई कैदी नहीं, बल्कि 'सरकारी दीवार घड़ी' हो, जो सिर्फ समय बताने के लिए लगी हो।

1987 में विधि आयोग ने कहा था कि हर दस लाख पर पचास जज तो होने ही चाहिए। न्याय की गाड़ी खींचनी है, भाई! लेकिन आज़ादी के अमृतकाल में हम इतने आत्मनिर्भर हो चुके हैं कि पंद्रह जजों से ही काम चला रहे हैं। 'तारीख पर तारीख' की जो ऐतिहासिक परंपरा है, उसका क्या होगा? और फिर न्यायालय परिसर में वर्षों से चल रही चाय की वो दुकानें जहां देश की सबसे धीमी न्यायिक प्रक्रिया की सबसे तेज़ चर्चाएं होती हैं उनका धंधा किस सहारे चलेगा?

राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड के आंकड़ों के अनुसार, 31 दिसंबर 2023 तक देश में पांच करोड़ से अधिक मुक़दमे अदालतों में लंबित हैं जिनमें से कुछ तो इतने पुराने हो चुके हैं कि अब न्याय नहीं, 'पुनर्जन्म की प्रतीक्षा' कर रहे हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की 'भारत में कारागार संबंधी आंकड़े 2022' रिपोर्ट बताती है कि देश की जेलों में बंद कुल कैदियों में से लगभग 77 प्रतिशत विचाराधीन हैं यानी वे नागरिक, जिन पर अभी अपराध सिद्ध नहीं हुआ, पर दंड पहले ही प्रारंभ हो चुका है। न्यायालय की मुहर भले न लगी हो, पर सलाखों ने उन्हें अपराधी मान लिया है। यह भारतीय न्याय प्रक्रिया का वह 'प्रारंभिक दंड पाठ्यक्रम' है, जिसे बिना अदालती प्रमाण के ही लागू कर दिया जाता है। पर न्याय के मंदिर में जब समय की बलि दी जाती है, तो सबसे पहले इन्हीं बंदियों का जीवन उसमें झोंका जाता है। वे दोष सिद्ध नहीं हैं, लेकिन दंड भोग रहे हैं। वे अभियुक्त हैं पर व्यवस्था उन्हें अपराधी मान चुकी होती है। और इस सजा की कोई अधिकतम अवधि नहीं है क्योंकि उसके ऊपर 'तारीखों' का आसमान टंगा होता है।

आंकड़े बताते हैं कि भारत की जेलों में अब 131 प्रतिशत ओअनूप शुक्ल वरक्राउडिंग है। कभी-कभी तो लगता है कि सरकार के लिए जेलें 'डिस्प्ले यूनिट' हैं-जहां बंदियों की संख्या देखकर बाहर की जनता को तसल्ली हो जाती है कि 'अपराधियों पर लगाम कस दी गई है'। अब वह अपराध सिद्ध हुआ या नहीं, यह उतना ज़रूरी नहीं, मुख्य बात यह है कि किसी को पकड़ लिया गया है। बाक़ी तो 'क़ानून अपना काम कर रहा है' वाला राग चलता रहेगा। ताज्जुब तो तब होता है जब कोई निर्दोष व्यक्ति पांच-पांच, दस-दस वर्षों तक विचाराधीन कैदी के रूप में जेल में सड़ता रहता है और फिर एक दिन अदालत कहती है:"दोष सिद्ध नहीं हुआ।" बेल की प्रक्रिया के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट ने हुसैनारा खातून बनाम बिहार राज्य (1979) में कहा था कि लंबी अवधि तक विचाराधीन रखने पर स्वतः जमानत मिलनी चाहिए। पर उस "स्वतः" शब्द की शर्तें इतनी जटिल हैं कि गरीब आदमी के लिए वह न्याय की शर्त नहीं, दंतकथा का पात्र बन जाती है। क़ानून कहता है बेल मिलनी चाहिए, लेकिन व्यवहार पूछता है "जमानती कौन है?" अब एक दिहाड़ी मजदूर, जो खुद जेल में है, जिसके परिजन किसी ईंट-भट्ठे या चाय के खोखे पर जुटे हैं, वह जमानती कहां से लाए? मलिमथ समिति ने भी वर्षों पहले कहा था कि बेल की प्रक्रिया सरल हो। और सच कहें, तो कागज़ों में सरलता आ भी गई है। फार्म दो पेज से घटकर एक हो गया है। पर न्याय व्यवस्था में वह फार्म अब भी वहीं किसी क्लर्क की टेबल के नीचे, और कैदी के भाग्य के ऊपरअटका है। आप चाहें तो बेल मांग सकते हैं पर उसके लिए चाहिए "साक्षरता, दस्तावेज़, जमानती, और थोड़ा-सा भाग्य"। और यदि आप इन सबमें असफल हैं तो न्याय व्यवस्था आपकी प्रतीक्षा नहीं करती, वह बस आपको 'अगली तारीख' थमा देती है।'

26 नवंबर 2024, संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर, गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जो विचाराधीन बंदी जमानत के पात्र हैं, उन्हें रिहा किया जाए। जनवरी 2025 में गृह मंत्रालय ने रिपोर्ट मांगी और संकेत दे दिया कि अब चुप्पी भी दायित्वहीनता नहीं, अपराध मानी जाएगी। आज न्याय प्रक्रिया में जिस प्रकार गरीब विचाराधीन बंदी का जीवन गल रहा है। जब तक गरीब आदमी जेल में न्याय की प्रतीक्षा करते-करते अपने जीवन के वर्ष नष्ट करता रहेगा, तब तक हमारी न्यायिक उपलब्धियां चाहे कितनी भी डिजिटल हो जाएं, न्याय की आत्मा तो ताम्रपत्रों में जड़ी पड़ी रहेगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**आंवला, अमृत विचार :** एक मजदूर का संदिग्ध अवस्था में घर के सामने पेड़ पर लटका हुआ शव मिला है। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने बताया गुरुवार रात करीब 11 बजे पनवड़िया गांव निवासी धर्मवीर लोधी (25) का शव उसके ही घर के सामने पेड़ पर साड़ी के फंदे पर लटका हुआ मिला है। मृतक की पत्नी पुष्पा ने आत्महत्या करने की बात कही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ग्रामीणों ने बताया कि युवक मजदूरी करता था, उसके दो बच्चे हैं।

## कुएं को पाटा

**मीरगंज, अमृत विचार :** गांव गूला में प्राइमरी स्कूल के नजदीक प्राचीन कुआं है। ग्रामीणों का आरोप है दबंग ने कुआं की ईंट उखाड़ कर उसमें मिट्टी डालकर पाट दिया है। वह कुएं की जमीन पर बाउंड्री बनवा रहा है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत तहसीलदार से की। तहसीलदार आशीष कुमार सिंह ने राजस्व निरीक्षक एवं प्रभारी निरीक्षक को जांच कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। शिकायत करने वालों में राम मोहन, टीकाराम, रामप्रकाश, राजेश, प्रमोद, पंकज, राजेंद्र कैलाश आदि शामिल हैं।

## गन्ना उत्पादक स्नातकोत्तर महाविद्यालय बहेड़ी (बरेली)

### निविदा सूचना

महाविद्यालय में सत्र 2025–26 में कैंटीन/साइबर कैफे हेतु निविदायें आमन्त्रित की जाती है। उक्त कार्य करने की इच्छुक फर्म/व्यक्ति टेण्डर फार्म रू. 100.00 देकर निविदा प्रकाशित होने की तिथि के अगले दिन से महाविद्यालय कार्यालय से कार्य दिवस समय प्रात: 10:00 बजे से 02:00 तक प्राप्त कर व्यक्तिगत/वाहक/डाक द्वारा निर्धारित समय अवधि के अन्दर शीलबन्द निविदा सचिव, गन्ना उत्पादक महाविद्यालय, बहेड़ी (बरेली) के नाम से दिनांक 30.06.2025 तक जमा करें। टेण्डर दिनांक 01.07.2025 को प्रात: 11:00 बजे गन्ना उत्पादक महाविद्यालय, बहेड़ी में खोले जायेंगे। निविदा खोलते समय टेण्डर डालने वाले व्यक्तियों की उपस्थिति अनिवार्य है। नियम एवं शर्ते किसी भी कार्य दिवस में महाविद्यालय में देखी जा सकती है। निविदाएं निरस्त व स्थगित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।

**प्रो. (डॉ.) हरिकेश सिंह** — प्राचार्य
**(चौ. नरेन्द्र सिंह)** — कोषाध्यक्ष
**(राजेन्द्र कुमार)** — प्रबन्धक

## बहेड़ी के कारपेंटर की गुड़गांव में हादसे में गई जान

**बहेड़ी, अमृत विचार:** बहेड़ी निवासी एक कारपेंटर की शुक्रवार को गुड़गांव में काम के दौरान पाड़ से गिरने से मौत हो गई, इसकी सूचना मिलते ही उसके घर में कोहराम मच गया।

कस्बे मोहल्ला टांडा निवासी फैजान गुड़गांव में एक इमारत में कार्य का ठेका अपने दोस्तों के साथ मिलकर ली है। शुक्रवार को इमारत के एलीवेशन का काम वह कर रहा था, इसी दौरान नीचे गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी मिलते ही परिवार के लोग तुरंत गुड़गांव रवाना हो गए। फैजान का अभी एक सप्ताह पहले ही निकाह हुआ था, दुल्हन की विदाई नहीं हुई थी। बारावफात में दुल्हन को विदा करने की बात हुई थी। फैजान का पहली पत्नी से कुछ समय पहले तलाक हो गया था। पहली पत्नी से उसे दो बच्चे भी हैं।

## कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, बहेड़ी (बरेली)

पत्रांक : कृ.उ.म.स./2025–125 दिनांक : 13.06.25

### आवश्यक सूचना

कृषि उत्पादन मण्डी समिति, बहेड़ी के परिसर में कार्यरत समस्त लाइसेंसधारी व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि उनकी लाइसेंस की वैधता अवधि दिनांक 30 जून 2025 को समाप्त हो रही है। अत: समस्त व्यापारी वर्ष 2025–26 हेतु अपने लाइसेंस का नवीनीकरण दिनांक 30 जून 2025 से पूर्व कराना सुनिश्चित करें। लाइसेंस नवीनीकरण हेतु निर्धारित प्रार्थना पत्र लाइसेंस शुल्क एवं समस्त देय मण्डी शुल्क, विकास सेस, दुकान किराया, ब्याज आदि तथा मासिक क्रय विक्रय विवरणी सहित जमा करें। 01 जुलाई 2025 से कोई व्यापारी बिना लाइसेंस नवीनीकृत करायें निर्दिष्ट कृषि उत्पादों का क्रय विक्रय, संग्रह, पारेषण करते पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी, जिसके लिए वह स्वयं उत्तरदायी होगा।

**(नरेन्द्र कुमार)** सचिव
**(रत्निका श्रीवास्तव)** सचिव
**कृषि उत्पादन मण्डी समिति, बहेड़ी (बरेली)**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद लखीमपुर खीरी

05872-278426 | www.npplakhimpur.in | E-mail: eonpplakhimpurlk-up@nic.in

पत्रांक: 276/शापरेण्ट/एम.बी.एल./2025–26 दिनांक: 12.06.2025

### नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गल्ला मण्डी स्थिति पालिका की दुकानों प्रथम तल पर निर्मित दुकानों की नीलामी प्रीमियम की उच्चतम बोली के आधार पर दिनांक 28.06.2025 को प्रात: 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद, लखीमपुर में सार्वजनिक रूप से की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति अंकन 50,000/– का बैंक ड्राफ्ट अथवा नकद जमानत राशि के रूप में जमा कर बोली में भाग ले सकता है। बोली निर्धारित लागत से कम आने या अन्य कारणों से बिना किसी सूचना के निरस्त की जा सकती है। यदि बोली किन्हीं कारणोंवश निर्धारित तिथि में नहीं हो पाती है तो बोली अगले कार्य दिवस में की जायेगी, जिसकी सूचना पृथक से नहीं दी जायेगी। शेष नीलामी की शारायतें पूर्ववत रहेगी जो पालिका कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस / कार्यअवधि में देखी जा सकती है।

| क्र.सं. | नीलामी का विवरण | जमानत धनराशि | नीलामी दिनांक |
|---|---|---|---|
| 01. | गल्ला मण्डी स्थिति पालिका की दुकानों के प्रथम तल पर निर्मित दुकानों की प्रीमियम नीलामी। | 50,000.00 | 28.06.2025 |

**अधिशासी अधिकारी** — **नगर पालिका परिषद, लखीमपुर**
**अध्यक्ष** — **नगर पालिका परिषद, लखीमपुर**

## ट्रैक्टर चालक को पीटा

**सिरौली:** शहवाजपुर से भमोरा भात लेकर जा रहे टैक्टर चालक को साइड लगने पर बाइक सवारों ने पीट दिया। मौके पर पहुंचे प्रधान शफी वेग से मारपीट की, जिससे उनका हाथ टूट गया। मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार तिवारी व थाना सिरौली ने घायल को इलाज के लिए भेजा।

## कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, तिकोनियां (खीरी)

पत्रांक: कृ.उ.म.स./2025–26 **विज्ञापन सूचना** दिनांक: 13.06.2025

कृषि उत्पादन मण्डी समिति तिकोनियां के क्षेत्रान्तर्गत कार्यरत समस्त प्रकार के लाइसेन्सधारी व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि कृषि वर्ष 2024–25 के लिए निर्गत लाइसेंसों की वैधता अवधि 30 जून 2025 को समाप्त हो रही है। उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन मण्डी अधिनियम 1964 एवं तदधीन बनायी गयी नियमावली 1965 के प्राविधानुसार उक्त लाइसेंसों के लाइसेंसों का नवीनीकरण कराया जाना आवश्यक है। अत: समस्त लाइसेंसों के लाइसेंसधारी व्यापारी को सूचित किया जाता है कि आगामी कृषि वर्ष 2025–26 के लिए लाइसेंसो का नवीनीकरण दिनांक 20.06.2025 तक समिति के ई–लाईसेंस पोर्टल (emandi.upsdc.gov.in) पर निर्धारित लाइसेंस शुल्क के साथ लाइसेंस नवीनीकरण निम्न प्रतिबन्धों एवं शर्तो के अन्तर्गत किया जायेगा।

1. लाइसेंस प्रार्थना पत्र (20ग) की प्रविष्टियों पूर्ण रूप से भरी हों तथा इस पर पासपोर्ट–साइज का स्व हस्ताक्षरित फोटो चस्पा हो तथा लाइसेंस प्राप्त करने हेतु दो पासपोर्ट साइज के फोटो संलग्न हों।
2. कृषि वर्ष 2024–25 की मासिक मण्डी एवं वार्षिक विवरणियां प्रस्तुत हों।
3. समस्त देय मण्डी शुल्क विकास सेंस, ब्याज एवं अनादृत चेक की धनराशि आदि अवशेष न हो।
4. विगत दो वर्षो में कार्य/व्यापार शून्य न हो।
5. निर्धारित लाइसेंस शुल्क जमा हो।
6. विगत अवधि में फर्म में हुए परिवर्तन का विवरण साक्ष्यों सहित प्रस्तुत किया गया हो।

पांच वर्षीय अथवा आजीवन एवं एकीकृत लाइसेंसधारी लाइसेंस प्रार्थना–पत्र के समस्त देयकों के जमा तथा अवशेष का विवरण मासिक विवरणी एवं स्थिति परिवर्तन सम्बन्धी सूचना/साक्ष्य प्रस्तजुत करना आवश्यक है। दिनांक 30.06.2024 के पश्चात बिना लाइसेंस कार्य करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध मण्डी अधिनियम 1964 (यथा संशोधित) की धारा–09,17 एवं 36, 37 के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी।

**सचिव**
**कृषि उत्पादन मण्डी**
**तिकोनियां–खीरी**

**उपजिलाधिकारी/सभापति**
**कृषि उत्पादन मण्डी समिति**
**तिकोनियां–खीरी**

## रात में पाट रहे तालाब

**नवाबगंज :** नगर पालिका में शामिल गांव वहोर नगला में तालाब को भू माफिया रात में पटवा रहा था। सूचना पर रात करीब 10 :30 बजे नगर पालिका परिषद के सफाई प्रभारी अमर सिंह और राजस्व कर्मियों की टीम के साथ पुलिस बल को मौके पर पहुंचे और तालाब के पटान को रुकवा दिया। उन्होंने बताया किसी को भी सरकारी जमीन पर कब्जा नहीं करने दिया जाएगा, ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई होगी।

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, DIVISIONAL OFFICE U.P. JAL NIGAM(R) A-16 GARDEN STATE BAREILLY MOD SHAHJAHANPUR-243001

Letter No. 2900/WS-19/11 Dt. 13.6.2025

### Very Short term Notice for Publication

On behalf of chairman, U.P. Jal Nigam, Tenders in sealed envelopes are hereby invited by undersigned from registered contractors for "Laying of 200 mm dia.HDPE pipeline water pipeline due to construction of Ganga expressway crossing 257+522 to 258+544 at Gularia Water Supply scheme, Shahjahanpur". As per following schedule and same shall be opened in the office of Executive Engineer, Divisional office U.P. Jal Nigam (R) A-16 garden state, Bareilly mod, Shahjahanpur on Dated 23.06.2025 at 11 Hrs. in the presence of tenders of their authorized representatives present at the time of opening of tenders.

| Sr. No. | Name of Work | Date of Sale of Tender | Date of Receipt of Tender | Date of Opening of Tender | Earnest Money deposit in Rs. | Cost of Tender document in Rs. | Completion Time |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Laying of 200 mm dia. HDPE pipe line water supply pipeline due to construction of Ganga expressway crossing 257+522 to 258+544 at Gularia Water supply Scheme Shahjahanpur | From 14.06.2025 to 20.06.2025 Upto 5:00 PM | 21.06.2025 upto 5:00 PM | 23.06.2025 upto 11:00 AM | 9000.00 | 1000.00 + 18% GST | 15 days |

(Sunny Singh)
Executive Engineer

# कार्यालय नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा अम्बेडकरनगर

पंत्राक–113/न0पं0कि0/अ0नि0सू0/2025–26 दिनांक–11/06/ 2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा जनपद अम्बेडकरनगर में राज्य वित्त आयोग / नगर निधि मद से निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदाएं दिनांक– 11/6/25 से दिनांक–20/06/25 को समय 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है तथा निविदा प्रपत्र दिनांक – 11/06/2025 से 20/06/25 तक समय 02: 00 बजे तक नगद शुल्क देकर प्राप्त किया जा सकता है। प्राप्त निविदा दिनांक – 21/06/2025 को सायं 04: 00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी, अवकाश पड़ने की दशा में निविदा अगले कार्यदिवस में सायं 04:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। विस्तृत जानकारी किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अधिशाषी अधिकारी / अध्यक्ष महोदय को होगा, तथा प्रत्येक निविदादाता के साथ धरोहर धनराशि 02 प्रतिशत नकद व राष्ट्रीय बचत पत्र / किसान विकास पत्र / एफ0डी0आर0 / टी0डी0आर0 जो अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | निविदा मूल्य 18 प्रतिशत जीएसटी सहित | धरोहर धनराशि 02 प्रतिशत | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड नं0 4 मलिकपुर में सुरेश कसौधन से उत्तर राजाराम मिश्रा को मकान तक सीसी रोड नाली निर्माण कार्य । | 4.16 | 500 +90 = 590 | 8320 | 03 माह |
| 2 | वार्ड मखदूमनगर दरगाह में लड्डन के घर से उत्तर मनोज के घर तक सीसी नाली का कार्य । | 7.40 | 800 +144 = 944 | 14800 | 03 माह |
| 3 | वार्ड नं0 8 लाल जी के मकान से दक्षिण पश्चिम हनुमान सोनी के मकान तक इण्टरलाकिंग का कार्य । | 4.60 | 500 +90 = 590 | 9200 | 03 माह |
| 4 | वार्ड रामजानकीनगर / मुख्तारनगर में संदीप कसौधन से सियाराम अग्रहरि के मकान व कुआं के बगल रास्ते पर इण्टरलाकिंग का कार्य । | 6.18 | 700 +126 = 826 | 12360 | 03 माह |
| 5 | वार्ड नं0 5 अशरफनगर में जलालपुर रोड पर अलीरजा के खेत से पश्चिम उमेश के खेत तक मिट्टी पटाई का कार्य । | 3.80 | 400 +72 = 472 | 7600 | 03 माह |
| 6 | वार्ड नं0 6 बसखारी पश्चिमी में बसखारी रोड पर मखदूम अशरफ जूवहाव से पश्चिम घुरहूपुर रोड तक मिट्टी पटाई का कार्य । | 3.42 | 400 +72 = 472 | 6840 | 03 माह |
| 7 | वार्ड नं0 13 रसूलपुर दरगाह के आबादी भाग में स्थित गाटा सं0 272 में मिट्टी पटाई का कार्य । | 7.21 | 800 +144 = 944 | 14420 | 03 माह |
| 8 | वार्ड नं0 10 मखदूमनगर पश्चिमी मोहम्मद अतहर के मकान से उत्तर पुलिया तक सीसी नाली पटिया का कार्य । | 7.61 | 800 +144 = 944 | 15220 | 03 माह |
| 9 | किछौछा तिराहे पर 01 नगर LED Display System की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन का कार्य । | 13.50 | 1400 +252 = 1652 | 27000 | 03 माह |
| 10 | बसखारी (जलालपुर रोड) चौराहे पर प्रचार हेतु 01 नगर LED Display System की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन का कार्य । | 13.50 | 1400 +252 = 1652 | 27000 | 03 माह |
| 11 | वार्ड नं0 12 मखदूमनगर दरगाह में भेड़िया मन्दिर के पास आर0ओ0 अधिष्ठापन का कार्य | 6.13 | 700 +126 = 826 | 12260 | 03 माह |
| 12 | वार्ड मखदूमनगर दरगाह में श्री हीरालाल जायसवाल इण्टर कालेज कैम्पस में आर0ओ0 अधिष्ठापन का कार्य । | 6.13 | 700 +126 = 826 | 12260 | 03 माह |

शर्त :

1. किसी भी टेस्टिंग पर आने वाले खर्च का वहन ठेकेदार द्वारा किया जायेगा ।
2. निविदा स्वीकृत होने की दशा में सम्बन्धित ठेकेदार को शीघ्र अतिशीघ्र अनुबन्ध कराना अनिवार्य होगा ।
3. निविदा प्रपत्र के साथ अद्यतन हैसियत प्रमाण पत्र व चरित्र प्रमाण पत्र स्व प्रमाणित छायाप्रति लगाना अनिवार्य होगा ।
4. निविदा स्वीकृत होने के पूर्व ठेकेदार को शासनादेश सं0–622/23–12–2012–2 आर्डर/08 टीसी दिनांक–08–08–2012 में निहित निर्देशों के अनुसार कार्य की विभागीय दरों से निविदा 01 से 10 प्रतिशत तक दर कम होने पर 0.5 प्रतिशत प्रति 01 प्रतिशत कमी पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक दरों की कमी पर प्रति 01 प्रतिशत की कमी पर 01 प्रतिशत अतिरिक्त सिक्योरिटी / परफश्वरमेंस गारण्टी धनराशि देय होगी। उक्त धनराशि अनुबन्ध के समय जमा करने की बाध्यता होगी ।
5. निविदादाता का ई0पी0एफ0 में पंजीयन होना अनिवार्य होगा ।
6. 100 /– रूपये के स्टाम्प पेपर पर स्व–घोषणा पत्र निर्धारित प्रारूप पर संलग्न करना अनिवार्य होगा ।
7. निविदा डालने से पूर्व ठेकेदार कार्य स्थल से भली–भांति परिचित हो लें।
8. ठेकेदार द्वारा कार्य स्वीकृत होने पर कार्य स्थल का पंजीयन श्रम विभाग से कराना अनिवार्य होगा ।
9. निर्माण कार्यो का भुगतान धन उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा ।
10. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत अशरफपुर**
**किछौछा अम्बेडकरनगर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत अशरफपुर**
**किछौछा अम्बेडकरनगर**

# नहाने गए छह बच्चे डूबे, चार के शव मिले

## सीतापुर में शारदा नदी में नहाने गए थे खीरी के ईसानगर थाना क्षेत्र के बच्चे

संवाददाता, सीतापुर/शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सीतापुर जनपद सीमा क्षेत्र से होकर गुजरी शारदा नदी में नहा रहे चार बच्चे गहरे पानी में डूब गए। तंबौर थाना क्षेत्र के अकबरपुर गांव के छोर पर बहती नदी से दो शव देर शाम निकाले गए। अन्य की तलाश में पुलिस देर रात तक मौजूद रही।

मृतक और लापता बच्चे लखीमपुर खीरी जनपद के ईसानगर थाना क्षेत्र स्थित हसनपुर कटौली गांव के रहने वाले हैं। दूसरी घटना शाहजहांपुर जिले के सेहरामऊ की है। यहां तालाब में नहाने गईं दो बच्चियों की डूबने से मौत हो गई। पहली घटना में लखीमपुर खीरी के ईसानगर थाना क्षेत्र स्थित हसनपुर कटौली निवासी अविनाश शुक्ला, राहुल शुक्ला, देवांश दीक्षित और उत्कर्ष मिश्रा सीतापुर सीमा पर शारदा नदी के दूसरी छोर पर नहाने के लिए आए हुए थे। चारों नहाते हुए गहरे पानी में चले गए।

तट पर मौजूद ग्रामीणों ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए। खबर पाकर एसओ तंबौर राकेश सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। गोताखोरों की मदद से अविनाश शुक्ला (14) और उत्कर्ष मिश्र (14) के शव निकाले जा सके। राहुल शुक्ला (14) और देवांश दीक्षित (14) की तलाश में दोनों जनपदों की पुलिस लगी हुई है।

### शाहजहांपुर में दो बच्चियां तालाब में डूबीं, मौत

शाहजहांपुर के सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के गांव गोरीखुर्द निवासी रामसेवक की 7 वर्षीय पुत्री मधु और दिलीप की 5 वर्षीय पुत्री सरोजनी शुक्रवार शाम अन्य बच्चों के साथ गांव के पास तालाब पर नहाने गई थीं। इस दौरान दोनों गहराई में चली गईं और डूब गईं। करीब आधे घंटे बाद दोनों को बाहर निकाला जा सका जिन्हें डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

## तीन दिन सपा के सार्वजनिक कार्यक्रम रद्दः अखिलेश

**लखनऊ, अमृत विचार :** अहमदाबाद विमान हादसे के बाद पूरा देश दुखी है। विमान हादसों की सबसे बड़ी त्रासदी से दुखी सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने दिवंगत आत्माओं की शांति की प्रार्थना के साथ ही 13 जून से अगले तीन दिन तक पार्टी के सभी सार्वजनिक कार्यक्रमों को रद्द कर दिया है। सपा प्रमुख अखिलेश ने कहा कि सपा की ओर से तीन दिनों 13, 14 और 15 जून को होने वाले पार्टी के सभी सार्वजनिक कार्यक्रमों को रद्द कर दिया गया है।


### उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्रा. लिमिटेड

UMMEED HOUSING FINANCE We bring your dreams to life

पंजीकृत कार्यालय: यूनिट 2009-14, 20वीं मंजिल, मैग्नम ग्लोबल पार्क, सेक्टर-58, गुरुग्राम (हरियाणा)-122002")
CIN: U65922HR2016PTC057984

**सरफेसी अधिनियम की धारा(13)2 के तहत मांग सूचना**

चूंकि ऋण खाता एनपीए बन गया है, इसलिए प्राधिकृत अधिकारी ने तालिका में दिए गए **उधारकर्ता/आवेदक/गारंटर/बन्धककर्ता को वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13[2]** के तहत मांग नोटिस जारी किया है। नोटिस के अनुसार यदि उधारकर्ता 60 दिनों के भीतर पूरी राशि जमा नहीं करते हैं, तो राशि नीचे उल्लिखित बंधक संपत्ति/सुरक्षित संपत्तियों की नीलामी से वसूल की जाएगी। इसलिए, उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे मांग नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर भविष्य के ब्याज और खर्चों के साथ पूरी ऋण राशि जमा कर दें, अन्यथा उक्त **अधिनियम के प्रावधान 13 [4] और 14 के तहत प्राधिकृत अधिकारी नीचे दिए गए अनुसार बंधक संपत्ति/सुरक्षित संपत्तियों की बिक्री के लिए कब्जा ले लेंगे।**
उधारकर्ताओं को ध्यान देना चाहिए कि **अधिनियम, 2002 के 13 [13]** के संदर्भ में इस नोटिस की प्राप्ति के बाद, आपको सुरक्षित लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना, बिक्री, पट्टे या अन्य किसी भी माध्यम से किसी भी सुरक्षित संपत्ति को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित और रोका जाता है।
उधारकर्ताओं का ध्यान सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 अधिनियम की **धारा-13[8] आर/डब्ल्यू नियम 3[5]** की ओर आकर्षित किया गया है कि उधारकर्ता नीलामी नोटिस के प्रकाशन से पहले नीचे उल्लिखित पूर्ण बकाया राशि के भुगतान पर अपनी सुरक्षित संपत्तियों को प्राप्त करने का हकदार होगा, जो उसके बाद समाप्त हो जाएगी।

| क्र सं | उधारकर्ता/आवेदक/गारंटर/बंधककर्ता का नाम | धारा 13 [2] के तहत मांग नोटिस की तारीख और राशि |
|---|---|---|
| 1. | **1. अमित कुमार पुत्र वीर पाल (उधारकर्ता), 2. ममता देवी पत्नी अमित कुमार (सह-उधारकर्ता), दोनों :** 40, हरदास पुर, बरेली, उत्तर प्रदेश-243301, **3. ललित कुमार पुत्र बीरपाल शर्मा (गारंटर) उपरोक्त निवास स्थान:** घिलौरा, मिलक मझरा, आंवला, बरेली उत्तर प्रदेश। 243402 **ऋण संख्या LXBAR04123-240035627 ऋण अनुबंध दिनांक- 29-मार्च-2024 ऋण राशि रु. 650000/-** | **09 जून 2025 रु.524991.48/-(रुपये पाँच लाख चौबीस हजार नौ सौ इक्यावन और अड़तालीस पैसे केवल) दिनांक 10 जून 2025 से अतिरिक्त ब्याज और अन्य शुल्क सहित।** |

**बंधक संपत्ति का विवरण:-** 100.84 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले भूखंड का समस्त अंश एवं खंड, ग्राम हरदासपुर में स्थित, परगना सिरौली, तहसील-आंवला, जिला बरेली, उत्तर प्रदेश, **सीमाएँ: पूर्व**-सड़क 5 फीट चौड़ी, **पश्चिम**- चंदर शेखर का घर, **उत्तर**- महेंद्र की संपत्ति, **दक्षिण**- ओमेंद्र की संपत्ति।

**दिनांक: 14.06.2025, स्थान: गुरुग्राम**

**प्राधिकृत अधिकारी** श्री गौरव त्रिपाठी मोबाइल- 9650055701 **उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्रा. लिमिटेड**


# पोस्टमार्टम से पहले पहुंचा थाने, बोला-साहब मैं जिंदा हूं

संवाददाता, कानपुर

- **कानपुर में घाटमपुर ओवरब्रिज के पास मिले शव की अजय के रूप में हुई थी शिनाख्त**

**अमृत विचार :** हाथ जोड़े एक व्यक्ति शुक्रवार दोपहर घाटमपुर थाने पहुंचा और पुलिस कर्मियों से कहा, साहब मेरा पोस्टमार्टम रुकवाओ, मैं जिंदा हूं। यह सुनकर पुलिसकर्मी हैरान रह गए। उसने कहा, लोगों से जानकारी पाकर सीधा थाने आया हूं, नहीं तो कागजों में मृत हो जाऊंगा। मामला घाटमपुर एसीपी तक पहुंचा तो उन्होंने कहा चूक हुई है। लावारिस शव की दोबारा शिनाख्त कराई जाएगी।

हुआ यह कि घाटमपुर ओवरब्रिज के पास गुरुवार को एक लावारिस शव मिला था। जिसकी शिनाख्त के प्रयास में पुलिस लगी थी। शव की शिनाख्त न होने पर पुलिस ने व्हाट्सएप ग्रुपों पर लावारिस शव की फोटो वायरल कर दी। देर शाम घाटमपुर थाने पहुंचकर सुमन नामक महिला ने शव की शिनाख्त कानपुर देहात के ईदुरुख निवासी अपने भाई अजय संखवार के रूप में की। इससे अजय के परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर पंचनामा की कार्रवाई की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस बीच अजय संखवार शुक्रवार दोपहर घाटमपुर थाने पहुंच गया और पुलिस कर्मियों के सामने हाथ जोड़कर खड़ा हो गया। उसने बताया कि साहब मैं जिंदा हूं, मेरा जीते जी पोस्टमार्टम होने वाला है। उसे रुकवाएं। पुलिस यह सुनकर हैरान रह गई। पुलिस कर्मियों के पूछने पर उसने बताया कि वह भीतरगांव कस्बा स्थित ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद सुलतानपुर

पत्रांकः 177 / न0पा0परि0सु0 / 2025–26 दिनांकः 13 जून, 2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद सुलतानपुर द्वारा 15वें वित्त आयोग के बुनियादी सुविधाओं (अनटाइडग्राण्ट) अन्तर्गत निम्न निर्माण कार्य कराये जाने हेतु ठेकेदारों / फर्मो से दिनांक 30/06/2025 को सायं 3:00 बजे तक सील बन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन ठेकेदारों की उपस्थिति अथवा अनुपस्थिति में 3.30 बजे नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के सभाकक्ष में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य का भुगतान कर नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के निर्माण विभाग कार्यालय में दिनांक 28/06/2025 तक प्राप्त किये जा सकते है। निविदा के साथ धरोहर धनराशि एन0एस0सी0/ डी0डी0आर0 / एफ0डी0आर0 जो अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के पक्ष में बन्धक हो, जमा करना अनिवार्य होगा। बिना धरोहर धनराशि के किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा प्रपत्र साफ–साफ शब्दों एवं अंको में कार्य की कुल लागत पर प्रतिशत दर ठेकेदार के स्वयं के हस्ताक्षर सहित अंकित किया हुआ ही मान्य होगा। कार्य प्रत्येक दशा में निर्धारित अवधि में पूर्ण करना होगा, अन्यथा बिना नोटिस दिये जमानत धनराशि जब्त करते हुए ठेका निरस्त कर दिया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताएं निरस्त किये जाने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। कार्य के सम्बन्ध में अन्य जानकारियां किसी भी कार्यालय दिवस में पालिका के निर्माण विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 | कार्य का नाम | आगणन धनराशि | आगणन धनराशि (लाख में) जी0एस0टी सहित | धरोहर धनराशि | टेण्डर प्रपत्र का मूल्य + जी0एस0टी सहित | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड नरायनपुर में मो0 सौरमऊ में कृष्ण कुमार मिश्र के घर से पूर्व में बनी सम्पर्क मार्ग तक इंटरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 5,90,335.00 | 6,96,595.00 | 59000.00 | 500+90 | 02 माह |
| 2 | वार्ड घोसियाना में संतोष के घर से राम अनुज शुक्ला के घर होते हुए बुद्धू के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 8,47,374.00 | 9,99,901.00 | 84700.00 | 800+144 | 02 माह |
| 3 | वार्ड डिहवा में अंसार अहमद के मकान से शमशाद के मकान होते हुए हामिद नेता के मकान होते हुए जमाल सोनू के मकान तक आर0सी0सी0 नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य। | 6,44,217.00 | 7,60,176.00 | 64400.00 | 600+108 | 02 माह |
| 4 | वार्ड डिहवा में हसीना बेगम के मकान से कौशलेन्द्र के मकान होते हुए आविद किराना के मकान होते हुए मुस्तफा के मकान तक आर0सी0सी0 नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य। | 6,07,745.00 | 7,17,139.00 | 60700.00 | 600+108 | 02 माह |
| 5 | वार्ड डिहवा में तुलसीराम के मकान से मोबीन बाबर्ची के मकान होते हुए सलीम के घर व निसार कौव्वाल के मकान से आवाद के मकान व हाजी गुलजार के घर से गयास के घर तक व हाजी गुलजार के घर के मोड़ से रईस बिजली वाले के घर तक आर0सी0सी0 नाली व इंटरलाकिंग कार्य। | 8,33,798.00 | 9,83,832.00 | 83300.00 | 800+144 | 02 माह |
| 6 | वार्ड लालडिग्गी में रईस की डेरी से रूखसार के मकान तक इंटरलाकिंग एवं नाली निर्माण कार्य। | 8,38,032.00 | 9,88,878.00 | 83800.00 | 800+144 | 02 माह |
| 7 | वार्ड लालडिग्गी में उदय मेडिकल स्टोर से आमोद सिंह के घर तक नाली कबरिंग एवं रबड़मोल्ड तथा रोड से विजय बहादुर सिंह के मकान तक कबर्ड नाली और मेनरोड पर कासिंग तथा नार्मल चौराहे तक नाले का सफाई कार्य। | 7,71,106.00 | 9,09,905.00 | 77100.00 | 700+126 | 02 माह |
| 8 | वार्ड विवेक नगर में राहुल भानु मिश्र के घर से अशोक गोस्वामी के घर तक आर0सी0सी0 नाली मरम्मत कार्य। | 8,24,050.00 | 9,72,379.00 | 82400.00 | 800+144 | 02 माह |
| 9 | वार्ड विवेक नगर जितेन्द्र कुमार के घर से ऋतिक दीक्षित के घर तक इंटरलाकिंग सड़क निर्माण कार्य। | 8,07,020.00 | 9,52,284.00 | 80700.00 | 800+144 | 02 माह |
| 10 | वार्ड सिविल लाइन में गुरमीत टेंट हाउस से उमाशंकर के घर तक सी0सी0 रोड मरम्मत कार्य। | 7,76,756.00 | 9,16,572.00 | 77600.00 | 700+126 | 02 माह |
| 11 | वार्ड आदर्शनगर में पी0एन0 चौबे / देव नरायन तिवारी के मकान से राम निवास पोद्दार के मकान से होते हुए शिवशंकर मौर्या के मकान तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य। | 3,76,311.00 | 4,44,047.00 | 37600.00 | 500+90 | 02 माह |

**(लाल चन्द्र सरोज)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद सुलतानपुर**

**(प्रवीन कुमार अग्रवाल)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद सुलतानपुर**



## कार्यालय नगर पालिका परिषद लखीमपुर खीरी

05872-278426 | www.npplakhimpur.in | E-mail: eonpplakhimpurlk-up@nic.in

पत्रांकः 1144/1जननिर्माण/एम.बी.एल./2025–26 दिनांकः 12.06.2025

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

15 वें वित्त आयोग (टाइड ग्रान्ट) के अन्तर्गत स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार / केन्द्र सरकार / अन्य सरकारी विभाग में विभिन्न श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्माण/विकास कार्य हेतु 13.06.2025 सायं 05:00 बजे से दिनांक 05.07.2025 सायं 05:00 बजे तक प्रतिशत दर के आधार पर ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्न विवरणानुसार निविदा में प्रतिभाग कर सकते है।

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि- 13.06.2025 सायं 05:00 बजे से।
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि- 05.07.2025 सायं 05:00 बजे तक।
3. ई-निविदा के माध्यम से टेक्निकल बिड निविदा खोलने की तिथि- 07.07.2025 अपरान्ह 04:00 बजे।
4. फाइनेन्शियल बिड टेक्निकल बिड स्वीकृत होने के उपरान्त खोली जायेगी।

निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी व शर्तो के लिए कृपया वेबसाइट http://etender.up.nic.in एवं www.npplakhimpur.in लॉगिन करें तथा बिड डाक्यूमेंट को डाउनलोड करें।


**संजय कुमार**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, लखीमपुर**

**डॉ. इरा श्रीवास्तव**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, लखीमपुर**


# समिति की जमीन बेच 1.44 करोड़ का गबन

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** कटघर थाना पुलिस ने आविद नगर करूला निवासी रईस अली व गलशहीद के असालतपुरा निवासी सिकंदर हुसैन के खिलाफ जालसाजी, धोखाधड़ी और गबन का केस दर्ज किया है। मामला आवास एवं विकास परिषद के सहकारी अधिकारी(आवास) सतीश कुमार की तहरीर पर लिखा गया है। जिसमें आरोप है कि दोनों ने फर्जीवाड़ा करके समिति के पदाधिकारी पद पर कब्जा कर लिया। बाद में पंडित नगला स्थित किदवईनगर सहकारी आवास समिति की जमीन में से आठ भूखंड अपने लोगों को रजिस्ट्री कर दी। इसके अलावा समिति के खातों से भी पैसा निकाल लिया। आरोपियों ने कुल मिलाकर 1 करोड़ 44 लाख 10 हजार का गबन कर लिया।

# कैंची धाम के मालपुए में छिपा है नीम करौली का आशीर्वाद



**नैनीताल, अमृत विचारः** नैनीताल में स्थित विश्वप्रसिद्ध कैंची धाम सिर्फ लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है। बाबा नीम करौली महाराज की इस पावन तपोभूमि पर हर साल 15 जून को लाखों श्रद्धालु जुटते हैं।

इस दिन को कैंची धाम के स्थापना दिवस के रूप में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। खास बात यह है कि इस दिन श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में मालपुए दिए जाने की परंपरा बाबा नीम करौली महाराज के समय से ही चली आ रही है। बताया जाता है कि बाबा को मालपुआ बेहद प्रिय था। बाबा जब भी किसी अनुष्ठान या पूजा में भाग लेते तो उन्हें विशेष रूप से मालपुए का भोग लगाया जाता था। कैंची धाम ट्रस्ट से जुड़े एमपी सिंह बताते हैं कि बाबा ने स्वयं इसे प्रसाद के रूप में निर्धारित किया था।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड, बरेली

अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या 02/अ0अ0/सिंखब/2025–26

**निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन प्री–क्वालीफिकेशन/टेक्निकल एवं फाइनेंशियल बिड सिंचाई विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 23.6.2025 को दोपहर 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिनकी टेक्निकल बिड दिनांक 23.6.2025 को मुख्य अभियन्ता (शारदा), सिंचाई विभाग, उ0प्र0, बरेली द्वारा गठित समिति द्वारा दोपहर 03:30 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालिफाई होने वाले निविदादाताओं की फाइनेंशियल बिड ऑनलाइन खोली जायेगी। ई–निविदा प्रपत्र दिनांकः 16.6.2025 प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 23.6.2025 दोपहर 3:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकेंगे। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में उक्त बिड अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जायेगी।

यह ई–निविदा/बिड सूचना एवं प्रपत्र उ0प्र0 सरकार की बेबसाईट http://etender.up.nic.in/ व http://idup.gov.in पर उपलब्ध है।

| लॉट नं0 | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) जी0एस0टी0 रहित | धरोहर धनराशि 2% (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0 टी0 सहित (रू0 में) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | बैगुल बांध के द्वितीय निरीक्षण रोड के किमी0 8.150 से किमी0 8.700, किमी0 12.000 से किमी0 13.150 तक मरम्मत का कार्य। | 11.69 | 23,380.00 | 30 दिवस | 225+41+500 =766.00 | सी' अथवा उच्च |
| 2. | बैगुल बांध के किमी0 7.500 से किमी0 7.800 के मध्य अपस्ट्रीम में क्षतिग्रस्त बोल्डर पिचिंग का कार्य। | 10.91 | 21,820.00 | 30 दिवस | 225+41+500 =766.00 | सी' अथवा उच्च |
| 3. | नानकसागर बांध निरीक्षण भवन की मरम्मत का कार्य। | 10.13 | 20,260.00 | 30 दिवस | 225+41+500 =766.00 | सी' अथवा उच्च |
| 4 | नानकसागर बांध के पश्चिमी पार्श्व के किमी0 4.500 से किमी0 6.350 के मध्य विभिन्न रीच में अपस्ट्रीम में क्षतिग्रस्त पिचिंग मरम्मत का कार्य। | 5.02 | 10,040.00 | 30 दिवस | 225+41+500 =766.00 | सी' अथवा उच्च |

**UP-234873 दिनांक 12.06.2025 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

**अधिशासी अभियन्ता**
**सिंचाई खण्ड, बरेली**


# चंडीगढ़ एक्सप्रेस में दो पक्षों में मारपीट, मची अफरा-तफरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चंडीगढ़ से लखनऊ एक्सप्रेस में कपड़ों पर चाय गिर जाने से जनरल कोच में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इससे कोच में अंदर अफरा तफरी मच गयी। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर सोने की चेन और रुपये छीनने का आरोप लगाया है। कंट्रोल के आदेश पर जीआरपी और आरपीएफ ने दोनों पक्षों को नीचे उतार लिया। दोनों पक्षों में काफी देर तक पंचायत हुई और दोनों पक्ष चले गए।

चंडीगढ़-लखनऊ एक्सप्रेस शुक्रवार की सुबह साढ़े पांच बजे आ रही थी। जनरल कोच में हरदोई जिले और कुरुक्षेत्र के लोग सीट पर ऊपर नीचे बैठे थे। बरेली से ट्रेन छूटने के बाद नीचे बर्थ पर बैठे हरदोई के यात्रियों के कपड़ों पर चाय गिर गयी। इस दौरान ऊपर की सीट पर बैठे कुरुक्षेत्र के लोगों से कहा कि दिखाई नहीं देता है और चाय कपड़ों पर गिरा दी। इस बात से दोनों पक्षों में कहासुनी हो गयी। कुरुक्षेत्र के यात्री सीट से नीचे उतर आए और हरदोई के यात्रियों से हाथापाई होने लगी। दोनों पक्षों की चलती ट्रेन में जमकर हाथापाई होने लगी।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड, बरेली।

पत्रांक 436/ल0सिं0/हौज निर्माण/ई–निविदा/ 2025–26 दिनांक 06.06.2025

**अल्पकालीन ई– निविदा सूचना संख्या–22/2025–26**

महामहिम राज्यपाल महोदय,उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता,लघु सिंचाई खण्ड बरेली द्वारा जनपद बरेली एवं बदायूं में हौज नाली निर्माण कार्य हेतु ई–टेन्डर पर पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से बजट की प्रत्याशा में प्रतिशत दर पर निम्न कार्यों हेतु ई– निविदा आमन्त्रित की जाती है।

कार्य का विवरण

| क्0सं0 | कार्य स्थल का नाम | कार्य की लागत | धरोहर धनराशि रूपये में | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 एवं स्टेश्नरी सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | क्लस्टर–8 विकास खण्ड फतेहगंज (प0) जनपद बरेली में 02 कृषकों का हौज नाली निर्माण कार्य। | 58546.00 | 5860.00 | 50+9+500=559.00 | एक माह |
| 2. | क्लस्टर–7 विकास खण्ड दहगवां जनपद बदायूँ में 03 कृषकों का हौज नाली निर्माण कार्य। | 74326.00 | 7440.00 | 50+9+500=559.00 | एक माह |

बिड डाक्यूमेट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 16.06.2025 से दिनांक 24.06.2025 उपलब्ध रहेंगे जो कि दिनांक 16.06.2025 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 24.06.2025 के अपरान्ह 05:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते हैं। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 25.06.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से अधीक्षण अभियन्ता,लघु सिंचाई वृत्त,बी0डी0ए0 कॉम्पलेस,तृतीय तल,प्रियदर्शनी नगर,बरेली के कार्यालय मे निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेगी,तदोपरान्त तकनीकी बिड में पात्र पाये गये निविदादाताओं की फाईनेन्शियल बिड खोली जायेगी। उक्त तिथि में अवकाश घोषित होने पर कार्यवाही अगले कार्य दिवस मे तत्समय की जायेगी निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.inतथा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**UP-234871 दिनांक 12.06.2025 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

**अधिशासी अभियन्ता**
**लघु सिंचाई खण्ड बरेली।**


# दुष्कर्म पीड़िता बच्ची को 36 घंटे के बाद आया होश

**कानपुर, अमृत विचार :** घाटमपुर की दुष्कर्म पीड़ित पांच वर्षीय बच्ची को शुक्रवार 36 घंटे के बाद होश आया। बच्ची माता-पिता को सामने देखकर हल्की सी मुस्कुराई। यह देख माता-पिता ने थोड़ी राहत की सांस ली। हालांकि बच्ची को अभी बोलने में दिक्कत हो रही है और पांच डॉक्टरों का पैनल उसके इलाज में लगा है।

घाटमपुर में तीन दिन पहले पांच वर्षीय बच्ची के साथ एक युवक ने दुष्कर्म किया था। उसके सिर पर ईंट से हमला कर घायल कर दिया था। स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र से बच्ची को हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया था। यहां पर डॉक्टरों ने बच्ची को पीआईसीयू में रखकर इलाज शुरू किया।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री के सभी सार्वजनिक कार्यक्रम रहे रद्द

**अमृत विचार, लखनऊ :** अहमदाबाद में हुई अत्यंत हृदयविदारक विमान दुर्घटना के कारण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शुक्रवार के सभी सार्वजनिक कार्यक्रम रद्द कर दिए। मुख्यमंत्री की अंबेडकरनगर में शिवबाबा स्थान पर किसानों के बीच जनसभा तय थी। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत 431 लोगों को 20 करोड़, 78 लाख, 25 हजार रुपये सहायता राशि का प्रतीकात्मक चेक देकर डीबीटी के माध्यम से धनराशि सीधे खाते में भेजी जानी थी।

### मानसून में भी खुला रहेगा दुधवा का मोहम्मदी रेंज

**अमृत विचार, लखनऊ :** दुधवा नेशनल पार्क के मोहम्मदी रेंज को मानसून सीजन में भी पर्यटकों के लिए पहली बार खोला जा रहा है। उप्र. इको-टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड की इस नई पहल का उद्देश्य पर्यटकों को वर्षा ऋतु में जंगल की अनदेखी और खूबसूरती से रूबरू कराना है। इससे मानसून सीजन में भी स्थानीय समुदायों व व्यवसायों को आय का नया जरिया मिलेगा। यह जानकारी देते हुए पर्यटन एवं संस्कृति शुक्रवार को जयवीर सिंह ने दी।

### बिजली कटौती के खिलाफ आप करेगी प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी में पूरे प्रदेश में घंटों बिजली कटौती हो रही है। इसके खिलाफ आम आदमी पार्टी (आप) के प्रदेश प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि प्रदेश में लगातार हो रही बिजली कटौती के खिलाफ 18 जून को आप प्रदेश व्यापी विरोध प्रदर्शन करेगी। सांसद शुक्रवार को गोमती नगर पार्टी कार्यालय में संबोधित कर रहे थे, उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगातार महंगी हो रही बिजली और उस पर घंटों बिजली की कटौती की मार जनता झेल रही है।

# निराश्रित परिवारों को घर बैठे मिलेगा योजना का लाभ

- मुख्यमंत्री योगी की पहल से बदली व्यवस्था, आवेदन से लेकर भुगतान तक ऑनलाइन
- पात्रों को 75 दिन के भीतर मिलेगा लाभ, योगी सरकार ने तय की सख्त समय सीमा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के गरीब एवं असहाय परिवारों को राहत पहुंचाने वाली राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना से आर्थिक सहायता के लिए महीनों चक्कर काटने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आवेदन से लेकर भुगतान तक की पूरी प्रक्रिया इंटरनेट आधारित कर दी गई है और हर कदम पर जवाबदेही तय की गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इसे अधिक पारदर्शी, तेज और जनता के अनुकूल बना दिया गया है। सरकार परिवार के ऐसे कमाऊ मुखिया जिसकी उम्र 18 वर्ष से अधिक और 60 वर्ष से कम हो और उसकी मृत्यु हो गई हो ऐसी दशा में उनके आश्रित को राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना से लाभान्वित कर रही है। जिसमें आय सीमा शहरी क्षेत्र में 56,460 रुपये और ग्रामीण क्षेत्र में 46,080 रुपये निश्चित की गई है। सरकार ऐसे परिवार को 30,000 रुपये एकमुश्त भुगतान करती है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में योगी सरकार ने 1,08,883 निराश्रित परिवारों तक योजना का लाभ पहुंचाया है, जिसमें सरकार ने 326.64 करोड़ रुपये खर्च किया है।

नई व्यवस्था के तहत पात्र आवेदकों को अब आवेदन की तारीख से 75 दिनों के भीतर सहायता राशि उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया गया है। यदि किसी कारणवश यह समय सीमा पार होती है, तो अब मामले को लंबी प्रक्रिया में उलझाने की बजाय जिला स्तर पर ही समिति से अनुमोदन लेकर तुरंत भुगतान किया जाएगा। यानी अब जरूरतमंदों को देरी के लिए प्रदेश स्तर की मंजूरी का इंतजार नहीं करना होगा। यह बदलाव उन परिवारों के लिए राहत लेकर आया है, जो समय पर सहायता की प्रतीक्षा में थे।

### जिला समाज कल्याण अधिकारी को जिम्मेदारी

योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। वे यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी आवेदक को पहले सहायता नहीं मिली हो। सत्यापन के बाद पात्र लाभार्थियों की अंतिम सूची तैयार कर 7 दिनों के भीतर स्वीकृति समिति के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। इसके बाद सूची को डिजिटल सिग्नेचर के साथ पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा और सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) के जरिए आधार लिंक बैंक खाते में धनराशि हस्तांतरित होगी।

### त्वरित सहायता और शिकायत निवारण की व्यवस्था

बजट की कमी होने पर भी जिलाधिकारी ट्रेजरी नियमों के तहत धनराशि निकालकर भुगतान सुनिश्चित कर सकते हैं, जिससे लाभार्थियों को लाभ मिलने में देरी न हो। योजना से जुड़ी किसी भी समस्या के समाधान के लिए मुख्यालय स्तर पर कमांड सेंटर में हेल्पलाइन नंबर 14568 शुरू किया गया है, जहां लाभार्थी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# साइबर अपराधियों के 10 ठिकानों पर छापा

- लखनऊ समेत देशभर के कई शहरों में सीबीआई ने चलाया आपरेशन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सीबीआई ने साइबर अपराधियों पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान आपरेशन चक्र-वी के तहत चार राज्यों के 10 ठिकानों पर छापा मारा। इस दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई की टीम ने यह कार्रवाई दिल्ली, हरियाणा के हिसार, यूपी के लखनऊ, महाराष्ट्र के मुंबई, पुणे और नासिक में की।

सीबीआई के अधिकारी के मुताबिक, छापेमारी के दौरान मुंबई के कल्याण निवासी एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जांच में साइबर अपराधी नेटवर्क को प्री-एक्टिवेटेड सिम कार्ड और बैंक खाते उपलब्ध कराने की पुष्टि हुई है। तलाशी में भारी मात्रा में साइबर अपराध से जुड़े साक्ष्य बरामद किये गये हैं। पकड़ा गया आरोपी सुनियोजित धोखाधड़ी से संबंधित है। एक फर्जी मोबाइल एप्लीकेशन और व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से अनजान व्यक्तियों से ठगी की गई। आरोपी ने नामी कंपनियों के शेयर को रियायती दरों पर देने का वादा करके निवेशकों को धोखा देता था।

# मदरसे में नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म कर बनाया वीडियो, मौलवी गिरफ्तार

- परिजनों की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज, अरोपी को जेल भेजा

हापुड़, एजेंसी

जिले के एक मदरसे में नाबालिग छात्रा से कथित तौर पर दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर सार्वजनिक करने के आरोप में एक मौलवी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि गढ़मुक्तेश्वर थानाक्षेत्र के एक गांव स्थित मदरसे में 14 वर्षीया नाबालिग छात्रा पढ़ने जाती थी, जहां मौलवी हाफिज वसीम ने 12 अप्रैल और 10 मई को उससे दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बना लिया। एक अधिकारी ने बताया कि लड़की के परिजनों ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि मौलवी वीडियो सार्वजनिक करने की धमकी देकर उनकी बेटी को ब्लैकमेल करने लगा और विरोध करने पर सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर दिया।

पुलिस ने बताया कि परिजनों ने गुरुवार को गढ़मुक्तेश्वर थाने में शिकायत दर्ज कराई। गढ़मुक्तेश्वर थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) नीरज कुमार ने बताया कि मामले में गुरुवार देर शाम पुलिस ने संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर बहादुरगढ़ निवासी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शुक्रवार को विधिक प्रक्रिया पूरी कर आरोपी मौलाना हाफिज वसीम को जेल भेज दिया।

# राहुल गांधी के खिलाफ 15 जुलाई को होगी सुनवाई

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** करीब 12 साल पहले मुजफ्फरनगर दंगा पीड़ित मुस्लिम युवकों को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से संपर्क साधने का बयान देने से जुड़े मामले में सांसद राहुल गांधी के खिलाफ पड़ी निगरानी अर्जी पर सुनवाई वकीलों के प्रस्ताव के कारण 15 जुलाई तक टल गई। कोतवाली नगर के घरहां खुर्द निवासी मो. अनवर ने 24 अक्टूबर 2013 को मध्य प्रदेश के इंदौर में चुनावी जनसभा के दौरान कांग्रेसी नेता राहुल गांधी के जरिये समुदाय विशेष पर दिए बयान से नाराज होकर एमपी/एमएलए कोर्ट में उन्हें तलब कर दंडित किए जाने की मांग के लिए परिवाद दाखिल किया था।

# बाढ़ प्रबंधन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

- मुख्य सचिव ने मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ बाढ़ प्रबंधन व अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी की समीक्षा की

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने शुक्रवार को सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बाढ़ प्रबंधन व 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के आयोजन की तैयारियों और मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों के निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा की।

मुख्य सचिव ने कहा कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 20 जून तक पूर्वी उप्र. और 25 जून तक पश्चिमी उप्र. में मानसून के प्रवेश की संभावना है। बाढ़ प्रबंधन और राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय और समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।

**44 जिले संवेदनशील, 13.40 करोड़ आवंटित :** राहत आयुक्त भानु चन्द्र गोस्वामी ने बताया कि राज्य के 44 जिले, 118 तहसील, 2500 ग्राम और 5600 मजरे बाढ़ के प्रति संवेदनशील हैं। पहली बार 20 वर्षों के रिमोट सेंसिंग फ्लड इनन्डेशन मैप्स को केडेस्ट्रल मैप्स पर सुपरइम्पोज कर बाढ़ की माइक्रोमैपिंग की गई। पीएसी की 17 फ्लड कंपनियों की 48 टीमें, एसडीआरएफ की 15 टीमें और एनडीआरएफ की 11 टीमें 74 अति संवेदनशील तहसीलों में प्री-डिप्लॉय किया गया है। 18 अति संवेदनशील जिलों को 50-50 लाख, 12 संवेदनशील जिलों को 25-25 लाख और 14 सामान्य संवेदनशील जिलों को 10-10 लाख रुपये की धनराशि सौंपी गई, कुल 13.40 करोड़ रुपये एडवांस में आवंटित की गई हैं।



बाढ़ प्रबंधन को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह।

**योग दिवस पर होगी प्रतियोगिता, मिलेंगे 21 हजार तक नकद :** प्रमुख सचिव आयुष रंजन कुमार ने बताया कि योग दिवस पर जिला एवं राज्य स्तर पर प्रतियोगिताओं का भी आयोजन कराया जा रहा है। इसमें निबंध, स्लोगन, योग चित्रकला व योगासन प्रतियोगिता शामिल है। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए आयुष विभाग द्वारा www.iyd2025.com पोर्टल तैयार किया गया है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 21 हजार, द्वितीय पुरस्कार 11 हजार, तृतीय पुरस्कार 5100, चतुर्थ पुरस्कार 2100 व पंचम पुरस्कार 1100 रुपये का प्रदान किया जायेगा।

# आधुनिक जनसुविधा केंद्रों में बदलेंगी सरकारी राशन की दुकानें

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में राशन की दुकानों का हुलिया बदलने वाला है। सरकारी राशन की दुकानें अब सिर्फ अनाज वितरण का केंद्र नहीं रहेंगी। सरकार इन्हें आधुनिक जनसुविधा केंद्रों में बदलने की तैयारी में है। मंशा गांव-कस्बों में एक ही जगह पर कई सेवाएं देने की है। ताजा योजना में इन दुकानों पर अब छोटे गैस सिलेंडर, ई-स्टांप, बिजली और मोबाइल बिल भुगतान की सुविधा भी मिलेगी। इसके अलावा, माइक्रो एटीएम और इंटरनेट वाई-फाई जैसी सेवाएं भी उपलब्ध कराई होंगी। दरअसल, पुरानी और जर्जर हो चुकी राशन दुकानों को अब नए भवनों में स्थानांतरित होंगी।

# हनीमून पर सिक्किम गए युगल की 17 दिन से कोई खबर नहीं

- युवक के पिता की बिगड़ी तबियत एम्स में एडमिट
- प्रतापगढ़ के राहाटीकर से 26 मई को सिक्किम गए थे नवदंपती

नीरज श्रीवास्तव, रायबरेली

**अमृत विचार :** हनीमून मनाने सिक्किम गए कौशलेंद्र और अंकिता का अभी तक कोई पता नहीं चला है। इकलौते पुत्र और बहु की 17 दिन से कोई खबर न मिलने पर आखिरकार पिता की तबियत बिगड़ गई। परिजनों ने उन्हें रायबरेली एम्स में एडमिट कराया है, जहां पर उनकी हालात ठीक बताई जा रही है।



कौशलेंद्र और अंकिता।

रायबरेली-प्रतापगढ़ बॉर्डर पर सांगीपुर ब्लॉक के राहाटीकर गांव निवासी शेर बहादुर सिंह के पुत्र कौशलेंद्र सिंह का विवाह पट्टी तहसील के धनगढ़ सराय छिवलहा निवासी राजेश सिंह की पुत्री अंकिता से बीती पांच मई को हुआ था। दोनों 26 मई को हनीमून मनाने सिक्किम गए थे जहां पर मंगन जिले में भारी बारिश के कारण 11 पर्यटकों से भरा वाहन 29 मई को तीस्ता नदी में गिर गया था। तब से कौशलेंद्र और अंकिता की कोई खबर नहीं मिल रही है। इकलौते बेटे के वियोग में गुरुवार की रात पिता शेर बहादुर सिंह की तबियत बिगड़ गई। भाई डॉ. उम्मेद सिंह ने बताया कि रात में तबियत बिगड़ने पर उन्हें सांगीपुर के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने कहा कि उन्हें आईसीयू की आवश्यकता है। फिर रात में ही उन्हें रायबरेली एम्स में एडमिट कराया गया है। उनकी हालात में सुधार बताया गया है।

# वन विभाग में बनेगा केंद्रीकृत कमांड सेंटर

**अमृत विचार**, लखनऊ : वन एवं वन्य जीव विभाग प्रदेश के जंगलों, टाईगर रिजर्व, सफारी और नेशनल पार्कों में रीयल-टाइम निगरानी के लिए एक केंद्रीकृत कमांड सेंटर की स्थापना करने जा रहा है। ये केंद्रीकृत कमांड सेंटर, डिजिटल नियंत्रण प्रणाली के जरिये वन एवं वन्यजीव प्रबंधन से संबंधित सभी प्रमुख कार्यों की निगरानी करेगा और उनका डेटा एकत्रित करेगा। कमांड सेंटर में एकत्रित डेटा के एनालिसिस से वन अपराधों, आग की घटनाओं, और वन्यजीवों की आवाजाही की तत्काल जानकारी उपलब्ध होगी। जो कि इन अप्रत्याशित घटनाओं एवं अपराधिक गतिविधियों के संबंध में त्वरित एवं प्रभावी निर्णय लेने में सहायक होगा।

# ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्तता में गिरावट

- महज दो महीनों में 2022-23 की तुलना में 87 फीसदी तक घटी पावर ट्रांसफार्मर क्षति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. पावर कॉर्पोरेशन की ओर से की गई सख्ती, निरंतर मॉनीटरिंग और जवाबदेही तय करने की नीति से ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्तता में जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई है। पिछले वर्षों के मुकाबले 2025-26 के सिर्फ अप्रैल और मई महीने में ही 3233 ट्रांसफार्मर कम क्षतिग्रस्त हुए हैं, जो कि बिजली वितरण प्रणाली में मजबूती और मरम्मत-रखरखाव में सुधार का संकेत है।

यूपीपीसीएल के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल के मुताबिक वर्ष 2022-23 में अप्रैल-मई में 90 पावर ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुए थे। 2023-24 में यह संख्या घटकर 61 हो गई। 2024-25 में 42 ट्रांसफार्मर फुंके और 2025-26 में सिर्फ 12 पावर ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुए। यह ट्रेंड यह बताता है कि मात्र तीन वर्षों में पावर ट्रांसफार्मरों की क्षति में 87 फीसदी से अधिक की कमी आई है।

**विद्युत आपूर्ति में कोई समझौता नहीं :** डॉ. गोयल ने स्पष्ट किया कि प्रदेश में विद्युत आपूर्ति पर जीरो टॉलरेंस नीति लागू है। किसी भी स्तर की लापरवाही से आपूर्ति बाधित होती है, तो संबंधित अधिकारी पर तत्काल कार्रवाई होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां कहीं भी 100 केवीए से ऊपर के ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हों, वहां जिम्मेदारी तय करते हुए कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**ट्रांसफार्मरों के डैमेज रोकने को ठोस उपाय लागू :** डॉ. आशीष कुमार गोयल ने ट्रांसफार्मरों के डैमेज को रोकने हेतु कई ठोस उपाय लागू किए। इसके तहत, पावर ट्रांसफार्मरों पर बेल प्रोटेक्शन सिस्टम, वितरण ट्रांसफार्मरों पर टेललेस यूनिट और फ्यूज यूनिट लगाए गए। लगातार मॉनीटरिंग, मैकेनिकल फॉल्ट ट्रैकिंग और रखरखाव की समीक्षा की गई। जहां ट्रांसफार्मर फुंके, वहां जिम्मेदार अभियंताओं पर कार्रवाई सुनिश्चित की गई। प्रदेश भर में कई अधिशासी अभियंता, एसडीओ और अवर अभियंता कार्रवाई की जद में आए।

# राम मंदिर निर्माण पर अब तक खर्च हुए 2150 करोड़

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम मंदिर परिसर का निर्माण कार्य दिसंबर तक पूरा हो जाएगा। राम मंदिर सहित अन्य 14 मंदिरों के निर्माण में अब तक कुल 2150 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को अलग-अलग स्रोतों से 316.57 करोड़ रुपये की आय हुई और इस वर्ष 452.76 करोड़ रुपये खर्च हुए। ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बीते दिनों हुई बैठक में वित्तीय वर्ष की बजट रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। वर्तमान वित्तीय वर्ष एक अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक चलेगा। वित्तीय वर्ष 2024-25 के खाते बंद कर दिए गए हैं। इन खातों की ऑडिट रिपोर्ट तैयार कर सितंबर 2025 तक आयकर रिटर्न दाखिल की जाएगी। इसमें सती मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण में खर्च के नए विवरण को प्रारंभ कर दिया गया है।



ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा के मुताबिक बैठक के दौरान ट्रस्ट अपने सभी लेखा-जोखा के कार्यों को पेश करता है। इसमें भी अब तक जितने भी खर्च हुए हैं या अलग-अलग माध्यमों से प्राप्त धनराशि है उन सभी की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है। अब वित्तीय वर्ष की ऑडिट रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

### पर्यटन में आया जबरदस्त उछाल

**लखनऊ, अमृत विचार :** वर्ल्ड ट्रेवल्स एंड टूरिज्म कौंसिल (डब्ल्यूटीटीसी) की रिपोर्ट में राम मंदिर के पक्ष में फैसला के बाद शुरू हुए भव्य एवं दिव्य मंदिर निर्माण के साथ देशभर के पर्यटन सेवाओं में जबरदस्त उछाल आया है। राष्ट्रीय पर्यटन आंकड़े बताते हैं कि 2019 में अगले पांच साल के लिए किए गए पूर्वानुमान के सभी मानक काफी पीछे रह गए। अब वर्ष 2030 के पूर्वानुमान में भी यात्रा एवं पर्यटन क्षेत्र में ज्यादा संभावनाएं जताई गई है, इसमें यूपी के धार्मिक पर्यटन सबसे आगे हैं। वर्ल्ड ट्रेवल्स एंड टूरिज्म कौंसिल (डब्ल्यूटीटीसी) ऑक्सफोर्ड इकोनॉमिक्स के सहयोग से हर पांच साल पर दुनिया भर के 184 देशों की अर्थव्यवस्थाओं और 28 भौगोलिक-आर्थिक क्षेत्रों के लिए यात्रा और पर्यटन के आर्थिक और रोजगार प्रभाव पर रिपोर्ट तैयार करता है। वर्ष 2030 तक के पूर्वानुमान खासा संभावनाओं वाले हैं। श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या से पर्यटन में यूपी की संभावनाएं ज्यादा हैं। देश के लिए पर्यटन के लिहाज से साल 2025 रिकॉर्ड ब्रेकिंग हो सकता है।


## वर्ग पहेली- 1

**बाएं से दाएं**

1. बोलने की शक्ति, वाचा, वाणी, वाक।
4. एक प्रकार का हलका पीला रंग।
6. 1. प्रधान अधिकारी या कार्यकारी प्रशासक से संबंधित, (एक्ज़ीक्यूटिव) 2. नियंत्रक।
7. दे. यारबाज़।
8. जलाशयों के किनारे होने वाला एक पर्वतीय पौधा जो औषधि के काम में आता है।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. केश 2. बालक 3. किसी पशु का बच्चा 4. शरीर का रोआं, रोम।
2. आपात स्थिति, आपातकाल, आकस्मिक संकट।
3. 1. जीवंत, जीवित 2. सजीव, सचेत, जीवन-शक्ति से युक्त 3. भला-चंगा 4. तेजवान; सशक्त।
5. 1. जालसाज़ी, छल-कपट, धोखा, सही बात छिपाकर दूसरी बात कहना 2. धमकी।
6. 1. आग की तरह जलता या दहकता हुआ 2. आग की-सी जलन उत्पन्न करने वाला।



### वर्ग पहेली -460 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ख़ि | | | 2 अ | | 3 सं |
| ल | | | नि | | वि |
| 4 क | ट | चा | य | | धा |
| त | | | मि | | न |
| | | 5 वि | त | र | क |
| 6 पं | च | पि | ता | | |
| त | | न | | 7 झा | ल |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 जून, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तृतीया-15.46 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

**मेष** – आज जो लोग आपके विरुद्ध थे वे आपके पक्ष में आ सकते हैं। नया मकान खरीदने का विचार बना सकते हैं। पैतृक संपत्ति को लेकर कुछ कठोर निर्णय ले सकते हैं। व्यापार में बड़ी जिम्मेदारियां बढ़ सकती है। आपकी कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा होगी।

**वृष** – आज विदेश में कार्यरत लोगों को सम्मान मिल सकता है। व्यवसाय में रुके हुए कार्यों में सफलता मिलेगी। जॉब में बदलाव करने का विचार बनायेंगे। प्रेम संबंधों में प्रतिकूलता रहेगी। समय के अनुसार अपने व्यवहार में परिवर्तन लाएं।

**मिथुन** – आज किसी भी तरह की उधारी न करें। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। दांपत्य संबंधों को समय अवश्य दें। रक्तचाप और किडनी के रोगियों को परेशानी हो सकती है। तनाव की वजह से आपकी नींद प्रभावित होगी। विवाह को लेकर समस्या होगी।

**कर्क** – आज आपको प्रेम प्रस्ताव मिल सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिलने के योग बन रहे हैं। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। घर में मित्रों का आगमन होगा। वैवाहिक चर्चाओं में सफलता मिलेगी। उत्साहवर्धक सूचना मिल सकती है।

**सिंह** – आज आपको अधिक परिश्रम करने के उपरान्त ही अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। अपने भविष्य के प्रोजेक्ट्स को लेकर लापरवाही न करें। आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अपनी योग्यता पर विश्वास रखें। कार्यक्षेत्र में राजनीति हो सकती है। अपनी वाणी पर संयम बनाये रखें।

**कन्या** – आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नई नौकरी के लिए इन्टरव्यू में सम्मिलित हो सकते हैं। जॉब में अधिकारी आपसे असन्तुष्ट रहेंगे। अपनी रुचि के अनुसार काम करने से सफलता मिलेगी। प्रेम संबंधों में साथी की भावनाओं का ध्यान रखें।

**तुला** – आज घर में किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है। इस कारण आपका मन विचलित रहेगा। बिजली के उपकरणों का सावधानी पूर्वक प्रयोग करें। अपनी गलत आदतों पर शीघ्रता से नियंत्रण कर लें। नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज अपनी कार्यशैली में सुधार करने का प्रयास करेंगे। रियल एस्टेट से जुड़े हुए कारोबार में धन लाभ होगा। विद्यार्थी आज पढ़ाई पर अत्यधिक ध्यान देंगे। व्यवसाय में बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। आय के नये स्रोत विकसित होंगे। बच्चों के भविष्य की योजना बना सकते हैं।


**धनु** – आज कार्यक्षेत्र में अधिकारियों से आपको लाभ मिलेगा। सामाजिक कार्यक्रमों में आपका मन नहीं लगेगा। कमीशन से जुड़े कार्यों में नुकसान हो सकता है। नए कारोबार में धन को लेकर समस्या होगी। विवाहेतर संबंधों से आपको बचना चाहिए।

**मकर** – आज आप धन की बचत करना चाहेंगे। मेहनत का उचित परिणाम मिलेगा। ऑफिस का काम घर पर करना पड़ेगा। उच्च अधिकारियों से अकारण कहासुनी हो सकती है। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**कुंभ** – आज जीवनसाथी के साथ अपने सम्बन्ध अच्छे रखें। उच्च अध्ययन में आप रुचि ले सकते हैं। बुरी संगत के कारण आपको नुकसान हो सकता है। अपनी व्यक्तिगत बातों को दूसरों से शेयर न करें। सरकारी मामलों में आपको समस्या होगी।

**मीन** – आज कानूनी मामलों की अड़चन दूर होगी। लम्बित मामलों के परिणाम आपके पक्ष में होने की संभावना है। अधिकारी आपके कार्यों से प्रसन्न रहेंगे। निर्माण कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ रचनात्मक प्रयोग कर सकते हैं।

## आज का पंचांग



**दिशाशूल**– पूर्व। **ऋतु**– ग्रीष्म।

चन्द्रबल–मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।

ताराबल–भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र–उत्तराषाढा 15 जून 12.22 तक तत्पश्चात श्रवण।

## सुडोकू -8

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 4 | 3 | 9 | | 7 |
| | 7 | | 5 | 2 | | | | |
| 3 | | | 7 | | | 1 | | 6 |
| | | | | 6 | | | | 5 |
| | 2 | | 9 | | 5 | | 8 | |
| 4 | | | | 1 | | | | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | | 4 |
| | | | | 5 | 2 | | 3 | |
| 8 | | 9 | 6 | 3 | | | 7 | |

### सुडोकू - 7 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 4 | 9 | 8 | 1 | 6 | 7 | 5 |
| 9 | 1 | 7 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 3 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 9 |
| 1 | 6 | 3 | 2 | 5 | 8 | 7 | 9 | 4 |
| 5 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 4 | 9 | 3 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 8 | 6 | 3 | 7 | 5 | 9 | 4 | 1 |
| 4 | 3 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 | 6 | 7 |
| 7 | 9 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 8 |

# ईरान पर हमले से बाजार लुढ़का, कच्चा तेल 7% उछला

## सेंसेक्स 573 और निफ्टी 170 अंक टूटा, डॉलर के मुकाबले रुपये में 59 पैसे गिरावट, सोना-चांदी के बढ़े भाव

मुंबई, एजेंसी

कमजोर वैश्विक बाजारों और ईरान के सैन्य प्रतिष्ठानों पर इजराइली हमले के बाद कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आने से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरावट पर रहे। सेंसेक्स 573 अंक और निफ्टी 170 अंक टूट गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 573.38 अंक यानी 0.70 प्रतिशत गिरकर 81,118.60 अंक पर बंद हुआ। सुबह के कारोबार में सेंसेक्स 1,337.39 अंक तक गिरकर 80,354.59 पर आ गया था लेकिन बाद में एक हद तक संभल गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 169.60 अंक यानी 0.68 प्रतिशत गिरकर 24,718.60 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों का मानना है कि इजराइल और ईरान के बीच पूर्ण युद्ध छिड़ने और विदेशी पूंजी के बाहर जाने की आशंकाओं के बीच निवेशकों ने जोखिम वाले शेयरों से दूर रहना बेहतर समझा। मेहता इक्विटी लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से निवेशकों ने सोने जैसे सुरक्षित निवेश का रुख किया और जोखिम भरे इक्विटी बाजार से दूर रहे। अगले कुछ हफ्तों में अमेरिका की तरफ से एकतरफा शुल्क लगाने की नई चिंताओं ने भी धारणा पर असर डाला।" सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से अदाणी पोर्ट्स, आईटीसी, भारतीय स्टेट बैंक, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, टाइटन, कोटक महिंद्रा बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट में सबसे ज्यादा गिरावट रही। दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, सन फार्मा और मारुति के शेयरों में बढ़त रही।

### कच्चे तेल के भाव सर्वकालिक उच्च स्तर पर

**नई दिल्ली।** वायदा कारोबार में कच्चे तेल का भाव पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच वैश्विक कीमतों में तेज उछाल के मद्देनजर शुक्रवार को 578 रुपये की बढ़त के साथ 6,311 रुपये प्रति बैरल के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।



एमसीएक्स में जुलाई में आपूर्ति वाले कच्चे तेल का भाव 578 रुपये यानी 10.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 6,311 रुपये प्रति बैरल के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। बाद में यह 423 रुपये या 7.38 प्रतिशत की तेजी के साथ 6,156 रुपये प्रति बैरल पर आ गया। इसमें 6,907 लॉट के लिए कारोबार हुआ।

### 86.11 पर पहुंचा रुपया

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 59 पैसे टूटकर 86.11 (अस्थायी) पर आ गया।



डॉलर के मुकाबले रुपया 86.25 पर खुला और 85.92 और 86.25 के दायरे में कारोबार करते हुए 86.11 (अस्थायी) पर बंद हुआ। यह पिछले बंद से 59 पैसे की गिरावट है।

### सोना में 2,200, चांदी में 1100 का उछाल

**नई दिल्ली।** सोने की कीमतों में लगातार तीसरे दिन तेजी जारी रही। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 2,200 रुपये उछलकर 1,01,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर के करीब पहुंच गयी।



अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,900 रुपये बढ़कर 1,00,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। चांदी की कीमतों में 1,100 रुपये की तेजी आई और यह 1,08,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई।

## सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक प्रमुखों से मुलाकात करेंगी सीतारमण

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के नीतिगत दरों में नरमी के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 27 जून को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के प्रमुखों से मुलाकात करेंगी। इस दौरान वित्तीय प्रदर्शन की समीक्षा और विभिन्न सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन सहित कई मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। रिजर्व बैंक ने हाल में नीतिगत दर रेपो में आधा प्रतिशत की बड़ी कटौती की थी और साथ ही बैंकों के लिए अधिक धन उपलब्ध कराने हेतु नकद आरक्षित अनुपात में अप्रत्याशित रूप से एक प्रतिशत की कमी करने की घोषणा की। गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति ने रेपो दर को आधा प्रतिशत घटाकर 5.5 प्रतिशत करने के पक्ष में फैसला किया। नकद आरक्षित अनुपात को एक प्रतिशत घटाकर तीन प्रतिशत कर दिया, जिससे बैंकों में नकदी में 2.5 लाख करोड़ की वृद्धि होगी।

# वैश्विक स्टार्टअप परिवेश में बेंगलुरु 14वें स्थान पर

बेंगलुरु, एजेंसी

- स्टार्टअप जीनोम की रिपोर्ट में सात पायदान की लगाई छलांग



स्टार्टअप परिवेश मुहैया कराने के मामले में बेंगलुरु सात पायदान ऊपर चढ़कर दुनिया भर में 14वें स्थान पर पहुंच गया है जबकि इस सूची में सिलिकॉन वैली शीर्ष पर है। वैश्विक नवाचार परिवेश विकास संगठन स्टार्टअप जीनोम की तरफ से जारी रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका का सिलिकॉन वैली इस सूची में पहले स्थान पर है जबकि न्यूयॉर्क सिटी दूसरे, लंदन तीसरे व तेल अवीव चौथे स्थान पर है।

वैश्विक स्टार्टअप परिवेश रिपोर्ट 2025 के मुताबिक बेंगलुरु की यह जबर्दस्त वृद्धि 2024 में एक अरब डॉलर से अधिक के चार प्रमुख सौदों से प्रेरित है, जिसमें स्विगी 12 अरब डॉलर के मूल्यांकन के साथ सबसे आगे है। कर्नाटक के आईटी मंत्री प्रियांक खरगे ने एक बयान में कहा कि बेंगलुरु की एक उभरते सितारे से एक शीर्ष-स्तरीय वैश्विक स्टार्टअप हब बनने तक की छलांग उसे पेरिस (12वें), फिलाडेल्फिया (13वें) और सिएटल (15वें) जैसे वैश्विक शहरों के साथ खड़ा करती है। खरगे ने कहा कि इस उछाल के पीछे उच्च-मूल्य वाले सौदे, गहन प्रौद्योगिकी और कृत्रिम मेधा (एआई) में जारी तेजी, आईटी क्षेत्र की निरंतरता, प्रगतिशील नीति एवं सार्वजनिक निवेश और एक असाधारण तकनीकी प्रतिभा आधार जैसे कारक शामिल हैं।

# वित्तीय नतीजों, वार्षिक रिपोर्टों के बीच अंतर कम करें : सेबी

- बाजार नियामक सेबी ने सीएफओ से किया आग्रह

**मुंबई।** बाजार नियामक सेबी ने शुक्रवार को मुख्य वित्तीय अधिकारियों (सीएफओ) से आग्रह किया कि वित्तीय नतीजों की घोषणा और पूर्ण वार्षिक रिपोर्टों के प्रकाशन के बीच समय अंतराल को कम करना चाहिए। इससे निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा।


सीएफओ को लेखा परीक्षा समितियों और लेखा परीक्षकों के साथ अपने जुड़ाव को मजबूत करने के लिए प्रोत्साहित भी किया है, ताकि अधिक जवाबदेह वित्तीय खुलासे किए जाएं। सेबी के पूर्णकालिक सदस्य अनंत नारायण ने यहां एक कार्यक्रम में यह जानकारी दी। नारायण ने जन विश्वास को बनाए रखने में सीएफओ की महत्वपूर्ण भूमिका का जिक्र करने के साथ ही पूंजी निर्माण में हाल के रुझानों, आगे के अवसरों और जोखिमों तथा निरंतर पूंजी वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी विनियमों के महत्व के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा, इस समय, वार्षिक नतीजों और पूर्ण वार्षिक रिपोर्ट के बीच का अंतर 70-140 दिनों तक है। खातों की टिप्पणी, आंतरिक नियंत्रण रिपोर्ट, लेखापरीक्षा के मुख्य मामले और सीएआरओ खुलासे के साथ पूर्ण रिपोर्ट बहुत महत्वपूर्ण जानकारी है।

# आठ महीने बाद मई में रोजगार सृजन 8.9% बढ़ा

मुंबई, एजेंसी

भारत में रोजगार सृजन में लगातार आठ महीने की गिरावट के बाद मई में 8.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, सालाना आधार पर इसमें 1.8 प्रतिशत की मामूली गिरावट दर्ज की गई। नौकरियों से जुड़ी वैश्विक स्तर पर वेबसाइट इनडीड की रिपोर्ट के अनुसार, गिरावट के बावजूद भारत में रोजगार सृजन कोविड-19 वैश्विक महामारी के पहले के मुकाबले करीब 80 प्रतिशत अधिक रहा।

यह अन्य प्रमुख बाजारों की तुलना में अधिक है। इनडीड के एशिया प्रशांत क्षेत्र के वरिष्ठ अर्थशास्त्री कैलम पिकरिंग ने कहा, भारत में रोजगार सृजन अन्य देशों की तुलना में तेजी से बढ़ रहा है, क्योंकि देश अधिक औपचारिक आर्थिक व्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है।



- सालाना आधार पर इसमें 1.8 प्रतिशत की मामूली गिरावट दर्ज की गई

उन्होंने कहा, जैसे-जैसे देश में बदलाव आएगा, औपचारिक क्षेत्र में रोजगार सृजन देश भर में समग्र रोजगार वृद्धि की तुलना में कहीं अधिक मजबूत होगा और हमने हाल के वर्षों में लगातार ऐसा देखा है। अन्य अर्थव्यवस्थाएं इस तरह के बदलाव से नहीं गुजर रही हैं।'' इनडीड की यह रिपोर्ट वैश्विक नौकरी वेबसाइट के मंच पर मई तक 2020 (वैश्विक महामारी अवधि), 2024 और 2025 के आंकड़ों के विश्लेषण पर आधारित है। इसमें कहा गया, रोजगार सृजन मुख्य रूप से बाल देखभाल (27 प्रतिशत), व्यक्तिगत देखभाल और गृह स्वास्थ्य (25 प्रतिशत), शिक्षा (24 प्रतिशत) और उत्पादन एवं विनिर्माण (22 प्रतिशत) में हुआ।

### एसबीआई ने 505 प्रोबेशनरी ऑफिसर की नियुक्ति की

**नई दिल्ली।** एसबीआई ने देशभर में अपनी कार्यप्रणाली और वितरण को मजबूत करने के लिए 505 प्रोबेशनरी ऑफिसर (पीओ) की नियुक्ति की है। एसबीआई ने शुक्रवार को बयान में कहा, इस भर्ती का उद्देश्य देश भर में रिक्तियों को भरना है।

# एलआईसी ने विमान दुर्घटना पीड़ितों के लिए दावा निपटान प्रक्रिया में दी ढील

**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने एयर इंडिया विमान दुर्घटना पीड़ितों के लिए दावा निपटान प्रक्रिया में ढील दी है और इस प्रक्रिया को तेज भी किया है। निगम ने कहा कि वह विमान दुर्घटना में प्रभावित लोगों की सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध है और पीड़ितों के लिए दावा निपटान में तेजी लाएगा।

बीमा कंपनी ने एक बयान में कहा, एलआईसी ने पॉलिसियों के दावेदारों की कठिनाइयों को कम करने के लिए कई रियायतों की घोषणा की है। मृत्यु प्रमाण पत्र के बदले, विमान दुर्घटना के कारण पॉलिसीधारक की मृत्यु के सरकारी रिकॉर्ड में कोई भी सबूत या केंद्र/राज्य सरकार/ एयरलाइन अधिकारियों द्वारा भुगतान किया गया कोई भी मुआवजा मृत्यु के प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जाएगा। एलआईसी ने कहा, यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे कि दावेदारों तक पहुंचा जाए और प्रभावित परिवारों के दावों का शीघ्र निपटान किया जाए।

### दुर्घटना के राहत कार्यों में हर संभव मदद करेगी रिलायंसः अंबानी

**नई दिल्ली।** उद्योगपति मुकेश अंबानी ने दुर्घटना के पीड़ितों के लिए राहत कार्यों में पूर्ण सहयोग की पेशकश की। रिअंबानी ने बयान में कहा कि वह और उनकी पत्नी नीता अहमदाबाद में विमान हादसे में हुई जानमाल की हानि से अत्यंत दुखी एवं व्यथित हैं। हम इस दुखद घटना से प्रभावितों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं।

## राष्ट्रीय

### एक नजर

#### 10 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त विदेशी नागरिक गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में एक विदेशी नागरिक को गिरफ्तार कर उसके पास से 10 करोड़ रुपये मूल्य के 5.3 किलोग्राम से अधिक प्रतिबंधित मादक पदार्थ एमडीएमए क्रिस्टल जब्त किए गए। पुलिस ने बताया कि महिला नाइजीरियाई बताई जा रही है, जिसे गुप्त सूचना मिलने के बाद 10 जून को केंद्रीय अपराध शाखा की मादक पदार्थ निरोधक टीम द्वारा पकड़ लिया गया। गुप्त सूचना मिली थी कि वह राजनुकुंटे के पास ताराहुनासे गांव में मादक पदार्थ बेचने की कोशिश कर रही है। पूछताछ के दौरान उसने पुलिस को बताया कि वह चार अक्टूबर 2021 को तेलंगाना राज्य के एक कॉलेज में पढ़ने के लिए 'स्टूडेंट वीजा' पर नई दिल्ली आई थी।

#### हरिद्वार में फर्जी एम्स डॉक्टर बनकर रह रहा ठग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में धोखाधड़ी और जालसाजी के दो अलग-अलग मामलों में एक दशक से अधिक समय से फरार एक व्यक्ति को उत्तराखंड के हरिद्वार से गिरफ्तार किया गया है जो खुद को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का चिकित्सक बताकर वहां रह रहा था। दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान 52 वर्षीय राजकुमार शर्मा के रूप में की गई है जो कई साल से फर्जी पहचान के साथ रह रहा था और स्थानीय तौर पर उसे 'डॉक्टर साहब' के नाम से जाना जाता था।


# एम्स स्वास्थ्य सेवा नवाचार, शिक्षा का केंद्र

## स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने मंत्रालय की सर्वोत्तम विधियों के प्रथम सम्मेलन को किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी

स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि क्षेत्रीय असमानताओं को दूर करने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों में स्थित प्रत्येक एम्स स्वास्थ्य देखभाल नवाचार और शिक्षा के केंद्र के रूप में कार्य करते हुए समतापूर्ण, वहनीय एवं साक्ष्य आधारित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हैं। ये संस्थान सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने, देखभाल के मानकों को बढ़ाने और स्वास्थ्य सेवा जुड़े विशेषज्ञों की एक नयी पीढ़ी को तैयार करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

मंत्री ने एम्स नागपुर में मंत्रालय की सर्वोत्तम विधियों पर आयोजित प्रथम सम्मेलन को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए यह बात कही। इस दो दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य विभिन्न एम्स द्वारा अपनाई गई अनुकरणीय विधियों को प्रदर्शित करना है, जिसमें रोगी-केंद्रित देखभाल, संचालन दक्षता, डिजिटल परिवर्तन और अकादमिक उत्कृष्टता पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। देश भर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों (एम्स भोपाल, एम्स जम्मू, एम्स बिलासपुर, एम्स जोधपुर, एम्स नागपुर, एम्स देवघर, एम्स पटना, एम्स गोरखपुर, एम्स गुवाहाटी, एम्स रायपुर) के साथ-साथ प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) प्रभाग और रक्षा मंत्रालय ने सम्मेलन में सहयोग किया।



### एम्स की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया

नड्डा ने एम्स के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के रूप में स्थापित प्रत्येक एम्स उन्नत चिकित्सकीय देखभाल, उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान उत्कृष्टता को एकीकृत करता है। उन्होंने प्रत्येक नये एम्स की सर्वोत्तम विधियों और नवाचारों को अन्य एम्स के साथ साझा करने के महत्व पर जोर दिया ताकि उनका व्यापक रूप से उपयोग किया जा सके। उन्होंने अग्रणी भूमिका निभाने और सर्वोत्तम विधियों पर पहला सम्मेलन आयोजित करने के लिए एम्स नागपुर की सराहना की। नड्डा ने भविष्य की स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करने के लिए चिकित्सकों को तैयार करने में एम्स की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।

## सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की हत्या में दो गिरफ्तार मुख्य साजिशकर्ता फरार

**बठिंडा (पंजाब)।** पंजाब की सोशल मीडिया 'इन्फ्लुएंसर' कंचन कुमारी की हत्या के सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बठिंडा में एक पार्किंग में खड़ी कार में कंचन का शव मिला था। एसएसपी अमनीत कोंडल ने बताया कि हत्या में शामिल तीन लोगों में से दो को गिरफ्तार कर लिया गया है लेकिन मुख्य साजिशकर्ता फरार है।

उन्होंने बताया कि मोगा के जसप्रीत सिंह (32) और तरन तारन के निमरजीत सिंह (21) को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि अमृतपाल सिंह मेहरों फरार है। एसएसपी ने बताया कि तीसरे आरोपी की तलाश जारी है जो एक स्वयंभू सिख कट्टरपंथी नेता है। जसप्रीत और निमरजीत को शुक्रवार सुबह गिरफ्तार किया गया।

# कैदियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार का कर्तव्य

नई दिल्ली, एजेंसी

### दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा- जेलों में न पनपने दें गिरोहों को

दिल्ली हाईकोर्ट ने जेल में बंद कैदियों के दो समूहों के बीच झगड़े में मारे गए एक कैदी के परिजनों को मुआवजा देने का फैसला सुनाते हुए कहा है कि हिरासत में रखे गए कैदियों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करना सरकार का कर्तव्य है। कोर्ट ने यह भी कहा कि जेलों में गिरोहों पनपने नहीं देना चाहिए।

हाईकोर्ट ने कहा कि सरकार का कर्तव्य है कि वह आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करे और इसमें (आम जनता में) जेल में बंद व्यक्ति भी शामिल हैं, इसलिए हिरासत में अप्राकृतिक मौतों के मामलों में मुआवजा देना सरकार की जिम्मेदारी है। न्यायमूर्ति ने मृतक जावेद के परिजनों को तीन लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया, जिसमें से एक लाख रुपये पहले ही उसकी मां (अब दिवंगत) को दिए जा चुके थे। कोर्ट ने फैसले में कहा, इस न्यायालय का स्पष्ट मत है कि सरकार का यह कर्तव्य है कि वह हिरासत में बंद व्यक्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करे, भले ही मृतक आपराधिक पृष्ठभूमि वाला व्यक्ति रहा हो। सरकार कैदियों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के अपने कर्तव्य से बच नहीं सकती। कोर्ट ने कहा, अधिकारियों की दलील के अनुसार दो प्रतिद्वंद्वी गिरोहों के बीच झगड़ा हुआ और पीड़ित भी इसमें शामिल हुआ, लेकिन यह तथ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के कर्तव्य के पालन की जिम्मेदारी से मुक्त नहीं करता।

# ईडी ने 2,100 करोड़ के घोटाले में कांग्रेस कार्यालय, पूर्व मंत्री की संपत्ति जब्त की

**नई दिल्ली।** ईडी ने छत्तीसगढ़ में पूर्ववर्ती सरकार के दौरान हुए 2,100 करोड़ रुपये से अधिक के कथित शराब घोटाले से जुड़ी धनशोधन के मामले की जांच के सिलसिले में राज्य में कांग्रेस पार्टी के एक कार्यालय के अलावा उसके विधायक कवासी लखमा की कुल 6.15 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इन संपत्तियों को कुर्क करने का अनंतिम आदेश धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि कुर्क की गई संपत्तियों में लखमा, उनके बेटे हरीश लखमा और सुकमा जिले में कांग्रेस कार्यालय भवन की संपत्तियां शामिल हैं। संघीय एजेंसी ने दिसंबर 2024 में रायपुर, सुकमा और धमतरी जिलों में लखमा से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की थी। कवासी लखमा को ईडी ने गिरफ्तार भी किया था। लखमा (72) कोंटा विधानसभा सीट से छह बार विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार में आबकारी मंत्री रह चुके हैं। हरीश लखमा सुकमा में पंचायत अध्यक्ष हैं। प्रवर्तन निदेशालय का आरोप है कि छत्तीसगढ़ शराब घोटाले के परिणामस्वरूप राज्य के कोष को भारी नुकसान हुआ और शराब सिंडिकेट के लाभार्थियों ने इस अपराध से 2,100 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध आय अर्जित की।

### नहीं उड़े विमान



ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव के कारण भारतीय विमान सेवाएं रद्द करनी पड़ीं। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रनवे पर खड़े विमान। एजेंसी

# कैलाश मानसरोवर यात्रा 2025 के तीर्थयात्रियों का पहला जत्था रवाना

नई दिल्ली। कैलाश मानसरोवर की यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का पहला जत्था शुक्रवार को यहां आयोजित एक समारोह के बाद रवाना हो गया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने जवाहरलाल नेहरू भवन में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। बयान में कहा गया कि अपने संबोधन में उन्होंने यात्रा को फिर से शुरू करने में सहयोग के लिए चीनी पक्ष की सराहना की। मार्गेरिटा ने इसमें केंद्र के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की भूमिका की भी सराहना की।

# राजा और सोनम ने मेघालय के नोंग्रियाट होमस्टे में ठहरने, खाने के लिए किया था 1,380 का भुगतान

नोंग्रियाट (मेघालय), एजेंसी

अपनी हत्या से एकदिन पहले, राजा रघुवंशी और उनकी नवविवाहिता पत्नी सोनम यहां एक 'होमस्टे' में ठहरने के बाद कई घंटों के लिए गायब हो गए थे और देर रात को रात्रि भोजन के लिए वापस आए थे। होमस्टे के मालिक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

शिपारा होमस्टे के मालिक कॉन्स्टेंटाइन ने बताया कि 22 मई को हमारे यहां चेक-इन किया और एक-एक कॉफी का ऑर्डर दिया। इसके बाद वे बिना किसी गाइड के बाहर चले गए। मुझे लगता है कि वे गांव में आने वाले अन्य पर्यटकों की तरह रूट ब्रिज देखने गए थे। राजा ने कमरे के लिए 1,000 रुपये, कॉफी के लिए 80 रुपये और रात के खाने के लिए 300 रुपये का भुगतान किया था। ग्रामीणों ने बताया कि दंपति ने मेघालय की अपनी यात्रा के लिए पहले से कोई कमरा आरक्षित नहीं कराया था तथा उन्हें पूर्वी खासी पर्वतीय जिले के सोहरा में एक होमस्टे में कमरा नहीं मिला, जिससे उन्हें एक गाइड की मदद से उसी जिले में स्थित मावलखियात से नोंग्रियाट तक पैदल यात्रा करनी पड़ी।

### राजा का भाई बोला- सोनम और राज का नार्को टेस्ट हो

**इंदौर।** इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी के बड़े भाई ने शुक्रवार को मांग की कि इस हत्याकांड का पूरा सच उजागर करने के लिए दो प्रमुख आरोपियों-सोनम और राज कुशवाह का नार्को टेस्ट कराया जाना चाहिए। राजा रघुवंशी (29) की साजिशन हत्या में शामिल होने के आरोप में उनकी पत्नी सोनम (25) और उसके कथित प्रेमी राज कुशवाह (20) समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# बढ़ती उम्र को नकारात्मकता से जोड़कर देखते हैं 54 % बुजुर्ग

### हेल्पएज इंडिया की रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** करीब 54 प्रतिशत बुजुर्ग उम्र बढ़ने (वृद्धावस्था) को नकारात्मक भावनाओं से जोड़कर देखते हैं जिनमें अकेलापन (47 प्रतिशत) सबसे आम भावना है। शुक्रवार को जारी की गयी एक सर्वेक्षण रिपोर्ट से यह जानकारी सामने आयी है।

हेल्पएज इंडिया के पीढ़ियों के बीच संबंधों की प्रक्रिया और वृद्धावस्था पर धारणाओं को समझना विषयक अध्ययन ने परिवार में निरंतर संवाद के बावजूद भारत के बुजुर्गों की भावनात्मक जरूरतों और युवाओं की धारणाओं के बीच अंतर को उजागर किया है। इस सर्वेक्षण के दौरान 10 शहरों में 5,798 उत्तरदाताओं (18-30 वर्ष की आयु के 70 प्रतिशत युवा, 60 वर्ष से अधिक आयु के 30 प्रतिशत बुजुर्ग) के साथ बातचीत की गयी। इस सर्वेक्षण रिपोर्ट में शहरी बुजुर्गों के सामने अकेलेपन, डिजिटल पहुंच का अभाव और घटते सम्मान की चुनौतियों पर प्रकाश डाला गया है, जबकि युवा उनकी बुद्धिमत्ता की प्रशंसा भी करते हैं। पंद्रह जून को विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस से पहले जारी किए गए अध्ययन में शहरी मध्यम और निम्न-मध्यम वर्ग के परिवारों को शामिल किया गया।

# विमान दुर्घटना के बाद गृह मंत्री की टिप्पणी असंवेदनशील : कांग्रेस

- शाह ने कहा था- विमान का तापमान ईंधन जलने के कारण किसी को बचा पाने की कोई गुंजाइश ही नहीं थी

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने शुक्रवार को दावा किया कि अहमदाबाद विमान दुर्घटना के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने असंवेदनशील टिप्पणी की, जबकि उन्हें जवाबदेही तय करने का वादा करना चाहिए था।

शाह विमान हादसे के कुछ घंटे बाद अहमदाबाद पहुंचे थे और कहा था कि दुर्घटनाग्रस्त हुए एअर इंडिया के विमान का तापमान ईंधन जलने के कारण इतना अधिक था कि किसी को बचा पाने की कोई गुंजाइश ही नहीं थी। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शाह के बयान का संक्षिप्त वीडियो साझा करते हुए 'एक्स' पर पोस्ट किया और यह दावा किया कि शाह ने यह बयान दिया कि दुर्घटनाओं को कोई नहीं रोक सकता। उनके इस पोस्ट को रीपोस्ट करते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, क्या अब केंद्रीय गृह मंत्री को यही कहना चाहिए? यह अत्यंत असंवेदनशील है।

### कांग्रेस की शाह पर टिप्पणी शर्मनाक : भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कांग्रेस द्वारा की गई कथित टिप्पणी की आलोचना करते हुए इसे 'शर्मनाक' करार दिया। पार्टी ने कहा कि विपक्षी दल ने अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना को लेकर उस समय राजनीति शुरू की जब देश पीड़ितों की मौत पर शोक मना रहा है। भाजपा की यह टिप्पणी कांग्रेस द्वारा विमान दुर्घटना के बाद अहमदाबाद में शाह की टिप्पणी को असंवेदनशील करार दिए जाने के बाद आई है। कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शाह की टिप्पणी का एक संक्षिप्त क्लिप सोशल मीडिया पर साझा किया।



एडन मारक्रम

# मारक्रम की शतकीय पारी से चैंपियन बनने के करीब दक्षिण अफ्रीका

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल जीतने के लिए चाहिए सिर्फ 69 रन

**लंदन, एजेंसी**

सलामी बल्लेबाज एडन मारक्रम (नाबाद 102) की शतकीय पारी और तीसरे विकेट के लिए कप्तान तेम्बा बावुमा (नाबाद 65) के साथ 143 रन की अटूट साझेदारी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में शुक्रवार को तीसरे दिन के समापन पर दो विकेट पर 213 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

जीत के लिए 282 रन का पीछा कर रही दक्षिण अफ्रीका की टीम को 'चोकर्स' के तमगे को पीछे छोड़ने और 27 साल में अपना पहला आईसीसी खिताब जीतने के लिए और 69 रन की जरूरत है जबकि उसके आठ विकेट बचे है। बावुमा ने बायें पैर की मांसपेशियों की खिंचाव के बावजूद दुनिया की सबसे मजबूत गेंदबाजी आक्रमण के सामने क्रीज पर डटे रहने का साहसिक फैसला कर मारक्रम का शानदार तरीके से साथ निभाया। ऑस्ट्रेलिया के चारों मुख्य गेंदबाजों के नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 1500 से ज्यादा विकेट है लेकिन मिचेल स्टार्क(53 रन पर दो विकेट) के अलावा किसी को भी सफलता नहीं मिली। इस मैच के शुरुआती दो दिन 14-14 विकेट गिरे थे लेकिन तीसरे दिन परिस्थितियों बल्लेबाजी के लिए आसान हो गयी जिसका दक्षिण अफ्रीका ने पूरा फायदा उठाया। मारक्रम ने स्टंप्स होने से कुछ समय पहले जोश हेजलवुड के खिलाफ चौका लगाकर टेस्ट करियर का आठवां और शायद सबसे अहम शतक लगाया। दिन का खेल खत्म होते-होते मैच का रुख पूरी तरह से दक्षिण अफ्रीका की तरफ मुड़ गया लेकिन दिन के शुरुआती सत्र के बाद ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी था। स्टार्क (नाबाद 58) की अर्धशतकीय पारी और आखिरी विकेट के लिए जोश हेजलवुड (17) के साथ 59 रन की साझेदारी के बूते ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में 207 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका को चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया। ऑस्ट्रेलिया ने दिन की शुरुआत आठ विकेट पर 144 रन से की और कगिसो रबाडा ने दिन के तीसरे ओवर में ही नाथन लियोन (दो) को पगबाधा कर उसे नौवां झटका दिया। लियोन ने मैदानी अंपायर के फैसले के खिलाफ डीआरएस का इस्तेमाल किया लेकिन उन्हें इसका कोई फायदा नहीं हुआ। मारक्रम ने ऑस्ट्रेलिया की पारी के 65वें ओवर में केशव महाराज के हाथों हेजलवुड को कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया की पारी को खत्म किया स्टार्क ने तीन घंटे से अधिक की पारी में 136 गेंद का सामना कर पांच चौके लगाये।


स्टीव स्मिथ स्लिप में कैच लेने से चूक गए और उनकी उंगली में चोट लग गई। ● एजेंसी

### स्टीव स्मिथ छोटी उंगली टूटने के कारण डब्ल्यूटीसी फाइनल से बाहर

**लंदन :** ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ शुक्रवार को दाईं छोटी उंगली की चोट के कारण विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से बाहर हो गए। स्मिथ को लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा के बल्ले का किनारा लेकर निकली गेंद को पकड़ने की कोशिश में पहली स्लिप में चोट लगी। मैदान पर चिकित्सा मिलने के बाद वह बाहर जाते दिखे। दक्षिण अफ्रीका जीत के लिए 282 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहा है।

| | |
|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया (पहली पारी) | 212 रन |
| दक्षिण अफ्रीका (पहली पारी) | 138 रन |

**ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी**

**207/10** (65 ओवर)

- मार्नस लाबुशेन का वेरेने बो यानसेन 22
- उस्मान ख्वाजा का वेरेने बो रबाडा 06
- कैमरन ग्रीन का मुल्डर बो रबाडा 00
- स्टीव स्मिथ पगबाधा बो एनगिडी 13
- ट्रेविस हेड बो मुल्डर 09
- ब्यू वेबस्टर पगबाधा बो एनगिडी 09
- एलेक्स कैरी पगबाधा बो रबाडा 43
- पैट कमिंस बो एनगिडी 06
- मिचेल स्टार्क नाबाद 59
- नाथन लियोन पगबाधा रबाडा 02
- जोश हेजलवुड का महाराज बो मारक्रम 17

**गेंदबाजी :** रबाडा 18-1-59-4, यानसेन 18-3-58-1, मुल्डर, 8-1-18-1, एनगिडी 13-1-38-3, महाराज 6-1-17-0, मारक्रम 2-1-5-1

**दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी**

**213/02** (56 ओवर)

| | |
|---|---|
| एडन मारक्रम नाबाद | 102 |
| रेयान रिकल्टन का कैरी बो स्टार्क | 06 |
| वियान मुल्डर का लाबुशेन बो स्टार्क | 27 |
| तेम्बा बावुमा नाबाद | 65 |

**गेंदबाजी :** स्टार्क 9-0-53-2, हेजलवुड 13-0-43-0, कमिंस 10-0-36-0, लियोन 18-3-51-0, वेबस्टर 4-0-11-0, हेड 2-0-8-0

## एक नजर

### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की बेल्जियम पर लगातार तीसरी जीत

**एंटवर्प :** भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उसने बेल्जियम को 3-2 से हराकर यूरोप के अपने मौजूदा दौरे में अपने इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ लगातार तीसरी जीत हासिल की। सोनम ने चौथे मिनट में भारत का खाता खोला।



इसके बाद लालथंतलुआंगी (32वें मिनट) और कनिका सिवाच (51वें) ने भारत की तरफ से गोल किए। बेल्जियम के लिए मैरी गोएन्स (37वें) और मार्टे मैरी (40वें) ने गोल किए। सोनम के शुरुआती गोल के बाद भारत ने पहले हाफ में अपना दबदबा कायम रखा और तीसरे क्वार्टर में लालथंतलुआंगी के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल से अपनी बढ़त को मजबूत कर दिया। बेल्जियम ने 37वें और 40वें मिनट में लगातार गोल करके मैच को बराबरी पर ला दिया। उसकी तरफ से मैरी गोएन्स ने पेनल्टी स्ट्रोक पर जबकि मार्टे मैरी ने मैदानी गोल किया। खेल समाप्त होने में जब नौ मिनट बचे थे, तब कनिका ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत का विजय अभियान जारी रखा। भारत का अगला मुकाबला शनिवार को ऑस्ट्रेलिया से होगा।

### मराठा रॉयल्स ने टी20 मुंबई लीग का खिताब जीता

**मुंबई :** राजेश सुतार के अर्धशतक और अवैस नौशाद के उपयोगी योगदान से मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स ने फाइनल में सोबो मुंबई फाल्कन्स को पांच विकेट से हराकर टी20 मुंबई लीग का खिताब जीत लिया। मराठा रॉयल्स ने पहले गेंदबाजी करते हुए मुंबई फाल्कन्स को 20 ओवर में चार विकेट पर 157 रन पर रोक दिया और फिर सुतार के 49 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से बनाए गए 53 रन की बदौलत चार गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। नौशाद ने 24 गेंदों पर 38 रन की पारी खेली और सुतार के साथ चौथे विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी की। इससे मराठा रॉयल्स की टीम 19.2 ओवर में पांच विकेट पर 158 रन बनाकर जीत दर्ज करने में सफल रही। इससे पहले मयूरेश टंडेल (नाबाद 50) और हर्ष अघव (नाबाद 45) की 49 गेंदों पर 85 रन की अटूट साझेदारी की मदद से मुंबई फाल्कंस ने चार विकेट पर 157 रन बनाए।

### सप्तक तलवार चेक गणराज्य में संयुक्त 78वें स्थान पर

**ब्रनो (चेक गणराज्य) :** भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार ने निराशाजनक शुरुआत करते हुए यहां राइफेनबैंक गोल्फ चैलेंज के पहले दिन एक ओवर 72 का कार्ड खेला और वह संयुक्त 78वें स्थान पर हैं। तलवार को अगर कट में जगह बनानी है तो उन्हें दूसरे दौर में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। भारत के इस खिलाड़ी ने शुरुआत बैक नाइन से की और 13वें तथा 17वें होल पर बोगी कर बैठे। वह चौथे होल में बर्डी बनाने में सफल रहे। दक्षिण अफ्रीका के जोवन रेबुला पहले दौर के बाद एक स्ट्रोक से आगे चल रहे हैं। अमेरिका के जैक्सन पामर और स्पेन के सेबेस्टियन गार्सिया छह अंडर 66 का स्कोर बनाकर संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं।

### जितेश ने आखिरी गेंद पर छक्का जड़कर टीम को फाइनल में पहुंचाया

**नागपुर :** जितेश शर्मा ने अपनी शानदार लय को जारी रखते हुए भारत रेंजर्स के खिलाफ आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर एनईसीओ मास्टर ब्लास्टर को शुक्रवार को विदर्भ प्रो टी20 लीग के फाइनल में पहुंचा दिया। जीत के लिए 205 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंडियन प्रीमियर लीग की चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले जितेश ने 22 गेंद में छह छक्कों की मदद से नाबाद 46 रन बनाकर टीम को चार विकेट से जीत दिला दी। अंतिम ओवर में एनईसीओ मास्टर ब्लास्टर को जीत के लिए 11 रन चाहिए थे। कप्तान जितेश ने अपनी पारी के दौरान धैर्य और आक्रमण का शानदार मिश्रण दिखाया। टीम को अंतिम गेंद पर पांच रन चाहिए थे, ऐसे में जितेश ने छक्का जड़कर टीम को जीत दिला दी।

# भारत को निरंतरता बनाए रखना होगा

● **टीम इंडिया के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने खिलाड़ियों को दी सलाह**

**बेकेनहैम (केंट), एजेंसी**

भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल के अनुसार इंग्लैंड की परिस्थितियों में निरंतरता बनाए रखना महत्वपूर्ण होगा। इसके साथ ही उन्होंने स्वीकार किया कि इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू हो रही टेस्ट श्रृंखला से पहले टीम को लाल गेंद से खेलने का कम मौका मिला, जिससे वह थोड़ा नर्वस हैं।

नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में भारत पांच मैचों की श्रृंखला के साथ अपने नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत करेगा। मोर्कल ने यहां भारत के अभ्यास सत्र से इतर कहा मुझे लगता है कि इंग्लैंड में निरंतरता बनाए रखना महत्वपूर्ण है और जब हम अभ्यास करते हैं तो इसमें निरंतरता होती है, मैदान के बाहर भी निरंतरता होती है। हमारे खिलाड़ियों को उस प्रक्रिया को ढूंढना होगा जो उनके खेल के अनुकूल हो। उन्होंने कहा हमारे पास बहुत विविधता है। हमारे आक्रमण में विविधता है। हमारे पास अलग-अलग कौशल वाले खिलाड़ी हैं। इसलिए वे ऐसा कर सकते हैं और साथ ही 'बेसिक्स' (बुनियादी चीजों) पर भी अच्छी तरह से अमल कर सकते हैं। भारत ने आखिरी बार इस साल जनवरी की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट के दौरान लाल गेंद से क्रिकेट खेला था। इसके अलावा, मौजूदा टीम में यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन सहित कई खिलाड़ी पहली बार इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज खेलेंगे। मोर्कल ने कहा कुल मिलाकर मैं अभी तक की तैयारी से बहुत खुश हूं। हमने हाल में लाल गेंद से कम क्रिकेट खेली है जिससे मैं थोड़ा नर्वस था लेकिन पिछले तीन दिनों में खिलाड़ियों ने जिस तरह से अभ्यास किया उसे देखकर अच्छा लगा। उन्होंने कहा हमारे पास एक शानदार टीम है। यह बेहद ऊर्जावान है और आपको इसी की जरूरत है।

आपको टेस्ट सीरीज में आत्मविश्वास के साथ उतरना होगा और टीम भावना रखनी होगी। दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व तेज गेंदबाज ने टीम के अभ्यास सत्रों के संदर्भ में कहा कि परिस्थितियां काफी हद तक तेज गेंदबाजों के अनुकूल रही हैं। अब तक के दो दिन के अभ्यास में परिस्थितियां तेज गेंदबाजों के अनुकूल थीं। अब बल्लेबाजों के लिए परीक्षा की घड़ी होगी।


कोच मोर्ने मोर्कल

# फिर से मौका मिलने पर भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं: करुण नायर

**बेकेनहैम, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट में दूसरी बार मौका मिलना बहुत दुर्लभ होता है। करुण नायर इस बात के लिए आभारी हैं कि उन्हें एक बार फिर से भारत की टेस्ट जर्सी पहनने का मौका मिल रहा है। दायें हाथ का यह बल्लेबाज इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट में भारत ए के लिए दोहरा शतक जड़ने के बाद सीनियर टीम के साथ जुड़ गया है।

भारत इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगा जिसका आगाज 20 जून में लीड्स में होगा। नायर ने राष्ट्रीय टीम में शामिल होने के बाद 'बीसीसीआई डॉट टीवी'से कहा बेहद खास महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा मैं फिर से मौका मिलने पर बहुत आभारी और भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं। मैं इस अवसर को दोनों हाथों से लपकने के लिए तैयार हू। टेस्ट में तिहरा शतक जड़ने वाले दूसरे भारतीय नायर ने आठ साल बाद भारतीय टीम में वापसी की है। भारत ए टीम में शामिल खिलाड़ी जब सीनियर टीम के साथ जुड़े तो मुख्य कोच गौतम गंभीर ने नायर की वापसी को बेहद खास करार दिया। उन्होंने 'टीम हडल' में कहा वापसी करना कभी आसान नहीं होता। आपने जितने रन बनाए हैं, आपकी हार न मानने वाली सोच टीम के लिए प्रेरणादायक है। स्वागत है करुण नायर। केएल राहुल ने भी उनकी दृढ़ता की तारीफ की।


करुण नायर। ● एजेंसी

### मां की तबीयत बिगड़ने पर स्वदेश लौटे गंभीर

**बेकेनहैम (ब्रिटेन) :** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर शुक्रवार को स्वदेश लौट आये क्योंकि उनकी मां सीमा गंभीर को स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थिति के कारण अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने पीटीआई को यह जानकारी दी। सूत्र ने बताया कि गंभीर को अपनी मां को देखने के लिए वापस लौटना पड़ा, जिन्हें दिल का दौरा पड़ा है और वह इस समय नयी दिल्ली के एक अस्पताल में गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में भर्ती हैं। शुभमन गिल की अगुआई वाली भारतीय टेस्ट टीम 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज खेलने के लिए अभी ब्रिटेन में है। सूत्र ने कहा गौतम की मां को बुधवार को दिल का दौरा पड़ा था।

# एआईएफएफ प्रमुख चौबे ने भूटिया पर किया पलटवार

**नई दिल्ली, एजेंसी :** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने शुक्रवार को बाईचुंग भूटिया पर अपने 'निहित स्वार्थ' के लिए 'व्यावसायिक' अकादमियां चलाने का आरोप लगाया। राष्ट्रीय टीम के पूर्व कप्तान ने हालांकि इन आरोपों को 'निराधार' बताया।

चौबे का यह आरोप हाल ही में एएफसी एशियाई कप क्वालीफाइंग दौर के मैच में हांगकांग से भारत की चौंकाने वाली हार के बाद भूटिया द्वारा एआईएफएफ प्रमुख के पद से इस्तीफा मांगने के जवाब में था। भूटिया ने कहा था कि चौबे ने भारतीय फुटबॉल को 'नष्ट' कर दिया है। चौबे से जब भूटिया की टिप्पणियों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा वह अपने नाम से एक व्यावसायिक फुटबॉल स्कूल चलाते हैं। वह 20 विभिन्न शहरों में हैं। इस फुटबॉल स्कूल में खिलाड़ी 1000 से एक लाख रुपये तक का भुगतान करते हैं। उनसे एक हजार से 10,000 रुपये तक महीना लिया जाता है।

# सुरुचि सिंह ने स्वर्ण पदक जीता

**आईएसएसएफ विश्व कप**

● **महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में पाई सफलता**

**म्यूनिख, एजेंसी**

उभरती हुई भारतीय निशानेबाज सुरुचि सिंह ने शुक्रवार को यहां महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में जीत के साथ आईएसएसएफ विश्व कप की इस स्पर्धा में लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीता। अपने तीसरे विश्व कप में भाग ले रही इस 19 वर्षीय खिलाड़ी ने व्यक्तिगत स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी की तथा कुल मिलाकर चौथा पदक जीता।

उन्होंने इससे पहले अप्रैल में ब्यूनस आयर्स और लीमा विश्व कप में स्वर्ण जीते थे। सुरुचि ने फाइनल में 241.9 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। चीन की कांस्य पदक विजेता कियानक्सुन याओ (221.7) को पछाड़ने के तुरंत बाद सुरुचि ने 10.5 अंक के साथ बढ़त हासिल कर ली, जबकि फ्रांस की रजत विजेता कैमिली जेड्रेजेवस्की (241.7) सिर्फ 9.5 अंक का ही निशाना साध पायी। अंतिम प्रयास में 9.5 का स्कोर भारतीय खिलाड़ी के लिए शीर्ष पुरस्कार हासिल करने के लिए पर्याप्त था, क्योंकि जेड्रेजेवस्की ने 9.8 का ही स्कोर किया था। सुरुचि इससे पहले क्वालीफिकेशन में 588 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर 25वें स्थान पर रहीं।


सुरुचि सिंह। ● एजेंसी

**कड़ा मुकाबला**


लंदन में क्वींस क्लब ग्रास कोर्ट टेनिस चैंपियनशिप में शुक्रवार को महिला एकल क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान शॉट लगाती हुईं रूसी खिलाड़ी डायना श्नाइडर। ● एजेंसी

# भारत की नजरें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वापसी पर

**एफआईएच प्रो लीग हॉकी**

**एंटवर्प, एजेंसी**

लगातार चार मैच में हार से आहत भारतीय पुरुष हॉकी टीम को अगर खिताब की अपनी उम्मीदों को बनाए रखना है तो उसे ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले पुरुष एफआईएच प्रो लीग मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

टूर्नामेंट का यूरोपीय चरण भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए निराशाजनक रहा। उसे एम्सटेलवीन में ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड से 1-2 और 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद अर्जेंटीना के खिलाफ भी टीम दोनों मैच हार गई। भारत अभी 12 मैचों में 15 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है और उसे महत्वपूर्ण अंक जुटाने और शीर्ष तीन में जगह बनाने की दौड़ में बने रहने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मजबूती से वापसी करनी होगी। उंगली में चोट के कारण अर्जेंटीना के खिलाफ पिछले मैच में नहीं खेल पाने वाले भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह इस बात से अच्छी तरह से वाकिफ हैं कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच कितना महत्वपूर्ण है। हरमनप्रीत ने कहा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण होगी, क्योंकि इससे न केवल हमें महत्वपूर्ण अंक हासिल करने में मदद मिलेगी, बल्कि टीम को जीत की लय भी मिलेगी। उन्होंने कहा पिछले चार मैचों में हमारे कुछ मुकाबले करीबी रहे हैं, लेकिन हमें हार का सामना करना पड़ा। हम इसे बदल कर जीत हासिल करना चाहते हैं। नीदरलैंड के खिलाफ भारतीय टीम पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने के लिए संघर्ष करती रही और उसने अंतिम क्षणों में गोल भी खाए। अर्जेंटीना के खिलाफ भारतीय रक्षा पंक्ति का प्रदर्शन बेहद खराब रहा जिसके कारण टीम को पराजय झेलनी पड़ी। भारत को पेनल्टी कॉर्नर हासिल करने में भी संघर्ष करना पड़ा और अर्जेंटीना के आठ की तुलना में वह केवल तीन पेनल्टी कॉर्नर ही हासिल कर सका।


भारतीय हॉकी टीम। ● एजेंसी (फाइल फोटो)

### भारतीय महिला हॉकी टीम को प्रो लीग के यूरोपीय चरण में मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद

**लंदन :** अपनी कमजोरियों को दूर करने के लिए कड़ी मेहनत करने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम प्रो लीग के यूरोपीय चरण में बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी, जिसकी शुरुआत शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले मैच से होगी। भारतीय टीम फिलहाल नौ अंकों के साथ तालिका में छठे स्थान पर चल रही। भारत 14 और 15 जून को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने के बाद 17 और 18 जून को अर्जेंटीना के खिलाफ दो मैच खेलेगा। टीम इसके बाद 19 जून को एंटवर्प जाएगी जहां उसे बेल्जियम के खिलाफ दो मैच खेलने हैं। ये मैच 21 और 22 जून को खेले जाएंगे। इसके बाद यूरोपीय चरण का समापन बर्लिन में 28 और 29 जून को चीन के खिलाफ मैच के साथ होगा। मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, हमने हर विभाग में काम किया है। मैं जिन दो क्षेत्रों पर ज्यादा ध्यान दे रहा हूं वह हैं गोलकीपिंग और ड्रैग फ्लिकिंग।

# भारत जूनियर महिला हॉकी विश्व कप के ग्रुप सी में

**लुसाने (स्विट्जरलैंड), एजेंसी**

भारत को इस साल दिसंबर में चिली के सैंटियागो में होने वाले एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप में जर्मनी, आयरलैंड और नामीबिया के साथ पूल सी में रखा गया है। प्रत्येक दो साल में आयोजित किए जाने वाले इस टूर्नामेंट में 24 टीमें भाग लेंगी। चार-चार टीमों के छह पूल होंगे, जिसमें पांच बार के चैंपियन नीदरलैंड को पूल ए में तथा दो बार के विजेता अर्जेंटीना को पूल बी में रखा गया है।

यह टूर्नामेंट एक से 13 दिसंबर तक खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता को पिछली बार 2023 में सैंटियागो में ही आयोजित किया गया था जिसमें 16 टीम ने हिस्सा लिया था। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) की शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया चिली के सैंटियागो में आज आयोजित ड्रा समारोह के अवसर पर एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2025 के छह पूल निर्धारित किए गए हैं।

**पूल ए :** नीदरलैंड, जापान, चिली, मलेशिया

**पूल बी :** अर्जेंटीना, बेल्जियम, जिम्बाब्वे, वेल्स

**पूल सी :** जर्मनी, भारत, आयरलैंड, नामीबिया

**पूल डी :** इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, चीन, ऑस्ट्रिया;

**पूल ई :** ऑस्ट्रेलिया, स्पेन, कनाडा, स्कॉटलैंड;

**पूल एफ :** अमेरिका, कोरिया, न्यूजीलैंड, उरुग्वे।

# भारत और चीन हवाई सेवा पुनः शुरू करने पर सहमत

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेइदोंग के साथ बातचीत की और इस दौरान दोनों पक्षों ने भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की समीक्षा एवं जन-केंद्रित सहभागिता को प्राथमिकता देते हुए संबंधों को स्थिर और पुनःनिर्मित करने पर सहमति व्यक्त की।

विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह बैठक गुरुवार को हुई और दोनों पक्षों ने दोनों देशों के बीच सीधी हवाई सेवाएं फिर से शुरू करने के लिए आवश्यक उपायों में तेजी लाने पर भी सहमति जताई। मिसरी ने इससे पहले 27 जनवरी को बीजिंग में सुन के साथ बातचीत की थी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि सुन 12-13 जून को भारत की यात्रा पर यहां आए हैं। गुरुवार को हुई बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने 27 जनवरी, 2025 को बीजिंग में अपनी पिछली बैठक के बाद से भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों में हुए विकास की समीक्षा की और लोगों को ध्यान में रखते हुए संबंधों को स्थिर बनाने और उनका पुनर्निर्माण करने पर सहमति जताई।

विदेश सचिव ने इस साल कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने में चीनी पक्ष के सहयोग की सराहना की।



● विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेइदोंग के साथ की बातचीत

## निविदा में कथित अनियमितता में कई राज्यों में छापेमारी

**नई दिल्ली।** बिहार में राज्य सरकार की निविदा में कथित अनियमितताओं के संबंध में ठेकेदार-नौकरशाह गठजोड़ से जुड़े धन शोधन मामले की जांच में प्रवर्तन निदेशालय ने कई राज्यों में छापेमारी की।

संघीय जांच एजेंसी ने कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत पटना स्थित ठेकेदार रिशु श्री से जुड़े मामले में गुरुवार को पटना और मुजफ्फरपुर (बिहार), सूरत (गुजरात) और पानीपत (हरियाणा) में नौ स्थानों पर छापेमारी की गई। ठेकेदार से जुड़े लोगों और ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ की गई छापेमारी के दौरान अपराध से जुड़े कई सबूत और दस्तावेज जब्त किए गए। मामला बिहार सरकार की विशेष सतर्कता इकाई (सीवीयू) द्वारा रिशु श्री और अन्य के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी से संबद्ध है।

# डीएनए जांच पहचान, प्रक्रिया और कानूनी महत्व

डीएनए जांच एक वैज्ञानिक तकनीक है, जो किसी व्यक्ति के डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड (डीएनए) का विश्लेषण करके उसकी पहचान करने में सहायक होती है। यह जांच खासतौर पर तब अहम हो जाती है जब पारंपरिक तरीकों से पहचान संभव नहीं होती, जैसे कि जले हुए, सड़ चुके या बुरी तरह विकृत शवों की पहचान के मामलों में। गुरुवार को अहमदाबाद में हुई हवाई दुर्घटना में कई शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गए, जिनकी पहचान केवल डीएनए जांच के जरिए ही संभव है। इस तरह की आपदाओं में परिजनों को शव सौंपने, कानूनी अधिकार सुनिश्चित करने और मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के लिए डीएनए जांच निर्णायक भूमिका निभाती है। इसके साथ ही, यह जांच न्यायिक प्रक्रियाओं में भी सबूत के तौर पर प्रयोग होती है।



### कानूनी पहलू

- भारत में डीएनए तकनीक का उपयोग फोरेंसिक साक्ष्य के रूप में किया जाता है। द डीएनए टेक्नोलॉजी (यूज एंड रेगुलेशन) बिल, 2019 इस दिशा में महत्वपूर्ण पहल है, जो जांच की प्रक्रिया और व्यक्तिगत डेटा की गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया है। इस कानून के तहत डीएनए डेटा बैंक स्थापित करने और उसके नियमन की भी व्यवस्था है।

### जांच की जरूरत

- गंभीर दुर्घटनाओं में जब शव की शिनाख्त संभव न हो। आपराधिक मामलों में अपराधी की पहचान के लिए। परिवारिक विवादों में, जैसे पितृत्व/मातृत्व की पुष्टि हेतु। लापता व्यक्ति के मामलों में। अवैध पहचान या धोखाधड़ी को उजागर करने हेतु।

### क्या है डीएनए जांच

- डीएनए जांच एक जैविक प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से किसी व्यक्ति के शरीर की कोशिकाओं से लिए गए नमूने (जैसे बाल, खून, त्वचा या हड्डी) में मौजूद डीएनए का विश्लेषण किया जाता है। हर व्यक्ति का डीएनए लगभग अद्वितीय होता है, जिससे उसकी सटीक पहचान संभव होती है।

### जांच की प्रक्रिया

- डीएनए जांच में पहले व्यक्ति या शव से जैविक नमूना (जैसे खून, बाल, लार या हड्डी) लिया जाता है। प्रयोगशाला में इस नमूने से डीएनए निकाला जाता है और उसे शुद्ध किया जाता है। फिर पीसीआर तकनीक द्वारा डीएनए को बढ़ाया जाता है। एसटीआर तकनीक से डीएनए प्रोफाइल तैयार की जाती है। यह प्रोफाइल संदिग्ध या रिश्तेदार के डीएनए से मिलाई जाती है। अगर दोनों प्रोफाइल मेल खाती हैं तो पहचान की पुष्टि होती है। अंत में जांच रिपोर्ट तैयार कर संबंधित एजेंसी या न्यायालय को सौंप दी जाती है।

### डीएनए संग्रह और डेटाबेस

कई देशों में अपराधियों के डीएनए का संग्रह किया जाता है और उन्हें डेटाबेस में डाला जाता है। किसी अपराध स्थल पर डीएनए मिलता है तो डेटाबेस में उसकी तुलना की जाती है और इससे अपराधी की पहचान होने में मदद मिलती है।

### परिवार का पता लगाना

डीएनए जांच का उपयोग अब पारिवारिक उत्पत्ति का पता लगाने के लिए भी किया जाता है। यह जीनोम की संरचना और ऐतिहासिक आनुवंशिकी का अध्ययन करता है, जिससे लोग अपने पूर्वजों और जातीयता का पता लगा सकते हैं।

### अहमदाबाद हवाई दुर्घटना में भूमिका

गुरुवार को अहमदाबाद में हुई हवाई दुर्घटना में कई शव इतने क्षत-विक्षत हैं कि उनकी पहचान आंखों से या दस्तावेजों से संभव नहीं। ऐसे में डीएनए जांच ही एकमात्र तरीका है जिससे पीड़ितों की सही पहचान हो सकती है। इस जांच से परिजनों को मृतकों का अंतिम संस्कार करने, बीमा आदि में भी निर्णायक होगी।

## एक नजर

### रेको दिक के लिए पाकिस्तान को मिले 70 करोड़ डॉलर

**इस्लामाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (आईएफसी) और विश्व बैंक ने पाकिस्तान की प्रमुख खनन एवं संसाधन विकास योजना के लिए 70 करोड़ डॉलर के रियायती ऋण को मंजूरी दी है। रेको दिक परियोजना को बलूचिस्तान प्रांत में अंजाम दिया जाएगा, जिसे देश के खनिज समृद्ध क्षेत्र के रूप में जाना जाता है। समाचार पत्र की खबर के अनुसार, ऋणदाताओं द्वारा यह मंजूरी पाकिस्तान के लिए एक महत्वपूर्ण जीत मानी जा रही है। इस मंजूरी के परिणामस्वरूप निजी क्षेत्र से पाकिस्तान को अपनी सबसे महत्वपूर्ण पहल में से एक 'रेको दिक' परियोजना में 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश मिलने की उम्मीद है। बैरिक गोल्ड, पाकिस्तान तथा बलूचिस्तान सरकार के पास संयुक्त रूप से इस परियोजना का स्वामित्व है।

### टैगोर के पैतृक आवास में तोड़फोड़ में पांच गिरफ्तार

**ढाका।** नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के बांग्लादेश स्थित पैतृक आवास में तोड़फोड़ में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि तोड़फोड़ की घटना में टैगोर से जुड़ी किसी वस्तु को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। रविवार को हुई तोड़फोड़ के बाद रवींद्र कचहरीबाड़ी या रवींद्र स्मारक संग्रहालय बंद कर दिया गया था। शुक्रवार को इसे आगंतुकों के लिए फिर से खोल दिया गया। कचहरीबाड़ी सिराजगंज जिले में स्थित टैगोर परिवार का पैतृक आवास और राजस्व कार्यालय है। रवींद्रनाथ के दादा द्वारकानाथ टैगोर ने यह परिसर 1840 में खरीदा था। रवींद्रनाथ ने यहां अपनी कई उल्लेखनीय साहित्यिक कृतियां लिखी थीं।

### मंगोलिया के साथ अभ्यास भारत की रक्षा कूटनीति

**नई दिल्ली।** रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने मंगोलियाई सेना के साथ सैन्य अभ्यास नोमैडिक एलीफेंट और बहुराष्ट्रीय अभ्यास खान क्वेस्ट को भारत की बढती रक्षा कूटनीति का प्रतीक बताया है। श्री सिंह ने शुक्रवार को मंगोलिया के उलानबटार में भारत-मंगोलिया संयुक्त सैन्य अभ्यास नोमैडिक एलीफेंट के समापन अवसर पर यह बात कही। समारोह में सेना के 'ऑपरेशनल लॉजिस्टिक्स और स्ट्रैटेजिक मूवमेंट' के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह भी थे। रक्षा सचिव ने नोमैडिक एलीफेंट अभ्यास के दौरान भारतीय सैनिकों की पेशेवर कुशलता, कर्तव्य के प्रति समर्पण और आचरण की सराहना की।

### पाकिस्तान में जांच चौकी पर हमला, दो की मौत

**पेशावर।** उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान स्थित एक जांच चौकी पर किए गए हमले में कम से कम दो सुरक्षा कर्मी मारे गए और सात अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में कुर्रम जिले के सीमावर्ती शहर हुसैन मेला में जांच चौकी पर आतंकवादियों ने बृहस्पतिवार रात अचानक हमला कर दिया। अधिकारियों ने दावा किया है कि अफगानिस्तान के नांगरहार प्रांत से कुर्रम जिले में घुसपैठ कर आतंकवादी यहां पहुंचे थे।

### चीन ने की दोहरा मापदंड रखने की बात खारिज

**बीजिंग।** चीन ने शुक्रवार को पाकिस्तान के साथ अपने घनिष्ठ संबंधों के कारण आतंकवाद से निपटने में अपनी ओर से कोई भी अस्पष्टता या दोहरा मापदंड रखने की बात खारिज करते हुए कहा कि इस खतरे से निपटना अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की साझा जिम्मेदारी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा, मैं इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि आतंकवाद से निपटने में चीन का रुख पहले की तरह तथा स्पष्ट है। लिन ने कहा कि आतंकवाद मानवता का साझा दुश्मन है और इससे लड़ना अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की साझा जिम्मेदारी है।

# ईरान-इजराइल संघर्ष से घबराए भारतीय छात्र

## छात्रों ने भारत सरकार से निकासी की व्यवस्था करने का किया आग्रह, तेहरान के हवाई क्षेत्र बंद और उड़ानें निलंबित

नई दिल्ली, एजेंसी

ईरान की राजधानी तेहरान के पास प्रमुख सैन्य और परमाणु स्थलों को निशाना बनाकर किए इजराइली हवाई हमलों के बाद वहां पढ़ रहे भारतीय छात्रों ने अपनी सरकार से निकासी की अपील की है।

तेहरान यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज (टीयूएमएस) में कश्मीर की एमबीबीएस की द्वितीय वर्ष की छात्रा तबिया जहरा ने बताया, अभी स्थिति शांत है और हम सुरक्षित हैं, लेकिन हमें डर लग रहा है। हमला सुबह 3:30 बजे शुरू हुआ। यह चिंताजनक अनुभव था। जहरा ने कहा कि विवि के अधिकारियों ने छात्रों से मुलाकात की और उन्हें शांत रहने की सलाह दी, लेकिन उन्होंने स्पष्ट नहीं किया कि कौन से क्षेत्र सुरक्षित हैं। उन्होंने सुरक्षा स्थिति के बारे में अनिश्चितता और इंटरनेट व्यवधान के कारण सीमित संचार पहुंच का हवाला देते हुए भारत सरकार से निकासी की व्यवस्था करने का आग्रह किया।

उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ की छात्रा अलीशा रिजवी ने कहा, दूतावास ने हमें आपातकालीन उद्देश्यों के लिए अपने स्थानीय पते और संपर्क विवरण ईमेल करने के लिए कहा है। वे निकासी की आवश्यकता होने पर आंकड़े एकत्र करने का प्रयास कर रहे हैं। दोनों छात्रा साढ़े पांच वर्षीय एमबीबीएस के द्वितीय वर्ष में हैं। ये लोग 2023 में तेहरान थे। उन्होंने पुष्टि की कि हमलों के बाद तेहरान के हवाई क्षेत्र बंद कर दिए गए हैं और इमाम खुमैनी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ानें निलंबित हैं। ईरान में गुरुवार देर रात तनाव उस वक्त बढ़ गया जब इजराइल ने ईरान में कई स्थानों को निशाना बनाकर हवाई हमले किये, जिसमें नतांज में तेहरान की मुख्य परमाणु संवर्धन सुविधा, रडार स्टेशन और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल साइट शामिल थीं। जम्मू और कश्मीर छात्र संघ ने विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर को पत्र लिखकर ईरान में पढ़ रहे भारतीय छात्रों, विशेष रूप से जम्मू और कश्मीर के छात्रों की सहायता के लिए तत्काल हस्तक्षेप का अनुरोध किया है। पत्र में, संघ ने उभरती सुरक्षा स्थिति पर कहा कि कई भारतीय छात्र रणनीतिक स्थलों के पास स्थित विश्वविद्यालयों में नामांकित हैं। जम्मू और कश्मीर छात्र संघ के राष्ट्रीय संयोजक नासिर खुहमी ने कहा कि कई छात्रों ने हवाई हमले के सायरन सुनने और झटके महसूस करने की सूचना दी है। हमें छात्रों और उनके परिवारों से सहायता का अनुरोध करते हुए कॉल आ रहे हैं।



इज़रायली हमलों से तेहरान के आवासीय परिसर में हुए विस्फोट के बाद घटनास्थल की सफाई करते अग्निशमन कर्मी और लोग।

### छात्रों को लेकर भारत चिंतित

इजराइल में कुछ महीनों में 12 हजार भारतीयों को काम के लिए भेजा गया है। इजराइल में 18-20 हजार भारतीय हैं। इनमें कई छात्र हैं। ईरान में भी 10 हजार से ज्यादा भारतीय हैं। इनको सुरक्षा देने की चिंता भारत की है। भारत के बयान से यह साफ है।

### चाबहार की प्रगति मुश्किल में

ईरान के चाबहार पोर्ट का निर्माण भारत की कूटनीतिक जरूरतों के हिसाब से महत्वपूर्ण है। पिछले हफ्ते नई दिल्ली में भारत व मध्य एशियाई वार्ता हुई है, जिसमें तजाखस्तान, तुर्कमेनिस्तान, उज्बेकिस्तान, ताजिकिस्तान और किर्गिस्तान के विदेश मंत्री आए हुए थे। ईरान व इजरायल के बीच युद्ध से यह योजना फिलहाल खटाई में पड़ सकती है।

### ईरान पर अप्रैल में ही थी हमले की योजना : नेतन्याहू



**यरूशलम।** इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने खुलासा किया कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम के खिलाफ बड़े पैमाने पर सैन्य हमलों की अनुमति छह महीने पहले नवंबर 2024 में दे दी गई थी और शुरू में इन्हें अप्रैल 2025 के लिए निर्धारित किया गया था। इन हमलों को ऑपरेशन राइजिंग लॉयन नाम दिया गया है। हिब्रू में रिकॉर्ड किए भाषण में प्रधानमंत्री ने नागरिकों को ऑपरेशन के बारे में जानकारी दी है। वहीं नेतन्याहू ने हमलों के लिए अंतर्राष्ट्रीय समर्थन जुटाने के कूटनीतिक प्रयास के तहत कई वैश्विक नेताओं से बात की। इजराइली प्रधानमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बयान अनुसार कल रात से अब तक नेतन्याहू ने जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों सहित कई वैश्विक नेताओं से बात की है। वह अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप, रूसी राष्ट्रपति पुतिन और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर से बात करेंगे। वैश्विक नेताओं ने ईरान की धमकी के मद्देनजर इजराइल की रक्षा जरूरतों के प्रति समझ दिखाई है।

### इजराइल को कड़ी सजा दी जाएगी: खामनेई



**यरुशलम।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई ने शुक्रवार को कहा कि उनके देश पर हमले के लिए इजराइल को कड़ी सज़ा दी जाएगी। ईरान की सरकारी सामाचार एजेंसी आईआरएनए ने खामनेई के बयान को जारी किया। इसने पुष्टि की कि हमले में सेना के शीर्ष अधिकारी और वैज्ञानिक मारे गए हैं। खामनेई ने कहा कि उनके देश में हुए इस अपराध में इजराइल के शैतानी और रक्त-रंजित हाथ शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इजराइल ने आवासीय इलाकों पर हमला करके अपनी दुर्भावनापूर्ण प्रकृति को उजागर किया है।

## ईरान की कार्रवाई पर अमेरिकी युद्धपोत पश्चिम एशिया रवाना



**वाशिंगटन।** इजराइल द्वारा ईरान के ठिकानों पर किये गए हमले के बाद खाड़ी देश की ओर से जवाबी कार्रवाई किये जाने की आशंका के मद्देनजर अमेरिका अपने युद्धपोतों सहित सैन्य संसाधनों को पश्चिम एशिया की ओर स्थानांतरित कर रहा है। अमेरिका के दो अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। नौसेना ने विध्वंसक पोत यूएसएस थॉमस हडनर को पूर्वी भूमध्य सागर की ओर बढ़ने का निर्देश दिया है तथा दूसरे विध्वंसक पोत को भी आगे बढ़ने का निर्देश दिया गया है, ताकि व्हाइट हाउस द्वारा अनुरोध किए जाने पर वे उपलब्ध हो सकें। पश्चिम एशिया में आम तौर पर 30,000 अमेरिकी सैनिक तैनात रहते हैं।

### युद्ध क्षेत्रों में इजराइली सेना तैनात

**दुबई।** इजराइल की सेना ने कहा कि उसने पूरे देश में सभी युद्ध क्षेत्रों में सैनिकों को तैनात करना शुरू कर दिया है, क्योंकि ईरान पर उसका हमला जारी है और वह जवाबी कार्रवाई को तैयार है। वह रक्षा और आक्रमण की तैयारी के तहत कई सैन्य इकाइयों से रिजर्व सैनिकों को बुला रही है।

### द्विपक्षीय मुद्दों में तीसरे का हस्तक्षेप अव्यावहारिक :जयशंकर

**मार्सिले (फ्रांस)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि दो देश किसी मुद्दे में हस्तक्षेप स्वीकार करने को तैयार न हों, तो किसी तीसरे पक्ष का खुद को उसमें शामिल करना या कुछ करने की पेशकश अव्यावहारिक है। जयशंकर यहां पैनल चर्चा में बोल रहे थे। ईरान पर इजराइल के हमले के संदर्भ में पश्चिम एशिया में स्थिति में भारत की संभावित भूमिका पर उन्होंने कहा, भारत क्या कर सकता है? हमारे इजराइल और ईरान दोनों से अच्छे संबंध हैं। कई देशों की तरह हमने भी बयान जारी किया है।

# आप्रवासियों पर कार्रवाई के खिलाफ अमेरिका में प्रदर्शन

ऑस्टिन, एजेंसी

● आव्रजन एवं सीमाशुल्क प्रवर्तन एजेंसी का कर रहे विरोध

अमेरिका में आप्रवासियों के खिलाफ हो रही कार्रवाई के विरुद्ध पूरे देश में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इस सप्ताह के अंत में राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ बड़े पैमाने पर होने वाले विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर कई शहरों में अधिकारियों ने कमर कस ली है।

आव्रजन एवं सीमाशुल्क प्रवर्तन एजेंसी के खिलाफ हो रहे कई विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे हैं, हालांकि कुछ जगहों पर प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प की खबरें आई हैं। इस सिलसिले में सैंकड़ों लोगों को गिरफ्तार किया गया है। लॉस एंजिलिस में अधिकारी आप्रवासन कानूनों को लागू करने के लिए तेजी से कदम उठा रहे हैं, जिसके खिलाफ हो रहे विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर ट्रंप ने लॉस एंजिलिस में नेशनल गार्ड के 4000 सैनिकों और 700 नौसैनिकों को तैनात करने का आदेश दिया है। संघीय न्यायाधीश के उस आदेश पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी है, जिसमें ट्रंप से कहा गया था कि वह नेशनल गार्ड के सैनिकों की तैनाती का अधिकार कैलिफॉर्निया को वापस करें। न्यायाधीश ने कहा था कि सैनिकों की तैनाती अवैध है। व्हाइट हाउस ने कहा कि इससे हमारे बहादुर संघीय अधिकारियों के सामने खतरा पैदा होगा।

# ब्रिटेन, पुर्तगाल और कनाडा के विदेश मंत्रियों के संपर्क में जयशंकर

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि वह अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना के संबंध में ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी और अपने कनाडाई तथा पुर्तगाली समकक्षों के संपर्क में हैं। एअर इंडिया ने पुष्टि की है कि विमान में सवार 241 लोग दुर्घटना में मारे गए। एक व्यक्ति बच गया है और उसका इलाज चल रहा है।

विदेश मंत्री जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर किए एक पोस्ट में कहा, अहमदाबाद विमान दुर्घटना के संबंध में ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी, पुर्तगाल के विदेश मंत्री पाउलो रेंजेल और कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद के संपर्क में हैं। इस दुख की घड़ी में अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और पूरे सहयोग का आश्वासन दिया।

## अहमदाबाद विमान हादसा



### सिंगापुर, जापान और चीन ने व्यक्त की संवेदना

**सिंगापुर/तोक्यो/बीजिंग।** कई देशों के प्रधानमंत्रियों ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजकर विमान हादसे में मारे गए लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने अहमदाबाद में हुए दुखद विमान हादसे में मारे गए लोगों के परिवारों और प्रियजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा है। सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन ने भी विदेश मंत्री एस जयशंकर को शोक पत्र भेजा है। जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने अहमदाबाद में एअर इंडिया के विमान की दुर्घटना में मारे गए लोगों के प्रति शोक व्यक्त किया। इशिबा ने प्रधानमंत्री मोदी को भेजे शोक संदेश में कहा कि दुर्घटना में कई लोगों की जान जाने की खबर सुनकर उन्हें गहरा दुख हुआ है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी को संदेश भेजकर विमान दुर्घटना से हुए जानमाल के नुकसान पर संवेदना व्यक्त की।

### भारतीय मूल की दंत चिकित्सक निराली हादसे में जान गंवाने वाली एकमात्र कनाडाई नागरिक

**ओटावा।** अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में जान गंवाने वालों में भारतीय मूल की दंत चिकित्सक निराली पटेल भी हैं, जोकि इस उड़ान में एकमात्र कनाडाई नागरिक थीं। सीटीवी न्यूज टोरंटो ने बताया कि टोरंटो के एटोबिकोक में रहने वाली 32 वर्षीय निराली पटेल भारत में सामाजिक यात्रा से कनाडा वापस जा रही थीं, लेकिन दुर्घटना का शिकार हो गईं। इसमें कहा गया कि निराली के पति अपने एक वर्षीय बच्चे के साथ भारत जाने की योजना बना रहे हैं। निराली चार या पांच दिन के लिए भारत आई थीं।

### गूगल होमपेज पर दुर्घटना में जान गंवाने वालों की याद में काला फीता किया गया प्रदर्शित

**नई दिल्ली।** इंटरनेट क्षेत्र की दिग्गज कंपनी गूगल ने अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में जान गंवाने वालों के प्रति शोक व्यक्त करते हुए अपने सर्च इंजन के होमपेज पर काले फीते की तस्वीर प्रमुखता से दर्शाई है। इस तस्वीर को सर्च बार के ठीक नीचे रखा गया है। फीते की छवि पर माउस घुमाने पर एक संदेश दिखाई देता है, विमान दुर्घटना में दिवंगत लोगों की याद में। अहमदाबाद हवाई अड्डे के निकट दुर्घटनाग्रस्त हुए इस विमान में 169 भारतीयों के अलावा 53 ब्रिटिश, एक कनाडाई और सात पुर्तगाली नागरिक सवार थे।

संयुक्त राष्ट्र महासभा — स्पेन ने पेश किया प्रस्ताव, 19 देशों ने मतदान से किया परहेज जबकि 12 देश रहे खिलाफ

# गाजा में युद्धविराम के प्रस्ताव से भारत का किनारा

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र महासभा में गाजा में तत्काल, बिना शर्त और स्थायी युद्धविराम की मांग वाले मसौदा प्रस्ताव पर मतदान से भारत ने परहेज किया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में स्पेन द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर मतदान हुआ। इस प्रस्ताव में तत्काल, बिना शर्त तथा स्थायी युद्धविराम और हमास तथा अन्य समूहों द्वारा बंधक बनाए गए सभी लोगों की तत्काल तथा बिना शर्त रिहाई की मांग की गई।

भारत समेत 19 देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया, जबकि 12 देशों ने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया और पक्ष में 149 वोट पड़े। 'नागरिकों की सुरक्षा और कानूनी एवं मानवीय दायित्वों को कायम रखना' शीर्षक वाले प्रस्ताव पर मतदान की व्याख्या में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने कहा कि यह प्रस्ताव गाजा में बिगड़ती मानवीय स्थिति की पृष्ठभूमि में लाया गया है। उन्होंने कहा कि भारत गहराते मानवीय संकट से बहुत चिंतित है और नागरिकों की मौत की घटना की निंदा करता है।

हरीश ने कहा कि भारत पहले भी इजराइल-फलस्तीन मुद्दे पर प्रस्तावों से दूर रहा है। उन्होंने कहा कि आज मानना है कि संघर्षों को बातचीत और कूटनीति से ही हल किया जा सकता है। दोनों पक्षों को करीब लाने के लिए एक संयुक्त प्रयास किया जाना चाहिए। इन कारणों से हम इस प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहेंगे। प्रस्ताव में मांग की गई कि इजराइल तुरंत नाकाबंदी खत्म करे, सभी सीमा पार मार्ग खोले और यह सुनिश्चित करे कि अंतरराष्ट्रीय कानून और मानवीय सिद्धांतों के तहत दायित्वों के अनुरूप गाजा पट्टी में फलस्तीनी नागरिकों तक तुरंत और बड़े पैमाने पर सहायता पहुंचाई जाए।



### पश्चिम एशिया में तनाव से फलस्तीन मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन स्थगित

**पेरिस।** इजराइल और फलस्तीन के लिए द्वि-राष्ट्र समाधान पर अगले हफ्ते प्रस्तावित संयुक्त राष्ट्र के महत्वपूर्ण सम्मेलन को पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के मद्देनजर स्थगित कर दिया गया है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने यह जानकारी दी। फ्रांस और सऊदी अरब को 17 से 20 जून तक न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा की ओर से आयोजित किए जाने वाले उच्च-स्तरीय सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करनी थी। मैक्रों उन नेताओं में हैं, जिन्हें इस सम्मेलन में हिस्सा लेना था। फलस्तीनी प्राधिकरण को उम्मीद थी कि यह सम्मेलन लंबे समय से बंद पड़ी शांति प्रक्रिया को बहाल करने में मददगार साबित होगा।

# न्याय प्रक्रिया पर दबाव डालने की इजाजत नहीं दे सकते : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक वादी द्वारा बार-बार याचिका दायर करने पर उसे फटकार लगाई। साथ ही उद्योगपति मुकेश अंबानी तथा उनके परिवार के सदस्यों को प्रदान की गई 'जेड प्लस' सुरक्षा वापस लेने के अनुरोध वाली उसकी याचिका खारिज कर दी। न्यायालय ने कहा कि न्याय प्रक्रिया पर दबाव डालने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और मनमोहन की आंशिक कार्य दिवस वाली पीठ ने याचिकाकर्ता विकास साहा को इस मुद्दे पर एक के बाद एक तुच्छ और परेशान करने वाली याचिकाएं दायर करने के लिए चेतावनी दी और कहा कि यदि वह भविष्य में ऐसी याचिकाएं दायर करते हैं तो अदालत उन पर जुर्माना लगाने के लिए बाध्य होगी।

साहा ने निस्तारित याचिका में एक आवेदन दायर कर फरवरी 2023 के आदेश के बारे में स्पष्टीकरण मांगा था, जिसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रमुख और उनके परिवार के सदस्यों की सुरक्षा रद्द करने की उनकी याचिका को इस आधार पर खारिज कर दिया गया था कि इस मामले में उनका कोई अधिकार नहीं है। न्यायमूर्ति मनमोहन ने साहा के वकील से कहा, न्याय प्रक्रिया पर दबाव डालने की इजाजत नहीं दी जा सकती। ऐसा मत कीजिए। यह बहुत गंभीर मुद्दा है और हम आपको चेतावनी दे रहे हैं। ऐसा मत सोचिए कि यहां कोई सोने की खान है जिसे छीना जा सकता है और हम आपकी प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए यहां हैं। यह एक पवित्र चीज है, चाहे वह कोई राजनीतिक व्यक्ति हो या कोई व्यवसायी, राज्य को जो भी एहतियात बरतना होगा, वह करेगा। पीठ ने वकील से भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट यह निर्णय नहीं कर सकता कि किसे क्या सुरक्षा दी जानी है तथा यह केवल केंद्र और राज्य का काम है, जो विभिन्न एजेंसियों द्वारा विश्लेषण किए गए खतरे पर निर्णय लेते हैं कि क्या एहतियाती कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

● अंबानी परिवार को जेड प्लस सुरक्षा दिए जाने के खिलाफ दायर याचिका की खारिज

